सुप्रभात
रांची, मंगलवार
15.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया/तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 270 | 12

हिंदू समाज की एकता व समानता...

## न्यूज डायरी

### लूट की छूट पर हमला है नया वक्फ : नकवी

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि लश्करे लूट की लंपट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ संशोधन एक्ट। सोमवार को पत्रकारों के वक़्फ पर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि चोट लश्करे तबाही पर चीख लश्करे तुष्टीकरण की निकल रही है, जिनके लूट लाइसेंस की नाकेबंदी पर लूटसाहबों की लामबंदी इस बात का प्रमाण है।

### दुमका में दंपति की चाकू घोपकर हत्या

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से सनसनी फैल गयी है। पहाड़पुर गांव में एक दंपती की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी है। मृतक की पहचान मोहन सोरेन और पत्नी बोरोनिका हेंब्रम के रूप में हुई है। घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं। मृतक दंपति मामा के घर रहता था। जमीन संबंधी विवाद में वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका जतायी जा रही है।

### सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गयी है, जिसमें अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात अज्ञात शख्स ने कही है। अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है।

### हफीजुल को कैबिनेट से हटायें सीएम: मरांडी

**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल हसन के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने शरीयत कानून को भारतीय संविधान से ऊपर बताया है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजूल हसन को बर्खास्त करना चाहिए।

### टाइगर जयराम ने लोगों पर बरसाये फूल

**गिरिडीह।** लोकास्था का महापर्व भोक्ता पर्व गिरिडीह और बोकारो के कई गांवों में मना। डुमरी विस क्षेत्र के चपरी (बोकारो जिला) में भी यह पर्व आस्था के साथ मना। यहां झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख सह डुमरी विधायक जयराम महतो भी शामिल हुए। उन्होंने यहां झूलन के रिवाज को भी पूरा किया। वे कई फीट ऊंचाई पर बने झूला में झूले भी और लोगों के ऊपर पुष्प की वर्षा भी की।

### चार लाख जाली नोट के साथ दो गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जीआरपी थाना बरहरवा ने चार लाख बारह हजार रुपये जाली नोट के साथ पंजाब के तीर्थ सिंह और इंद्रप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस बाबत सोमवार को थाना अवर निरीक्षक बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि धनबाद एसपी से मिली गुप्त सूचना के आलोक में सभी पुलिस पदाधिकारी अलर्ट हो गए और संदेह के आधार पर उक्त दोनों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ठीक से जवाब नहीं देने पर इनके बैग की तलाशी ली गयी।




## झामुमो महाधिवेशन : असम, ओड़िशा, बंगाल तक विस्तार का ऐलान

# राज्य में नहीं लागू होगा वक्फ कानून

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन के पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति, वक्फ कानून में संशोधन का विरोध, निजी क्षेत्र में स्थानीय के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड, राज्य समेत पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है। साथ ही परिसीमन का विरोध का जिक्र है। इसके साथ ही झामुमो का असम, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल तक विस्तार का ऐलान किया गया। वक्फ संशोधन अधिनियम पर विरोध जताते हुए कहा गया कि इससे अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। भूमि राज्य का विषय है, लेकिन केंद्र ने वक्फ संशोधन से पहले राज्य से सलाह नहीं ली। धर्म और जाति के नाम पर आतंक का वातावरण बनाया जा रहा है। झारखंड में इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए।

**जीवन-जीविका को सर्वोच्च प्राथमिकता :** पार्टी का 13वां दो दिवसीय महाधिवेशन की शुरुआत सोमवार को केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में खेलगांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम प्रांगण में हुई। यह महाधिवेशन बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समर्पित है। स्वागत संबोधन में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद झामुमो ने यह मुकाम हासिल किया है। अब पार्टी का लक्ष्य कई राज्यों में विस्तार भी शामिल है। झारखंड के कोने-कोने तक बदलाव लाना है। हम जीवन और जीविका की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य अलग होने के बाद कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गयी, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पीड़ित, शोषित लोगों ने उत्पीड़न से तंग आकर वर्ष 2019 में डबल इंजन की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। श्री सोरेन ने कहा कि अब अबुआ सरकार आम लोगों के हित में काम कर रही है। आदिवासियों-मूलवासियों को उनका अधिकार दे रही है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। (पेज 2 भी देखें)

## राजनीतिक प्रस्ताव में सरना धर्मकोड, जाति जनगणना का जिक्र



### खराब सेहत के बाद भी पहुंचे गुरुजी

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन खराब स्वास्थ्य के बावजूद इस कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री खुद अपने माता-पिता को मोरहाबादी स्थित उनके आवास से साथ लेकर महाधिवेशन स्थल पर पहुंचे। महाधिवेशन में गांडेय विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, बंसत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

### निशाने पर भाजपा

झामुमो अध्यक्षीय समिति के सदस्य स्टीफन मरांडी ने कहा कि भाजपा ने हेमंत सोरेन के खिलाफ राजनीतिक कुचक्र रचे। सीबीआई, इडी और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। मनगढ़ंत आरोप लगाकर उन्हें राजभवन से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए काला अध्याय है। यह कार्रवाई संविधान और लोकतंत्र पर हमले के रूप में दर्ज रहेगी। महाधिवेशन में झारखंड के प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी, राज्य खजाने की स्थिति में सुधार और कोरोना काल में सरकार के प्रयासों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मॉडल देशभर में उदाहरण बना है।



### लोकसभा चुनाव का लक्ष्य

महाधिवेशन में यह भी तय हुआ कि पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर स्तर पर भाजपा की असमानता और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेगी। 56 विधायकों की एकता को भाजपा की 56 इंच वाली राजनीति पर तीर के तौर पर बताया गया। महाधिवेशन का समापन 15 अप्रैल को होगा।

### अब कई राज्यों पर झामुमो की नजर

महाधिवेशन में घोषणा की गयी कि झामुमो अब असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की सीटों पर भी अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ायेगा। असम में सूबे के प्रवासियों को संगठित कर चुनाव लड़ने की योजना है। झामुमो ने आदिवासी और मूलवासी समुदाय के भूमि अधिकारों की बात दोहराई। पार्टी ने जल, जंगल, जमीन पर समुदाय के अधिकार को फिर से रेखांकित किया और भूमि वापसी अधिनियम बनाने, जंगल में रहने वालों को स्थायी पप्ता देने और परिसीमन के विरोध का ऐलान किया। प्रस्तावित परिसीमन की आड़ में जनजातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की साजिश रची जा रही है।

## झारखंड के कई जिलों में आंधी-पानी से भारी तबाही

# रांची में ठनका की चपेट में आकर एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में सोमवार को तेज आंधी-पानी और आसमानी बिजली ने तबाही मचायी। आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त गये। इसी क्रम में रांची के डोरंडा बड़ा घाघरा में वज्रपात की चपेट में आकर अनूप कच्छप नामक एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मौसम विभाग ने कई जिलों में 15 और 16 को भी बारिश होने की बात कही है। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिन में मौसम साफ रहा। अचानक शाम से बादल छाने लगे और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी।



**ऑरेंज अलर्ट जारी :** मौसम विभाग के अनुसार 15 को झारखंड के दक्षिणी और इससे लगे हिस्सों में गर्जन, ओलावृष्टि, वज्रपात होने की भी आशंका है। इन जिलों में 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी कि गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों में पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा और कोडरमा जिला शामिल है।

**धनबाद में कई घरों में घुसा पानी :** कोयलांचल के धनबाद समेत कई इलाकों में शाम के तेज आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को काफी नुकसान हुआ है। आंधी-तूफान के कारण कई पेड गिर गये। वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। इस हादसे से इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी और लोयाबाद सात नंबर के सैकड़ों घर अंधेरे में तब्दील हो गया। दूसरी ओर, बारिश ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। भारी बारिश से कई घरों में पानी घुस गया है।

# राम मंदिर की तरह बनेगा तपोवन मंदिर, सीएम ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर रांची का ऐतिहासिक तपोवन मंदिर भी बनेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को इस भव्य मंदिर का शिलापूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय समेत कई गणमान्य मौजूद थे। सीएम ने विधि-विधान से शिला पूजन किया और उसे मंदिर निर्माण स्थल पर स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाया। समारोह के दौरान तपोवन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर भी पोस्ट शेयर किया। लिखा कि रांची में ऐतिहासिक श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में भूमि पूजन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुआ। (शेष पेज 11 पर)



मंदिर का शिलापूजन करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।

## चाईबासा पहुंचे डीजीपी, जवानों का हौसला बढ़ाया

# राज्य में नक्सल विरोधी अभियान और तेज होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। डीजीपी की अध्यक्षता में हुई इस उच्च स्तरीय समीक्षा में नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया। साथ ही अभियान और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर भी जोर दें। समीक्षा बैठक में सीआरपीएफ झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र रांची के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल विनुकांत होमकर, झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के पुलिस महानिरीक्षक अनुप बिरथरे आदि भी उपस्थित थे।



# बंगाल हिंसा का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

- अर्द्धसैनिक बलों पर पथराव, हिंसा के तार पीएफआइ और सिमी से जुड़े

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल के कई जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा का मामला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट के वकील शशांक शेखर झा ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने और सुप्रीम कोर्ट से इस जांच की निगरानी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लोगों की जान बचाने और आगे की हिंसा को रोकने के लिए भी कदम उठाने चाहिए।

वहीं अब मुर्शिदाबाद के बाद दक्षिण 24 परगना में भी हिंसा भड़क उठी है। पधर्शनकारियों ने अर्द्धसैनिकबलों पर जम कर पत्थर बरसाये। पुलिस के कई वाहन फूंक दिये। कई प्जवान घायल हुए हैं। हिंसा के चलते लोगों का इन इलाकों से लगातार पलायन जारी है। अब तक पुलिस ने 300 से अधिक लोगों की लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं बंगाल में भड़की हिसा के तार सिमी और पीएफआइ से भी जुड़ रहे हैं।



सोमवार को पश्चिम बंगाल के 24 परगना में तोड़फोड़ के बाद की गयी आगजनी।

### सुरक्षाबलों से भिड़े आइएसएफ के समर्थक

ताजा घटना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थक सुरक्षाबलों से भिड़ गये। हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गयी। यह हिंसा बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हुई। भाजपा का आरोप है कि सीएम ममता बनर्जी के बयान की वजह से हिंसा भड़की है। इस बीच, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजभवन का कोर ग्रुप मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर वास्तविक समय के आधार पर लगातार नजर बनाये हुए हैं।

# वक्फ पर सही से नहीं हुआ था काम, कुछ ने लूटी जमीन : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि वक्फ पर पहले ईमानदारी से काम नहीं हुआ था। इससे केवर मुट्ठी भर भू-माफियाओं का भला हुआ है जिन्होंने दलितों पिछड़ों, आदिवासियों और विधवाओं की जमीनें लूटी है। अगर सचमुच समाज कल्याण के काम करता तो देश का मुसलमान नौजवान पंक्चर न बना रहा होता। पीएम सोमवार को हरियाणा के हिसार में एक कार्यक्रम के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था, जो नहीं हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिये गरीबों की जमीन लूट रहे थे। उन्होंने बताया कि सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने सरकार को पत्र लिखकर वक्फ कानून में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने इसमें संशोधन किया।

## ...तो मुस्लिम भाइयों को पंक्चर नहीं बनाना पड़ता

### वक्फ के बाद अब यूसीसी की बारी

अपने संबोधन में पीएम ने यूसीसी को लेकर भी अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना स्पष्ट रूप से कहती है कि सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया। उत्तराखंड में हमने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू की है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध करती रहती है। पीएम की इस बात के बाद देश में वक्फ के बाद यूसीसी लाने की तैयारी की चर्चा गोने लगी है। इस दौरान पीएम मोदी ने वक्फ कानून का विरोध करने पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, वह मुस्लिम वर्ग की इतनी ही हितैशी है तो किसी मुस्लिम को कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया।



### कांग्रेस बनी संविधान की भक्षक

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि पार्टी ही संविधान की भक्षक बन गयी। उन्होंने कहा, हमें ये भूलना नहीं चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। जब तक बाबा साहेब जीवित थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। दो-दो बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। कांग्रेस ने बाबा साहेब के विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहा। डॉ अंबेडकर संविधान के संरक्षक थे, लेकिन कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गयी है।

# झारखंड में कई स्थानों पर लगे हो सकते हैं आइइडी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड की राज्य पुलिस को तीनों राज्यों के विभिन्न स्थानों में छिपे हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के बारे में अलर्ट जारी किया है। एनआईए को यह इनपुट माओवादी गतिविधियों में शामिल कई संदिग्धों से पूछताछ के बाद मिला। एजेंसी के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, हमें राज्य के विभिन्न स्थानों से और अधिक छिपे हुए आईईडी का पता चलने की उम्मीद है। एनआइए के अनुसार, चूंकि सुरक्षा एजेंसियां माओवाद प्रभावित राज्यों में उनके गढ़ में माओवादियों को निशाना बना रही हैं, इसलिए अपनी धमक दिखाने के उद्देश्य से माओवादी आईईडी विस्फोट कर तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे।

**एनआइए ने किया अलर्ट**

## झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन शुरू, आठ से अधिक राज्यों के 3500 से अधिक पार्टी प्रतिनिधि पहुंचे

# अनगिनत शहादत के बाद मिला है झारखंड, इसे आगे ले जाना हमसब की जिम्मेवारी : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन सोमवार को शुरू हो गया। इस महाधिवेशन में आठ से अधिक राज्यों से पार्टी के 3500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। महाधिवेशन का आयोजन 14 और 15 अप्रैल 2025 को खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया है। झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए अनगिनत लोग शहीद हुए हैं। आज हम उन सभी को नमन करते हैं। झारखंड को बचाना और आगे ले जाना हम सब की जिम्मेवारी है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो किसानों, दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करता रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन की कुछ बातें मुझे आज भी याद हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गुरुजी (शिबू सोरेन) का आंदोलन चल रहा था, उस समय लोग जुटते थे और गुरुजी के साथ चलते थे। अलग राज्य के लिए आंदोलन लंबा चला और अनगिनत शहादत के बाद हमें अलग राज्य मिला है।



अलग राज्य मिलने के बाद यहां के लोगों के चेहरे पर खुशी झलकी और लोगों ने राहत की सांस ली थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे जवान अलग राज्य के लिए लड़ते थे, लेकिन राज्य का विकास कैसे होगा, इस पर कम चर्चा होती थी। राज्य अलग होने के बाद इस राज्य की कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गई, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था।

### महाधिवेशन में इन विषयों पर हो रही चर्चा

**पार्टी संविधान में संशोधन** : जेएमएम अपने संविधान में बदलाव पर विचार कर रही है।

**भूमि पुनर्वापसी कानून** : पार्टी इस कानून पर चर्चा करेगी और इसके प्रावधानों को मजबूत बनाने के तरीकों पर विचार करेगी।

**वक्फ संशोधन कानून का विरोध** : जेएमएम वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकती है।

**राष्ट्रीय पार्टी बनाने की रणनीति** : जेएमएम अब क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकलकर राष्ट्रीय पार्टी बनने की रणनीति बना रही है।

**बिहार और बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव** : जेएमएम इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगी।

**जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों को अधिक शक्तियां** : जेएमएम जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक शक्तियां देने पर विचार कर रही है।

## विधायक स्टीफन मरांडी ने पढ़ा पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव

- राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना और आरक्षण पर जोर
- निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग

रांची। अधिवेशन में पार्टी के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना का जिक्र किया। स्टीफन मरांडी ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति और परिसीमन के विरोध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झामुमो वक्फ एक्ट में संशोधन के खिलाफ है। प्रस्ताव में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड को संसद द्वारा मान्यता देने और पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है।

**महाधिवेशन में कल्पना सोरेन को बड़ी जिम्मेवारी मिलने की चर्चा** : बता दें कि इस महाधिवेशन में नयी कमेटियों का गठन होगा, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। गांडेय विस क्षेत्र की विधायक कल्पना सोरेन को संगठन में बड़ी जिम्मेवारी मिलने की संभावना है। वहीं हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन का जिक्र किया।





---

### हफीजुल के शरीयत वाले बयान के खिलाफ भाजपा करेगी आंदोलन

## मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से शीघ्र बाहर करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी सोमवार को गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्री हफीजूल हसन के अनुसार वे भारतीय संविधान से ऊपर शरीयत कानून को मानते हैं। उन्होंने कहा कि इस बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस-झामुमो के लोग चाहे लोकसभा, राज्यसभा हो या विधानसभा, संविधान को पॉकेट में लेकर घूमते हैं, जो संविधान का भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि इंडी



गठबंधन का यही असली चेहरा है। इसका प्रकटीकरण हफीजुल हसन की जुबान से हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर जिस प्रकार से एक संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मंत्री से संविधान का अपमान हुआ, यह अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र विरोधी, संविधान विरोधी बयान है। इसलिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन को बर्खास्त करना चाहिये। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो से पूछा कि वे हफीजुल हसन के बयान से सहमत हैं या असहमत। उन्होंने कहा कि यदि मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन की बर्खास्तगी नहीं होती है तो यह माना जायेगा कि इंडी गठबंधन के लोग मंत्री के बयान से सहमत हैं। संविधान के पालन का केवल नाटक करते हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के आकंठ डूबा इंडी गठबंधन शरिया के आधार पर देश चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जायेगी। पूरे प्रदेश में भाजपा आंदोलन करेगी।

### नेता प्रतिपक्ष का फोन नहीं उठाने का मामला

## देवघर एसपी ने प्रोटोकॉल की अवहेलना की: भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देवघर एसपी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का फोन नहीं उठाया। श्री मरांडी के अनुसार यह प्रोटोकॉल का घोर उल्लंघन है। दरअसल, सोमवार को किसी मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी देवघर एसपी से बात करना चाहते थे। श्री मरांडी के वरीय निजी सचिव राजेंद्र तिवारी ने अपने दोनों मोबाइल फोन से देवघर एसपी को 1.45 बजे अपराह्न से 3.11 बजे अपराह्न तक 7 बार कॉल किया, लेकिन देवघर एसपी ने फोन रिसीव नहीं किया। इस बीच में एसपी के नंबर पर टेक्स्ट मैसेज भेजते हुए लिखा कि बाबूलाल जी बात करना चाहते हैं। इसके बावजूद कॉल बैक नहीं किया गया। फिर 3 बजे व्हाट्सएप भेजा गया, फिर भी बात नहीं हुई। व्हाट्सअप देखने के बाद निजी सचिव ने सातवीं बार फोन किया, लेकिन फिर भी कॉल रिसीव नहीं किया गया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल का फोन नहीं रिसीव करना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। एसपी की कार्यशैली ठीक नहीं है। इसमें मनमानी और स्वच्छन्दता प्रदर्शित होती है। यह राज्य की पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविकता को दर्शाता है।

### हाईकोर्ट ने वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश 20 साल बाद किया रद्द

## प्रार्थी को सभी वित्तीय लाभ दें

**महत्वपूर्ण फैसला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सजा के तौर पर दुमका के तत्कालीन हेड मास्टर के दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोके जाने के 20 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में 6 अक्टूबर 2005 को डीडीसी, दुमका के द्वारा प्रार्थी के वेतन वृद्धि रोके रखे जाने के आदेश को रद्द कर दिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने कहा कि चुकी प्रार्थी 31 जनवरी 2014 को सेवानिवृत हो चुके हैं ऐसे में उन्हें जल्द से जल्द सारा वित्तीय लाभ



दिया जाए। दरअसल, 26 फरवरी 2004 को प्राथमिक विद्यालय कुसडीहा, दुमका के तत्कालीन हेडमास्टर हरिहर प्रसाद मंडल के स्कूल में प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ (दुमका) ने औचक निरीक्षण किया था।

आरोप है कि प्रिंसिपल द्वारा स्कूल रजिस्टर एवं स्कूल के दस्तावेज को अपने घर में रखा जाता था, वे कभी-कभी ही क्लास लिया करते थे। क्लास नहीं लेने के संदर्भ में उनका ग्रामीणों से भी झगड़ा होता था। इसके अलावा वे उपस्थित रजिस्टर को नियमित नहीं रखते थे और शिक्षण कार्य में रुचि नहीं दिखाते थे। बाद में उनपर विभागीय कार्रवाई चली थी और 15 अप्रैल 2004 को उन पर आरोप गठित किया गया था। इसके बाद 6 अक्टूबर 2005 को सजा के तौर पर उनका दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोक दिया गया था। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा था कि उन्हें बृहद सजा दी गई है परंतु जांच प्रतिवेदन उन्हें नहीं सौंपा गया और साथ ही द्वितीय कारण पृच्छा भी उनसे नहीं हुई है। यह नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। ऐसे में उनके दो वेतन वेतन वृद्धि के आदेश को रद्द किया जाए।

---

## राष्ट्र निर्माता भी थे बाबा साहब भीम राव आंबेडकर : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की ओर से सोमवार को बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पूरे प्रदेश में मनाई गयी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद स्थित अंबेडकर चौक में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर इस देश के संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता थे। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने गरीब,वंचित समाज को ताकत दी। संविधान में राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत करने पर भी



जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास, उनके सामाजिक आर्थिक उन्नयन के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। वहीं राष्ट्रीय एकात्मकता को कमजोर करने वाली धारा-370 और धर्म आधारित आरक्षण का प्रबल विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन बाबा साहब के विचारों पर कुठाराघात कर रही है। आज कांग्रेस की सरकार धर्म आधारित आरक्षण लागू करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब अम्बेडकर को हमेशा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार बाबा साहब से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। मोदी सरकार ने बाबा साहब की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की। इधर, भाजपा मुख्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से बाबा साहब के चित्रों पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## आजसू ने प्रदेश कार्यालय सहित सभी विस क्षेत्रों में मनायी भीमराव आंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने सोमवार को सभी 81 विधानसभा में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी। इस अवसर पर रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों पर विचार विमर्श किया गया।

पार्टी के बुद्धिजीवी कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने सिल्ली स्थित आंबेडकर पार्क में श्रद्धेय बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के



शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से हमें समानता सीखनी चाहिए। इधर, प्रदेश कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि बाबा साहब न केवल दलितों के मसीहा थे, बल्कि वे पूरे भारत के पुनर्निमार्ता रहे। उनकी विचारधारा आज भी हमें प्रेरणा देती है। उन्होंने आगे युवा कार्यकर्ताओं को प्रदेश हित में कार्य करते हुए पार्टी कार्य को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने सामान्य बंधुता और संविधान के मूल्य की रक्षा का संकल्प लिया।

## तंजानिया के उपराष्ट्रपति से मिले मंत्री संजय सेठ

**(खबर मन्त्र ब्यूरो)**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को दार एस सलाम स्टेट हाउस में तंजानिया के उपराष्ट्रपति फिलिप इस्डोर मपांगो से मुलाकात की। श्री सेठ ने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की शुभकामनायें उपराष्ट्रपति मपांगो को दीं। तंजानिया के उपराष्ट्रपति को अफ्रीका-भारत प्रमुख समुद्री जुड़ाव 2025 के सफल उदघाटन की जानकारी दी। उपराष्ट्रपति मपांगो ने संजय सेठ को तीसरे रक्षा एक्सपो के लिए बधाई दी। दोनों पक्षों ने रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। बैठक में स्टगोर्मेना लॉरेंस टैक्स, तंजानिया के रक्षा मंत्री, भारत के नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल डी के त्रिपाठी, तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे, अमित शतीजा भी शामिल हुये।

---


### शपथ पत्र

मैं रीगा उरांव, पिता मंगना उरांव ग्राम- मलगो, पोस्ट-आदर, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक कहता हूं कि मैं उक्त ग्राम का स्थाई निवासी हूं। यह है कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा आदर में मेरा बचत बैंक खाता संख्या 22014 670466 है। जिसमें गलती से मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज हो गया है। यह है कि मेरा फोटो पहचान पत्र में मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज है और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम REEGA ORAON एवं पैन कार्ड में मेरा नाम RIGA ORAON दर्ज है जो मेरा ही है। यह है कि मेरा सही नाम REEGA ORAON है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। शपथ पत्र में अपने दोनों नाम की सत्यता की पुष्टि करते हुए उपरोक्त खाता में अपना नाम रीगा उरांव REEGA ORAON करवाने हेतु कर रहा हूं।

**शपथ पत्र नंबर 696/2025**


## भीमराव आंबेडकर जयंती : कांग्रेस ने बनायी मानव श्रृंखला, संविधान को जोड़े रखने का दिया संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने डोरंडा स्थित डॉ आंबेडकर की प्रतिमा से लेकर स्वामी विवेकानंद चौक, स्वर्गीय देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक मानव श्रृंखला बनायी। इस क्रम में नेता-कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को संविधान की प्रति हस्तांतरित की। यह सिलसिला डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक जारी रहा, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संविधान की प्रति प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू को सौंपा, जिसे श्री राजू ने राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा के समक्ष रखकर नेताओं कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया।



### संविधान बदलना चाहते हैं मनुवादी सोच वाले लोग : के. राजू

संविधान रक्षा सभा को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि मानव श्रृंखला के माध्यम से हमने देश को एक संदेश देने का काम किया है। इस श्रृंखला के माध्यम से संविधान को एक दूसरे को हस्तांतरित करने का उद्देश्य है कि आज कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने संविधान की रक्षा के उत्तरदायित्व का भार अपने ऊपर ले लिया है।

बाबा साहब ने कहा था कि कांग्रेस के बिना इस संविधान की परिकल्पना नहीं की जा सकती। संविधान बाबा साहब के विकासवादी सोच और कांग्रेस के सामाजिक समरसता की सोच की परिकल्पना की सच्चाई है। भाजपा देश से संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति लाना चाहती है और मनुस्मृति वर्ण व्यवस्था लाने का माध्यम है। आज देश में दो विचारधाराए हैं एक मनुस्मृति को मानने वालों का दूसरा संविधान को मानने वालों का, हम संविधान के साथ हैं और इसकी रक्षा हमारा दायित्व है।

### संविधान बदलना चाहती है भाजपानीत सरकार : कमलेश

केशव महतो कमलेश ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की रक्षा का अभियान लगातार जारी है। आज प्रत्येक जिले में बाबा साहब की जयंती पर संविधान रक्षा संगोष्ठी, सभाएं की जा रही हैं। देश में अभियान चलाकर भाजपा संवैधानिक प्रावधानों पर हमला करने की कोशिश कर रही है और जनता के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है। सरकार पर संविधान की रक्षा का भार होता है लेकिन भाजपानीत सरकार खुद संविधान का भक्षण करने की कोशिश कर रही है।

### संविधान में बदलाव हुआ तो जनता मनुस्मृति काल में चली जायेगी : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अगर संविधान में बदलाव हुआ तो जनता मनुस्मृति काल में चली जाएगी। सामाजिक परिस्थितियां भयावह हो जाएगी, हमें इस स्थिति से लोगों को बचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान को बचाने का जो संकल्प लिया है उस पर मजबूती के साथ संघर्ष करना है। देश की फिजाओं में जहर घोलने की भाजपा की कोशिशों को नाकाम करना है।

विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि संघर्ष कठिन है लेकिन हमें हर वक्त तैयार रहना होगा। एक तरफ गोड्से और मनुस्मृति की विचारधारा है तो दूसरी तरफ गांधी और बाबा साहब की विचारधारा देश में चल रही है। हमें यह तय करना है कि हमें किस विचारधारा से देश को आगे बढ़ाना है। सभा को कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सुरेश बैठा, ममता देवी, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, केदार पासवान ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन महानगर अध्यक्ष कुमार राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने किया।

# कांके डैम में भरे जलकुंभी की मशीन से हो रही सफाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के प्रसिद्ध कांके डैम में जलकुंभी भर गया है। नगर निगम प्रशासक के निर्देश पर इसकी सफाई की जा रही है। जलकुंभी को हटाने के लिए आधुनिक वीड हार्वेस्टिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है, ताकि कांके डैम को स्वच्छ रखा जा सके। साथ ही जल की गुणवत्ता में सुधार हो। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कांके डैम में जलकुंभी के फैल जाने से जल प्रवाह में बाधा आ रही थी। साथ ही पारिस्थितिक संतुलन पर भी इसका असर पड़ रहा था। साथ ही जलकुंभी भर जाने से ना केवल जल की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है, बल्कि डैम की सुंदरता और उपयोगिता भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में नगर निगम ने मशीन से जलकुंभी हटाकर डैम को स्वच्छ और जल को शुद्ध बनाये रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जलकुंभी एक तेजी से फैलने वाला जल पौधा है, जो मुख्य रूप से तालाबों, झीलों और अन्य स्थिर जल स्त्रोतों में पाया जाता है। जलकुंभी के अधिक फैलाव से जल में ऑक्सीजन की मात्रा घट जाती है, जिससे मछलियां और अन्य जलीय जीव मरने लगते हैं। जलकुंभी से पारिस्थितिक असंतुलन उत्पन्न हो जाता है। इससे स्थानीय जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है।

# 30 जून तक जमा करें होल्डिंग टैक्स और पायें 10% छूट

**रांची।** रांची नगर निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। निगम ने घोषणा की है कि जो टैक्सपेयर्स 30 जून 2025 तक (यानी पहली तिमाही) अपना होल्डिंग टैक्स एकमुश्त जमा करेंगे, उन्हें टैक्स की राशि पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

नगर निगम के अधिकारियों की मानें तो इसका उद्देश्य नागरिकों को समय पर टैक्स पेमेंट करने के लिए प्रेरित करना और नगर निगम की आय को सशक्त बनाना है। निगम ने सभी टैक्सपेयर्स से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए टैक्स का भुगतान करें और इस विशेष छूट का लाभ उठाएं।

## जमीन के निबंधन पर डीसी की रोक संबंधी मामला

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया ₹50 हजार का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक जमीन को गैर हस्तांतरित बताते हुए हुए उसके निबंधन पर रोक संबंधी रांची डीसी के आदेश के एक मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर अपना फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने सरकार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि प्रतिवादी (प्रबुद्ध नगर सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड) को दी जाएगी। रांची डीसी ने 6 नवंबर 2020 को एक जमीन को गैर हस्तांतरित की श्रेणी में रखते हुए उसके निबंधन पर रोक लगा दी थी। इस मामले में राज्य सरकार टाइटल सूट में हार गई थी। इससे पहले सरकार की प्रथम अपील 23 सितंबर 2015 को भी खारिज हो गई थी। इसके बाद सरकार ने द्वितीय अपील दाखिल की थी जो 20 दिसंबर 2019 को कोर्ट में सरकार के अधिवक्ता की उपस्थिति नहीं होने के कारण खारिज हो गई थी। इसके बाद भी डीसी रांची द्वारा 6 नवंबर 2020 को उक्त जमीन को गैर हस्तांतरित श्रेणी में रखते हुए निबंधन पर रोक लगा दी गयी थी। जिसे प्रबुद्ध नगर सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रबुद्ध नगर की सहकारी गृह निर्माण समिति के पक्ष में फैसला दिया। जिसे सरकार ने अपील दाखिल कर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सरकार पर जुर्माना लगाया।

## खबर एक नजर में

### बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीता



**रांची।** बिरसा मुंडा फन पार्क और रिलेशन के तत्वावधान में सोमवार को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने नृत्य के माध्यम से दर्शकों का दिल छू लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने बच्चें को सम्मानित किया।

### अमितेश बनाये गये राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सचिव



**रांची।** बूटी मोड़ निवासी स्वराज पदयात्री अमितेश कुमार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का रांची जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उनका लक्ष्य जमीनी स्तर पर काम करना है और अपने जिला में पंचायती राज को आगे बढ़ाना है। इसके अलावा लोगों की आवाज बनकर उनकी आवाज को बुलंद बनाने का प्रयास करेंगे।

### नोबा के अध्यक्ष बने डॉ. अखिलेश चौधरी

**रांची।** स्थान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार में नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संगठन (नोबा) रांची के आम सभा की बैठक सोमवार को हुई। जिसमें आम सभा ने कार्यकारिणी समिति का पुनर्गठन किया तथा आगामी गतिविधियों के लिए निर्णय लिया। इस मौके पर डॉ अखिलेश चौधरी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद सिन्हा, सचिव सुनील चन्द्र, विशेष सचिव आभा कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रो. गणेश चन्द्र बास्की को बनाया गया।

### भारतरत्न बाबा साहेब की मनी जयंती



**रांची।** अखिल भारतीय डॉ भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी की ओर से हरमू मैदान में भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि, के. राजू, प्रभारी झारखण्ड, कॉग्रेस,वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य संरक्षक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि सुरेश बैठा, अशोक कुमार भगत, अजयनाथ शाहदेव, अजय तिर्की, डॉ. सोहन राम, दीपक कुमार रवि, पासवान बृजकिशोर राम, राजेश गुप्ता एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

## सीसीएल और सीएमपीडीआई ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनायी, समाज को दिया संदेश

# समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में हमसब को बढ़ने की है जरूरत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल परिवार ने महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर सोमवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पावन अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में निदेशक हर्षनाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके संघर्षोंऔर योगदान को नमन किया। वहीं इस दिन को और भी विशेष बनाते हुए गांधीनगर अस्पताल परिसर में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की एक नयी



प्रतिमा का अनावरण किया गया, जो सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के उनके संदेश का प्रतीक बनेगी। निदेशक हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा, समता और सामाजिक न्याय के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी को प्रेरित करता है। हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए।

मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन पारदर्शिता, न्याय और सत्य के प्रति समर्पित रहा। हमें उनके मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने कार्यों में ईमानदारी और नैतिकता को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त सीसीएल के सभी क्षेत्रों, परियोजनाओं और कार्यालयों में भी डॉ. अंबेडकर जयंती उत्साह, सम्मान और प्रेरणा के साथ मनायी गयी।

## देश के नागरिकों को सशक्तीकरण प्रदान करता है भारतीय संविधान: मनोज कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी गयी। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, ओबीसी एवं सिस्टा के प्रतिनिधियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि संविधान देश के नागरिकों को सशक्तीकरण प्रदान करता है। उनकी रचना वर्तमान काल



में भी सामाजिक न्याय एवं समानता के मुहिम को प्रेरित करती रहती है। शंकर नागाचारी ने डॉ आंबेडकर के इस कथन को दोहराया कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। जीवन का वास्तविक मूल्य प्रसिद्धि या भौतिक सफलता में नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने, सकरात्मक प्रभाव डालने और सामाजिक न्याय और दूसरों के उत्थान के लिए स्वयं को समर्पित करने में निहित है। अजय कुमार ने समानता, समता और न्याय पर जोर दिया। कार्यक्रम में केएम डार्विन, गोरेलाल पासवान, एसके रवि, के रविदास और राजेश साव ने डॉ आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला और निबंध प्रतियोतिगता के विजेता पुरस्कृत किये गये।

### निर्मला कान्वेंट ने डॉ आंबेडकर को याद किया



**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाईस्कूल एदलहातू मोराबादी में संविधान निर्मता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती सोमवार को मनाई गई। मौके पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राओं ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। प्रचार्य ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी, उनके पास ज्ञान का अकूत भंडार था। इसके बावजूद उन्होंने सभी सुख और वैभव त्याग कर देश के निर्माण में खुद को समर्पित कर दिया। हमें इनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में मनायी गयी डॉ आंबेडकर जयंती

# बाबा साहेब की शिक्षा व मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाएं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती राष्ट्रीय भावना के साथ सोमवार को मनायी गयी। इसमें रांची स्थित सभी छह इकाइयों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस.के. वर्मा, कार्यपालक निदेशक एस.के. कर, मुख्य महाप्रबंधक, एमटीआई एस. धर सहित सेल रांची की विभिन्न इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव आंबेडकर को पुष्प अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में सेल रांची इकाइयों के सीजीएम ने डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर बल दिया। इसके बाद पी.के. होरो ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और जे.पी. कुमार ने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदानों पर अपने मूल्यवान विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशकों ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे डॉ. आंबेडकर की शिक्षा और मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन हेमू टोप्पो द्वारा प्रस्तुत किया गया और संचालन सुशांत दास ने किया।

## बाबा साहेब को भुवनेश्वर लोहरा ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** लोक जन विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर लोहरा ने सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भुनेश्वर लोहरा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर भारत के महान सपूतों में से एक थे। समाज और राष्ट्रहित में उनका योगदान अविस्मरणीय है। आज का दिन भारत के लिए एकता और संवैधानिक मूल्यों को फिर से याद करने है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को एकता का सूत्र दिया।

## अनियमितता की सूचना पर लिया गया निर्णय

# मारवाड़ी सम्मेलन की मतगणना पर चुनाव समिति ने लगायी रोक

- धनबाद, दुमका और सरायकेला में अनियमितता बरते जाने के मामला
- चुनाव में अनियमितता बरते जाने के मामले में समिति सख्त, अधिकारिक रूप से मामले की जांच के बाद लिया जायेगा निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी समाज की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक प्रांतीय अध्यक्ष के चयन के लिए द्विवार्षिक सत्र 2025-27 का पूरे झारखंड के जिलों एवं 5 अनुमंडल में संपन्न हुआ था। मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी ने सोमवार को बताया कि समस्त ज़िलों में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया जारी रही, लेकिन कुछ मतदान केंद्रो में प्रत्याशी एवं प्रत्याशी के पयर्वेक्षक की ओर से मौखिक एवं लिखित उचित माध्यम से अनियमितता कि सूचना मिली है। इसको संज्ञान में लेते हुए, चुनाव समिति की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें चुनाव समिति ने सर्वसमिति से निर्णय लिया और होनेवाली मतगणना पर पूर्णरूप से रोक लगा दी है। अब अधिकारिक रूप से जांच करने के पश्चात आगे निर्णय लिया जायेगा।

चुनाव समिति में चुनाव पदाधिकारी राजकुमार मारू, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित शामिल थे। विदित हो कि कुछ मतदान केंद्रो जिनमें क्रमशः धनबाद के लिए प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल एवं दुमका व सरायकेला के लिए प्रत्याशी सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कथित अनियमितता, आशंका की आपति जताई है।

### यूनियन क्लब में मिलन मेला का आयोजन



रांची। यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में सोमवार को मिलन मेला का आयोजन किया गया। मेला में कुल 18 स्टॉल लगाये गये हैं। खाने-पीने सहित कई अन्य सामग्री के स्टॉल हैं। तरह-तरह की साड़ियां विभिन्न तरह के साथ सज्जा के समान, रेप्लिका अलंकार आदि का स्टॉल भी लगा है। साथ मेला के बीच में एक मंच बनाया गया है, इसमें तरह-तरह का खेल, कविता पाठ, संगीत चुटकुले आदि का आयोजन किया जा रहा है।

# सीएमपीडीआई ने रांची में वंचित युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सोमवार को सीएमपीडीआई की सीएसआर पहल के तहत एक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य रांची और आसपास के क्षेत्रों के 90 सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस सीएसआर पहल के अंतर्गत सीएमपीडीआई द्वारा आईसीए फाउंडेशन-कोलकाता के सहयोग से सीनियर एसोसिएट-ट्रांक्जेक्शनल



फाइनेंशियल एंड अकाउंटिंग की उच्च मांग वाली नौकरी में 90 युवा व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में आयोजित समारोह में दीपक प्रकाश ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे समाज के वंचित वर्गों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। इन युवा व्यक्तियों को बहुमूल्य कौशल से लैस कर, हम उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। क्षेत्र की समग्र प्रगति में योगदान दे रहे हैं।

मौके पर सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने संगठन के मिशन पर जोर देते हुए कहा कि सीएमपीडीआई सभी के लिए समान अवसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य युवाओं को लाभकारी रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए व्यावहारिक कौशल से लैस करना है। चार महीने का यह अल्पकालिक गैर आवासीय प्रशिक्षण आईसीए फाउंडेशन के मेन रोड, रांची स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम, संरचना और अनुसूची नेशनल स्कील क्वाइलीफिकेशन फ्रेमवर्क और सेक्टर स्कील काउंसिल द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक श्री आरके महापात्रा, महाप्रबंधक संदीप भगत तथा आईसीए फाउंडेशन-कोलकाता से रजनीश पांडे थे। यह कौशल विकास कार्यक्रम क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने और हाशिए पर पड़े समुदायों को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## विस अध्यक्ष से मिले डीपीएस के प्राचार्य



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरके झा और प्राइमरी विंग की इंचार्ज प्रभा सिंह ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात की। यह चर्चा राज्य के शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सहयोगी रणनीतियों पर केंद्रित थी। प्राचार्य ने छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और बुनियादी ढांचे के विकास को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। प्रभा सिंह ने बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, यह सुनिश्चित करते हुए कि युवा शिक्षार्थियों को शुरू से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। विधानसभा अध्यक्ष ने डीपीएस की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की।

### डोरंडा क्षेत्र में नशाखोरी रोकने के लिए मंथन



**रांची।** डोरंडा नागरिक परिषद के द्वारा डोरंडा के विभिन्न मोहल्लों से सामाजिक धार्मिक और बुद्धिजीवों की एक बैठक डोरंडा शिशु सदन में सोमवार को हुई। बैठक में डोरंडा में नशा और अपराध के बढ़ते ग्राफ को कैसे रोका जाए इस पर चिंतन मंथन किया गया। जिसमें एक बात निकाल कर आई की सभी मोहल्ले में एक मोहल्ला कमेटी बनाई जाएगी जो की डोरंडा नागरिक परिषद से डायरेक्ट संबंध में रहेगा। बैठक में डोरंडा बाजार काली पूजा समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया, श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा, मोहम्मद राजू डोरंडा नर्सिंग होम के संचालक शंभू गुप्ता, न्यू काली पूजा समिति के अध्यक्ष रिसलदार बाबा कमेटी के सचिव जावेद अनवर, वार्ड 45 के पार्षद नसीम गद्दी पप्पू, दीपू सिन्हा, सरदार अशोक सिंह, जयदेव घोष, राकेश पाल, पप्पू वर्मा ने भी विचार रखे। मंच का संचालन रोहित शारदा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश पाल ने किया।

## प्रदेश राजद ने जयंती पर बाबा साहेब डॉ अंबेडकर को किया याद

# बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद की ओर से राजद कार्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जयंती सोमवार को मनायी गयी और उनकी तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि बाबा साहब एक तेज व्यक्तिव के धनी व युग पुरुष थे। वे स्कूली शिक्षा से लेकर नौकरी करने तक छुआछूत एवं घृणा का शिकार हुए। वे अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री का डिग्री लेने वाले प्रथम व्यक्ति थे। हिन्दू धर्म व समाज के शोषण, घृणा व उत्पीड़न से प्रताड़ित होने के कारण उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया। बाबा साहेब दलितों के उत्थान, समतामूलक समाज बनाने, समाजवादी विचारधारा के उत्प्रेरक बने और ब्राम्हणवाद व वर्ण व्यवस्था के खिलाफ तालाब से पीने के पानी को सार्वजनिक अधिकार के लिए सत्याग्रह आंदोलन किया। उन्हें उच्चस्तरीय ज्ञान प्राप्त होने के कारण स्वतंत्र भारत के नीति निर्माण एवं लोकतांत्रिक ढांचा को मजबूत करने में वे संविधान सभा के अध्यक्ष बने और देश का संविधान निमार्ता बने। उनकी जयंती पर राजद ने संकल्प लिया है कि जब तक देश में भेदभाव छुआछूत समाप्त नहीं हो जाये तबतक उनके आदर्शो और विचारों को लेकर गांव गांव तक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

कार्यक्रम में इस दौरान महासचिव आबिद अली, महिला अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव इरफान अंसारी, प्रणय कुमार बबलू, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, महासचिव योगेंद्र यादव, कमलेश यादव, श्रमिक सेल अध्यक्ष सुधीर गोप, महासचिव भास्कर वर्मा, सचिव रामकुमार यादव, मनोज अग्रवाल, शब्बर फातमी, क्षितीज मिश्रा, रामभजन यादव, सुरेश राय, लालबाबू रजक, निरंजन महतो, हरेंद्र यादव, महानंद यादव, शालिग्राम पाण्डे, कमलेश यादव सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

### सीयूजे में मनायी गयी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

## शिक्षित बनो, संगठित हो व संघर्ष करो बाबासाहेब के तीन मंत्रों से सीख लें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने विद्यार्थियों को बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलकर देश की सेवा करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाबा साहेब के योगदानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाबा साहेब के योगदानों से अवगत कराया गया और उनके दिखाये मार्ग पर चलने की सलाह दी गयी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के कोसल राव ने कहा कि उन्हें बाबा साहेब के जीवन से सीख लेनी चाहिये। बाबा साहेब के तीन मूलमंत्रों को हमेशा याद रखना चाहिए- शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो।

**सुनाया गया बाबा साहेब का उद्बोधन**

कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ प्रतिभा वरवड़े ने विद्यार्थियों को बाबा साहेब की जीवनी से परिचित कराया। विद्यार्थियों को बाबा साहेब का संविधान सभा में दिया गया उद्बोधन उनकी आवाज में सुनाया गया। इसमें भारत को मजबूत करने और एकता की बात की गयी है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में बनाये जाने वाले पंचतीर्थ से संबंधित वीडियो दिखाया गया। डॉ रमेश उरांव ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में नैक अध्यक्ष प्रो कुंज बिहारी पंडा, परीक्षा नियंत्रक बीबी मिश्रा, प्रो पी के परिदा, डॉ अमरेंद्र कुमार, डॉ सुदर्शन यादव, डॉ संहिता सुचरिता समेत अन्य मौजूद थे।

## शहीद सप्ताह-2025 का उद्घाटन 16 को



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहीद स्मारक समिति, रांची के तत्वावधान में आयोजित शहीद सप्ताह -2025 का उद्घाटन दिनांक 16 अप्रैल 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे किया जायेगा। सीपी सिंह स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार ने इस 67वें शहीद सप्ताह का उद्घाटन करने की स्वीकृति दी है। अन्य सम्मानित अतिथियों के भी समारोह में शामिल होने की सम्भावना है। कार्यक्रम में पूर्वाह्न 10 बजे बंदेमातरम गान के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव एवं शहीद पाण्डेय गणपत राय के चित्र पर पुष्पांजलि, शहीद चौक पर लगे शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पण तत्पश्चात अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं शहीद स्मारक पर पहुंचकर कार्यक्रम का समापन होगा।

# बाबा साहेब का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं : भाकपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया। नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संकल्पित है। वर्तमान में देश की महाग्रंथ संविधान, जिसे बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश को दिया था, नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित नहीं है। संविधान में लगातार संशोधन कर शोषित, पीड़ित, दलित, वंचित और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीना जा रहा है।

**संविधान को बचाने के लिए संघर्ष :** नेताओं ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संविधान को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने संविधान को कमजोर करने का प्रयास किया है, जबकि लाल झंडा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा संविधान के पक्षधर रहे हैं और इसके लिए संघर्ष करते रहेंगे।

**रौशन लिंडा ने थामा पार्टी का दामन**

इस अवसर पर छात्र नेता रोशन लिंडा ने अपने साथियों के साथ पार्टी का दामन थामा। जिला सचिव अजय सिंह ने उन्हें लाल पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। संकल्प सभा में फरजाना फारूकी, राजेंद्र रविदास, मनोज ठाकुर, किरण कुमारी, कृष्ण कुमार वर्मा, महेंद्र रोशन, इम्तियाज अहमद, राम सिंह, जावेद अंसारी, इशहाक अंसारी, अमीर उल्ला, राजेश कुमार, रविदास सहित काफी संख्या में पार्टी के लोग मौजूद थे।

### साइंस विजन पब्लिक स्कूल का 16वां स्थापना दिवस मना



**ठाकुरगांव।** साइंस विजन पब्लिक स्कूल मरवा का 16वां स्थापना दिवस सह संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लेखन प्रतियोगिता में सना रुखसार परवीन, आफसीन परी प्रथम, मोनिका मुंडा, अफीफा सिदिका द्वितीय, वर्षा कुमारी व सितारा परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में आमिर समद प्रथम, नौशीन रानी द्वितीय, अनुष्का सिंह व श्रेया सोनाली सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। वहीं पेंटिंग में नीरज कुमार प्रथम, द्वितीय स्थान फिजा रुखसार परवीन एवं तृतीय स्थान में विशाल कुमार, रोहन कुमार और प्रिंस कुमार को विजेता घोषित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक आसिम अख्तर ने बच्चों से संविधान एवं उसकी महत्व की जानकारी देते हुए संविधान की रक्षा का आह्वान किया। मौके पर प्रचार्या वीणा देवी, नसीम अहमद, दमयंती सिंह, रीना साहू, मौसमी साहू, मसीउल्लाह अंसारी, मनिता देवी, कौशरी नाज, ललिता देवी, मनोज कुमार, पुनम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## टाटीसिलवे में धूमधाम से मनी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नामकुम।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को टाटीसिलवे स्थित डोल बगीचा के समीप धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटकर की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। सांसद श्री वर्मा ने डॉ अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता तथा एकता के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस पार्टी ने डॉ अंबेडकर के राजनीतिक जीवन को दबाने का हरसंभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू कोड बिल जैसे महत्वपूर्ण विधेयक को लागू करने से रोकने के कारण डॉ अंबेडकर ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस द्वारा बार बार अंबेडकर को सम्मान देने से इनकार किया गया लेकिन वर्ष 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में अंबेडकर से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया।

कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, उपप्रमुख वीणा देवी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, प्रभुदयाल बड़ाईक, पारसनाथ उरांव, कर्नल बीके सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मुक्तिनाथ मिश्रा, माधुरी देवी, मनेश महतो, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, राजू नायक आदि उपस्थित थे।

## एससी-एसटी ओबीसी एकता मंच ने अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में सोमवार को अंबेडकर पार्क डकरा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। राय दरहातांड़ से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग गाजे बाजे के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचे।

समारोह को संबोधित करते आदिवासी छात्र संघ के रांची अध्यक्ष महावीर उरांव ने कहा भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर हैं। जिनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग में चलकर ही हम सभी आदर्श समाज की परिकल्पना कर सकते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि विस्थापित नेता बिगन सिंह भोक्ता ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में बचपन से ही जाति भेदभाव और असमानता का सामना किया। वे अपने जीवन के अंतिम दिनों तक समाज में अधिकार, समानता और न्याय के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपना सारा जीवन सामाजिक सुधार कार्यों में लगा दिया।

इस मौके पर ट्राइबल क्वीन पूजा लकड़ा को मंच के द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह में द्वारिका दास, नीरज भोगता, संजय महली, इंदिरा देवी तुरी, जिप सदस्य सरस्वती देवी आदि लोगों ने भी अपने विचार रखे। मंच की ओर से सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम लखन गंझू एवं अमृत भोक्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन देवपाल मुंडा ने किया।

मौके पर जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, जंगबहादुर राम, अशोक लकड़ा, कन्हाई पासी, बहुरा मुंडा, अमृत भोगता, महेंद्र उरांव, शांति देवी, शीला देवी, अनिता गंझू, प्रभाकर गंझू, अशोक सिंह, रविन्द्र बैठा, जगदीश गंझू, किशोर रजक, रमेश गंझू, रमेशर भोगता, सुखराम सेठ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जसपुरिया बीएड कॉलेज में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

- **संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की कार्यक्रम की शुरुआत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद में सोमवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गयी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने डॉ अंबेदकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर ने अपने जीवन को दलित, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु छात्र राहुल दास और प्रीति राव ने किया।

इस अवसर पर बी.एड. और किपिंग नर्सिंग विभाग के शिक्षकगण प्रवीण कुमार कुशवाहा, संजीब कुमार, डॉ कुमारी प्रियंका, विभा कुमारी, रंचन कुमारी, सरिता कुमारी, प्रभा हेनरी, रश्मि कुमारी, महफूज अंसारी, संदीप कुमार, मधु कुमारी एवं सीमा कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किए।

## सुपन समाज ने डॉ भीम राव अंबेडकर को नमन किया

- **समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सुपन समाज के द्वारा सोमवार को भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन मोराबादी स्थित बापू वाटिका में किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए मेन रोड शहीद चौक आकर बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर एखुरेन्द्र कुमार राम, अमित राम, रामधनी राम, छोटेलाल राम, परज राम, सुनाए राम, रंजन अमर राम, अमित कुमार, प्रियांसु कुमार, सिअंत, सागर राम, अकाश राम, राहुल कुमार, सुनील राम, राजकुमार, जनल राम, बिरेन्द्र राम, सोनू कुमार, विजयम, विश्नाथ राम, बिट्टू कुमार, दर्शन राम, बिट्टू कुमार, कुणाल कुमार, पोलू कुमार, कन्हाई, कृष्णा, जागर राम, अजय विशाल, राज कुमार, आशा देवी, मवू देवी, पूजा देवी, सतावे गुजी देनी, ऊबी देवी, ननीता देवी, लक्ष्मी देवी, लक्ष्मी देवी, गुप मारी, संगीता देवी, एकप्रिया कुमारी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

**सभी सुपन समाज ने सरकार से की मांग :** समाज के लोगों ने कहा कि डोम जाति के लोग भूमिहीन हैं इसलिए हमलोगों का जाति, आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। नौकरी में हमलोगों की सीधी नियुक्ति की जाये।

# पारस हॉस्पिटल में मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल संग अत्याधुनिक कैंसर सेंटर शुरू

- **हमारा उद्देश्य मरीजों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करना रहा है : एमडी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी ने अब एक नए रूप में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए खुद को मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल विथ कैंसर सेंटर के रूप में स्थापित कर लिया है। यह परिवर्तन न केवल चिकित्सा सुविधाओं में उन्नयन का संकेत है, बल्कि मरीजों को एक ही स्थान पर सम्पूर्ण और समर्पित इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर सहित अत्याधुनिक कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर भी उपलब्ध है, हॉस्पिटल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के माध्यम से जांच से लेकर इलाज तक संपूर्ण कॉम्प्रिहेंसिव केयर मिलेगा। अब कैंसर के मरीजों को बड़े शहरों में इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर पारस ग्रुप के एमडी डॉ. धरमिन्दर नागर ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करना रहा है। इस कदम से क्षेत्रीय स्तर पर भी चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा। हमारा मानना है कि उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ मेट्रो सिटीज तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस पहल के माध्यम से हम क्षेत्रीय स्तर पर भी चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाने की दिशा में कार्यरत हैं, जिससे हजारों मरीजों को स्थानीय स्तर पर लाभ मिलेगा और उन्हें बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर हॉस्पिटल के खुलने से मरीजों को काफी फायदा मिलेगा। अब झारखंड में भी कैंसर हॉस्पिटल खुलने से मरीजों का इलाज आसान होगा। इस सुविधा का लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। झारखंड सरकार इसमें सहयोग करेगी।

ग्रुप सीओओ विनीत अग्रवाल ने कहा कि हॉस्पिटल ने मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के साथ अब एक अत्याधुनिक कैंसर सेंटर की शुरुआत करके इस दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। हमारा उद्देश्य है कि मरीजों को न केवल विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिले, बल्कि उन्हें एक ऐसा वातावरण भी मिले जहां वे आत्मविश्वास और सम्मान के साथ इलाज करवा सकें।

वहीं डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की शुरुआत होने जा रही है। अब हॉस्पिटल पूरी तरह से ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जायेगा। अब यहां कैंसर का इलाज कराना सुलभ और आसान होगा।

सर्जन डॉ मदन गुप्ता ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियेशन की जरूरत होती है। अब इन तीनों तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। अब मरीजों को बड़े बड़े. शहर नहीं जाना पड़ेगा। पारस हॉस्पिटल में कैंसर से संबंधित सभी प्रकार की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। ब्रेन कैंसर की भी सर्जरी हो रही है। हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अगर समय पर कैंसर की पहचान हो जाये, तो इसका इलाज संभव है। पारस हॉस्पिटल अब कैंसर के मरीजों के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर विधायक हटिया नवीन जायसवाल, डायरेक्टर स्ट्रेटजी डॉ कपिल गर्ग, टीएमएच के डॉ श्रवणी घोष, डॉ श्वेताभ सिन्हा, एचइसी के डायरेक्टर पर्सनल मनोज लकड़ा समेत हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एसबीयू में खुला ड्रोन और रोबोटिक्स लैब




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के छात्र-छात्राओं को अब ड्रोन और एआई संबंधित शोध कार्य के लिए राज्य के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अत्याधुनिक तकनीक और सुसज्जित लैब से युक्त रोबोटिक्स रिसर्च लैब का उद्घाटन आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में किया गया। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने फीता काटकर लैब का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसबीयू की कुलाधिपति जयश्री मोहता के प्रमुख सलाहकार डॉ. अजीत रानाडे, विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो. एसके दंडीन, डीन डॉ. पंकज गोस्वामी समेत विवि के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रोन मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर मिलिंद राज ने इस लैब का प्रारूप तैयार किया है। आनेवाले दिनों में इस लैब के माध्यम से ड्रोन और रोबोटिक्स तथा एआई रिसर्च के क्षेत्र में नवीनतम और महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी। उद्घाटन के दौरान एक अत्याधुनिक ड्रोन मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने लैब के उदघाटन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की मनायी गयी 134वीं जयंती

# महान समतावादी चिंतक थे बाबासाहेब : जैनेंद्र कुमार

- राष्ट्र के नवनिर्माण पर दिया बल
- डॉ राव को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया स्थित जनजातीय प्रशिक्षण संस्थान में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनायी गयी। भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार तथागत खास मेहमान थे। उन्होंने बाबा साहेब को विश्व के महान समतावादी चिंतक, उपेक्षित के लिये प्रेरणाश्रोत व जातिविहीन समाज का पक्षधर बताया। श्री कुमार ने उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने तथा सशक्त व समृद्ध राष्ट्र के नवनिर्माण पर जोर दिया। भाकपा के जिला सचिव अजय सिंह ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व बाबा साहेब की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। संस्थान के विद्यार्थियों ने संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति तिर्की ने की, जबकि, संचालन एकेडमिक हेड आशीष कुमार ने किया। मौके पर निदेशक प्रियांशु कुमार, प्रबंधक हिमांशु सिंह, निकिता, हिना, दीपक, आरपी सिंह, मुंसाद, कुंदन, साकिब, जुगनू, अभिषेक, मोकिम, गुलशन, निधि, पूजा, जमीला, चंदन व राहुल आदि मौजूद थे।


श्रद्धांजलि देते सपाई।

### सपाइयों ने अंबेडकर को किया याद

सिमलिया स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जयंती पर डॉ अंबेडकर श्रद्धा से याद किये गये। अध्यक्ष रंजन यादव, महासचिव मुस्तफा अंसारी, जिला अध्यक्ष रामप्रसाद गोप, अभिनव कुमार, जिला अध्यक्ष सिद्दीक अंसारी, मो आशिक, फिरदौश, इम्तियाज, रबीन्द्र, मूरत व अमानत अंसारी आदि ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

### बीएड कॉलेज में मनी जयंती


संविधान की शपथ लेती छात्रायें।

समर्पणदीप बीएड कॉलेज में आईक्यूएसी व एनएसएस ने डॉ भीमराव की जयंती मनायी। भाषण प्रतियोगिता में पूजा कुमारी प्रथम रही। वहीं, प्रिशिला जोजो और अंशु तिर्की व ईरा सिंह को तीसरा स्थान मिला। अभिषेक सिंह, एनके गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र सिंह, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ डी महतो, ए मिश्र, एस कुमार, डॉ नमिता, डॉ कुसुम, अंकित व अंकिता ने उन्हें पुरस्कृत किया। मौके पर कन्हाई, अनिल, शिवराज, सत्यभामा, तैयब, प्रियंका, अटल, मेधा, खुशबू, निशा, नीलम, सुषमा व आस्था आदि थे। संचालन डॉ आनंद ने किया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन डॉ शशि तिर्की ने दिया।

# सीआईएसएफ के डंडे से बुजुर्ग महिला का हाथ टूटा, 8 घंटे तक कोयला उत्पादन ठप

सीआईएसएफ अधिकारियों ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया अंतर्गत के चुरी कोलयरी में पदस्थापित सीआईएसएफ जवान ने स्थानीय वृद्ध महिला को डंडे से पीटने का मामले को लेकर जेएलकेएम पार्टी के नेता व स्थानीय ग्रामीणों ने कोलयरी उत्पादन पूरे आठ घण्टे तक ठप कर दिया। जेएलकेएम पार्टी के नेता दीपक कुमार महतो व स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय वृद्ध महिला सुकरी देवी लगभग (70 वर्षीय) के साथ सीआईएसएफ जवान ने मारपीट की घटना की। जवान के पिटाई से महिला का हाथ टूट गया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों व नेताओ के द्वारा आंदोलन किया गया। बताया कि सोमवार को करीब 11 बजे बुजुर्ग महिला जलावन के लिए कोयला लाने गई थी। उसी समय प्रत्यक्षदर्शी महिला रजनी देवी ने जब बुजुर्ग महिला से मारपीट की बात पूछी तो उसने डर से थर थर कापते हुए बोली कि कुछ नहीं हुआ है। जब 10 मिनट के बाद हाथ में दर्द शुरू हुआ तब सच्चाई खुलकर आया। बुजुर्ग महिला के पैर में भी चोट के निशान थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोलियरी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवान स्थानीय लोगों के साथ मारपीट करते हैं। सुरक्षा में तैनात जवान स्थानीय लोगों पर अत्याचार करते हैं। वही सीआईएसएफ इंस्पेक्टर डीके पांडेय ने आरोपो को बेबुनियाद बताया है। बुजुर्ग महिला को सीआईएसएफ जवान के द्वारा उपचार के बाद परियोजना के मैनेजर शैलेश कुमार से हुई वार्ता में न्याय मिलने का आश्वासन दिया। घटना के बाद मंगलवार के दिन चूरी पीओ अनुज कुमार के साथ 10:30 बजे परियोजन में बैठक रखने की बात कही। बैठक में आरसीएमएस सचिव सोनू पांडेय, अशोक कुमार महतो, मनोज महतो, और खलारी थाना के जवान सहित अन्य शामिल थे।

## 134वीं जयंती पर बाबासहेब को याद किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** क्षेत्र कल्याणपुर पंचायत के मंडर गांव में ग्राम सभा के माध्यम से सरना स्थल में श्रीमती प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वे जयंती मनायी गयी। उपस्थित ग्रामीणो ने संविधान का प्रस्तवना को पढकर एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जुगेश मिंज अजीत टोप्पो रमनी उरांव अनिता उराँव, सुशीला उराँव, करीना उराँव, रेशमा कुजूर, राजमणि कचाप, साहित सैकडो ग्रामीण मौजूद मौजूद थे।

# प्रेमी संग रह रही युवती का शव कमरे में मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुमार लॉज से एक 24 वर्षीय युवती का शव फांसी में झुलता बरामद किया गया है। नेवरी विकास टुकटुकटोली निवासी चुन्नीलाल महली की बेटी सुमन कुमारी मेदांता हॉस्पिटल में कंप्यूटर ऑपरेटर थी, और वह पिछले छह माह से उसी हॉस्पिटल के आपरेशन प्रबंधक शाजेब हनीफ 29 वर्ष के साथ लिवइन रिलेशनशिप में थी। युवती का शव (कमरा नंबर-5) उसी कमरे से बरामद हुआ जहां युवक रहता था। सोमवार को दोपहर दो बजे की घटना के बारे में बताया


मृतक सुमन का फाइल फोटो।

गया कि युवक लॉज पहुंचा और कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर दरवाजा नही खुलने पर लॉज प्रबांक की मदद से दरवाजा तोड़ कर अंदर गए। युवती कमरे के पंखे में फांसी लगा झुल रही थी। जिसके बाद युवती को मेदांता हास्पिटल ले जाया गया। तबतक युवती की मौत हो चूकी थी। सूचना मिलने पर युवती के स्वजन भी हॉस्पिटल पहुंच गए थें। वहीं युवती के साथ लवइन रिलेशनशिप की जानाकरी युवक ने देते हुए बताया कि कुछ दिन से युवती काफी परेशान थी। वहीं लॉज प्रबंधक पिंटु सिंह ने बताया घटना की सूचना पुलिस को नही दी गई थी, हॉस्पिटल से ही पुलिस को जानकारी मिली। घटना के तीन घंटे बाद तक पुलिस लॉजनही पहुंची थी। इरबा स्थित लॉज से सुमन का शव बरामद होने का पहला मामला नही है। इससे पूर्व आसपास के विभिन्न लॉज के कई युवती व युवक का शव बरामद हो चूका है। जिसमें ज्यादातर क्षेत्र के कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले युवती का शव बरामद हुआ है। इन सभी मामले में हत्या या आत्महत्या, किसी भी मामले का ठोस खुलासा नही हुआ है। पहले के मामले सभी राज्य के विभिन्न जिले के थें। पहली बार रांची जिला के ही युवती का शव बरामद हुआ है।

वहीं ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की छानबिन की जा रही है। स्वजनों द्वारा मामला दर्ज नही कराया गया है। मामला दर्ज होने व पोस्टमार्टम रिर्पोट के के अनुसार पुलिस द्वारा आगे की कार्रवायी की जाएगी।

## खबर एक नजर में

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी गयी

**इटकी।** इटकी यूथ क्लब की मासिक बैठक सोमवार को आशा संस्था के प्रांगण में किशोर गोप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी गयी।


बैठक में शामिल लोग।

मौके पर डॉ अम्बेडकर के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, क्वीज प्रतियोगिता व लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं यूथ कल्ब के द्वारा पूर्व में किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी साथ ही इस माह होने वाले स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्च की गयी। बैठक में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत सिंह के अलावे पेंशनर समाज और यूथ क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### टाटी सिलवे में मनाई गई बाबा साहब की जयन्ति

**अनगड़ा।** टाटी सिलवे में भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयन्ति मनाई गयी इस मौके पर अतिथियों ने संविधान निमार्ता बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति



श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर महिलाओं के बीच साड़ी गमछा और संविधान की किताब वितरण किए गए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पारस नाथ उरांव विशिष्ट अतिथि पदम श्री महावीर नायक उप प्रमुख बिना देवी भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी जैलेन्द्र कुमार आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो वीना देवी अरुण राम धीरज राम गणेशाराम मनोज नायक राजेंद्र महतो किशन कुमार नायक समाजसेवी रामकुमार नायक जी पूर्व मुखिया मनकी धनंजय शाही एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मारपीट कर गले से चेन लूट लेने व दुपटटा खीचने का मामला, प्राथमिकी दर्ज

**नामकुम।** टाटीसिलवे थानाक्षेत्र के चतरा भंडारटोली की रहनेवाली सुमन कुमारी बदला हुआ नाम उम्र 27 वर्ष के ब्यान पर अपने गोतिया रोहित महतो, तीर्थनाथ महतो पर मारपीट कर गले से सोने का चेन लूट लेने और लज्जा भंग करने की नियम से दुपटटा खीच कर फेंक देने और मार कर गाड देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में सुमन ने सभी पर मारपीट कर मुंह से खून निकाल देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार सुमन अपनी जमीन पर बाउएड्री का काम करवा रही थी, उसी दौरान तीनों मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर दुपटटा खींच लिया और मार कर गाड देने की धमकी दी। पुलिस ने सुमन के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### राहे व सोनाहातू में मनाया गया अम्बेडकर जयंती

**राहे/सोनाहातू।** प्रखंड के रामडेरा गांव में आजसू राहे प्रखंड कमिटी ने संविधान के निमार्ता और भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो अपने समर्थक ग्राम प्रधान अमर सिंह मुंडा, रंजीत सिंह मुंडा, एतवा ऊरांव, कलावती देवी, दमयंती देवी, शकुंतला, कृष्णा लोहरा, शकुंतला देवी, के साथ रामडेरा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा के तत्वावधान में राहे ओर सोनाहातू में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर संविधान बचाओ दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया। कार्यकताओं के साथ भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर माल्यार्पण के बाद झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि संविधान की रक्षा आज सबसे जरूरी हो गया है। अंबेडकर के विचारों को देश के हर गांवों, घरों में पहुंचा कर शहीदो के सपनों का भारत बनाया जा सकता है। मौके पर किसान नेता विनोद साव, जन्मेंजय साव, सोहराई साव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

## स्पीड न्यूज

### नवागढ़ शिव मंदिर के रूद्राभिषेक को लेकर निकाला कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालू।

**सिकिदिरी।** नवागढ़ स्थित शिव मंदिर का सोमवार से पहला तीन दिवसीय पहला श्री श्री 108 रूद्राभिषेक महायज्ञ शुरू हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। 301 महिलाओं ने सोसो डेगाडेगी स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार भी कलश यात्रा में शामिल हुए। 15 अप्रैल को बेदी पूजन व 16 अप्रैल को अखंड हरिकीर्तन व भंडारा होगा। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राजेश शास्त्री व सहयोगी दीपक मिश्रा द्वारा कराया जा रहा है । इस अवसर पर संजय उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, रामदेव पांडेय, पूर्णोशशि पांडेय, राजू रजवार, जगनू रजवार, विजेन्द्र उपाध्याय, मुकेश पांडेय, दिलीप पांडेय, संदीप पांडेय, भरत पांडेय सुमित पांडेय, अनिल पांडेय, पुशु रजक, सुधीर पांडेय आदि उपस्थित थे।

### चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी धराया


पकड़ा गया स्कूटी चोर।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र से लगातार बाइक की चोरी की घटना के बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा कुटे से एक चोरी की के साथ आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। कुटे निवासी इसराइल अंसारी के बेटा इकरामुल अंसारी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं चोरी की स्कूटी भी बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि पाहन टोली इरबा में रहने वाले युवती रेखा कुमारी की स्कूटी इरबा बाजार से चोरी हो गई थी। रेखा सब्जी लेने इरबा बाजार गई थी। चोरी का मामला दर्ज होने के बाद से ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा चोरों का पता लगा रही थी। पुलिस को कुटे में एक चोरी का स्कूटी होने की गुप्त सूचना मिलते ही, पुलिस द्वारा आरोपी को घर से स्कूटी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# खलारी : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में अंबेडकर जयंती पर कई कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा पथसंचलन कर डकरा अम्बेडकर पार्क में बने डॉ0 भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के पास पहुँचे। इस दौरान सिस्टा के अध्यक्ष का कन्हाई पासी व प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा के द्वारा बाबा साहेब पर फूलमाला पहनकर शतशत नमन किया। कार्यक्रम में संविधान के विधाता, समता पुरुष, भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर विद्यालय



के आचार्य बंधु-भगिनी गण के साथ छात्र-छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बाबा साहेब की जयंती के शुभ अवसर पर उनके गुणों, आदर्शों, देश के लिए उनका योगदान, दलितों के उत्थान के लिए उनका संघर्ष, उनकी विद्वता पर बारी-बारी से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण के साथ एकांकी, नाटक, गीत, कविता के माध्यम से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को अपने देश की सत्ता भी सम्मान देती है और संविधान सभा में उनके विरोधी भी आदर पूर्वक व्यवहार करते हैं। राष्ट्र निर्माण और भविष्य को बेहतर बनाने में युवाओं और छात्रों की अहम भूमिका है।

## नवागढ़ शिव मंदिर के रूद्राभिषेक को लेकर निकाला कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** नवागढ़ स्थित शिव मंदिर का सोमवार तीन दिवसीय पहला श्री श्री 108 रूद्राभिषेक महायज्ञ शुरू हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया। 301 महिलाओं के द्वारा सोसो डेगाडेगी स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार भी कलश यात्रा में शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राजेश शास्त्री व सहयोगी दीपक मिश्रा कर रहे है। इस अवसर पर संजय उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, रामदेव पांडेय, पूर्णोशशि पांडेय, राजू रजवार, जगनू रजवार, विजेन्द्र



उपाध्याय, मुकेश पांडेय, दिलीप पांडेय, संदीप पांडेय, भरत पांडेय सुमित पांडेय, अनिल पांडेय, पुशु रजक, सुधीर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## कल्याण विभाग में नौकरी के नाम 15 लाख की ठगा, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव तिरला के भोले-भाले ग्रामीणों से कल्याण विभाग में नौकरी व लॉन दिलाने के नाम पर लाखों रूपया की ठगी करने वाले दो आरोपियों को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि हजारीबाग के विक्रांत राव व श्रीक्रांत राव दोनो ने पहले तिरला गांव के सूकरा उरांव व बिनोद उरांव दोना पिता पुत्र को बताया कि दोनो कल्याण विभाग के कर्मी है। उन्हीं दोनो के माध्यम से गांव वालों को भी विष्वास में ले लिया। जिसके बाद पिता-पुत्र की मदद से गांव वालों को भरोषा में लेते नौकरी व लॉन दिलाने के नाम पर दर्जनों


ठगी के आरोपी पिता-पुत्र।

लोगों से 15 लाख से अधिक रूपए की ठगी कर फरार हो गए। जब किसी को नौकरी व लॉन नही मिला तो गांव के पुलेंद्र उरांव द्वारा ओरमांझी थाना में चारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। वहीं पुलिस द्वारा फरार दोनों मुख्य आरोपी हजारीबाग के विक्रांत राव व श्रीक्रांत राव को गिरफ्तार करने का प्रयास की जा रही है।

## सरस्वती शिशु मन्दिर में मना अंबेडकर जयंती

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु मन्दिर गेतलसूद में संविधान निमार्ता और भारत रत्न से अलंकृत डॉ भीम राव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ति मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सेवा राम महतो ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में बाबा भीमराव अंबेडकर जी का बहुत बडा योगदान रहा है। इन्हीं के नेतृव में दो वर्ष ग्यारह महीना अठारह दिन में पूरा संविधान को लिखा गया। संविधान के कारण भारतवासी पूरे आजादी के साथ संविधान का पालन करते हुए स्वच्छंद वातावरण में जी रहे हैं। विद्यालय के भैया बहनों ने कहा कि हम सभी को बाबा भीव राव अम्बेदकर के बताए मार्ग पर चलने की अवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन बीरेन्द्र कुमार ने किया मौके पर रामचन्द्र महतो, रंजीत महतो, सुखदेव महतो, शिवशंकर महतो, मुकेश महतो, बेबी रानी देवी, यज्ञा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## सम्यक ज्ञान निकेतन के तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सम्यक ज्ञान निकेतन के तत्वाधान में बुकबुका पंचायत स्थित साई नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनोज भुईयां की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित लोगों द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसके बाद भूटान और थाईलैंड में आए भूकंप में हताहत हुए बौद्ध भिक्षुओं एवं नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज भूईया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाना ही अपने मे राष्ट्रभक्ति है। हम सभी नागरिकों को भारतीयों यानी प्रेम सहयोग त्याग भाईचारा संहिस्ता के साथ माननीय मूल्य को जीवित रखना होगा यही अंबेडकरवाद है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरोज चौधरी, गणेश भुईया, नीलू विश्वकर्मा, रामकुमार भुईया, शिबू तुरी, चमन तुरी, अरुण पासवान, कुलदीप लोहार, पुनीता देवी, माया देवी, मंजू देवी, एलीना, विनोद सिंह, सोसती केरकेट्टा, भुवनेश्वर, रवि पूषण भोक्ता, राजकुमार दास सहित अन्य उपस्थित थे।

# चैत्र पर्व व शिव पूजा संपन्न, अंगारों पर चले शिव भक्त

### भोक्ता झूलन और छऊ नृत्य का हुआ आयोजन


आग में चलते भोक्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के महेशपुर, नुरू, गोवाली ओर दरहा गांव में शनिवार सुबह को हर्षोल्लास के साथ चैत्र पर्व व शिव पूजा संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में रविवार रात को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वहीं सोमवार सुबह फूलखुंदी (दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। नुरू ओर गोवाली गांव में भोक्ता 50 फीट ऊंची हवा में झूलते हुये झूलन किया। शिव भक्त अपने पीठ में लोहे की छड़ बेध कर झूलन किया। अनुष्ठान के बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा गया।

**आस्था का अद्भुत प्रतीक है फूलखुंदी ओर झूलन :** फूलखुंदी में भोक्ता नंगे पांव आग पर चलते हैं। सभी भोक्ता पाटभोक्ता के नेतृत्व में मंदिर के निकट तालाब से स्नान कर इस आग की पूजा अर्चना कर अंगारे में गुजरकर व्रत पूर्ण करते हैं। इसके बाद पीठ में लोहे की छड़ में रस्सी बांध कर 50 फीट ऊपर हवा में बल्ली के सहारे झूलते है। सारा अनुष्ठान 24 घण्टे निर्जला उपवास में रह कर करते है। आयोजन को लेकर मेला समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका में रहे।

### नवागढ़ में दहकते अंगारे पर चले शिव भक्त

**सिकिदिरी।** शिव मंडा पूजा समिति नवागढ़ द्वारा प्राचीन शिव मंदिर नवागढ़ में पांच दिनों तक चली शिव मंडा पूजा का समापन सोमवार की सुबह फूलखुन्दी और झूलन के साथ हुआ। 75 भोक्ता और 80 सोकताईन ने नंगे पांव अंगारों पर चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया। इस से पूर्व रविवार की रात मंडा पूजा मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, संरक्षक फाल्गुनी शाही, मानकी कामख्या नारायण शाही, मुखिया भुनेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि मंडा पूजा उपासना व भक्ति का



प्रतीक है। मंडा पूजा झारखंडी संस्कृति की अहम कड़ी है। पूर्वजों के इस परंपरा को आगे भी कायम रखने की जरूरत है। संचालन दिलीप मिर्धा ने किया। रविवार की रात पश्चिम बंगाल और सरायकेला के छऊ नृत्य पार्टी ने लोगों का मनोरंजन किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नरेंद्र महतो, प्रभु बड़ाइक, अजय महतो, राजेंद्र महतो, अध्यक्ष गौतम करमाली, सचिव विजेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रूसुवा मिर्धा, दिलीप कुमार मिर्धा, रामदेव पांडे, शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, ओम संगवार, अनिल हजाम, दिनेश करमाली, मनरतन करमाली आदि उपस्थित थे।

# खबर मन्त्र

रांची.मंगलवार. 15 अप्रैल 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## यूपीआई में समस्या

देश भर में यूपीआई को गत एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा जिसके चलते देश भर के उपभोक्ता कई घंटों तक परेशान रहे। यूपीआई नेटवर्क का संचालन करने वाले नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी दी कि उसे रुक-रुक कर तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते यूपीआई लेनदेन आंशिक तौर पर विफल भी हो रहे हैं। बहरहाल चिंता की बात यह है कि यह अपनी तरह की इकलौती घटना नहीं है। शनिवार को यूपीआई के अचानक बंद होने के पहले भी हाल के दिनों में दो बार ऐसा हो चुका है। हालांकि एनपीसीआई ने गत सप्ताह यह सूचना दी थी कि उसने समस्या की जड़ का पता लगाने के लिए विश्लेषण किया है लेकिन शायद इससे खास मदद नहीं मिली। चूंकि यह बीते एक साल में इसके बाधित होने का छठा अवसर था इसलिए अब वक्त आ गया है कि कुछ सवाल किए जाएं और ऐसी बाधाओं की आशंकाओं को समाप्त किया जाए। इसमें दो राय नहीं कि एनपीसीआई ने बीते एक दशक में शानदार काम किया है। उसने देश में डिजिटल लेनदेन को पूरी तरह बदल दिया है। इस समय देश में रोज करीब 60 करोड़ यूपीआई लेनदेन होते हैं। यूपीआई की कामयाबी के कारण बहुत बड़ी संख्या में भारतीय बिना नकद राशि लिए घर से निकलते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिनका मोबाइल फोन ही उनका बटुआ है क्योंकि देश के दूरदराज इलाकों में भी यूपीआई से भुगतान स्वीकार किया जाता है। ऐसे में लेनदेन की प्रक्रिया का अबाध होना आवश्यक है। अगर यूपीआई अनायास बंद होता रहा तो कारोबारों को बहुत नुकसान होगा, खासकर छोटे कारोबारियों और वेंडरों को। एक तरह से देखें तो यह वित्तीय व्यवस्था के लिए भी जोखिम भरा साबित हो सकता है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
**सौरभ कुमार**
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम





-ललितगर्ग

**न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है।**

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है।

न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है।

सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।

न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत के अनेक पड़ोसी देश बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि में न्यायाधीश अपनी संपत्तियों की घोषणा करते हैं। कई देशों में यह स्वैच्छिक है तो कुछ जगह अनिवार्य भी है।

न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अभी इस दिशा में और प्रयासों की जरूरत है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई ऐसी पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। लेकिन अब स्वयं न्यायपालिका की तरफ से ऐसी व्यवस्था लागू करने का सराहनीय प्रयास होना सुखद ही कहा जायेगा। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता, प्रामाणिकता, निष्पक्षता व शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने न्याय के देवताओं को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का समाज में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दृष्टि से दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में ऐसी किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा।

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**- अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**- राजेश चौहान, कोडरमा**

## ट्वीट

झारखंड पंचायत सहायक संघ के सदस्य मुझसे मिलने आए, और भविष्य के लिए मुझे शुभकामनाएँ दीं । ब्लॉक और पंचायत स्तर पर इन्हें कार्य का लंबा अनुभव है । विभाग द्वारा इन्हें पंचायत हेल्प डेस्क हेतु पंचायत भवन में स्थापित किया गया है । मैंने पंचायत हेल्प डेस्क की परिकल्पना की थी, और इस कार्य के लिए पंचायत सहायक की अनुशंसा करते हुए सरकार को प्रस्ताव बढ़ाया था। इनके योगदान से पंचायत का सफलता पूर्वक कार्य विस्तार और संचालन होगा

मैंने इन्हें शुभकामनाएं दीं और कभी अलविदा ना कहने का आग्रह किया । मैंने इनसे आग्रह किया की जिन गाँव की इनको जिम्मेदारी जी जाएगी , उनसे ये पूरी तरह से जुड़ जाएं । **- निशा उरांव, प्रशासनिक अधिकारी**

# मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

**सामयिक**

**मुकुंद**

**आज** दुनिया में भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र (औषधि विज्ञान) की छवि तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के आह्वान से यह इंडस्ट्री पहले से कई गुना सुदृढ़ हुई है। यही नहीं भारत पिछले छह-सात वर्षों से यूनिसेफ का सबसे बड़ा वैक्सीन आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है।

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दशार्ता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआइ प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत?पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत?पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है।

इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत?पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है। इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि इन दवाओं के उत्पादन में गुणवत्ता से कई समझौता नहीं किया जाता। यह धारणा गलत है कि महंगी दवा का मतलब बेहतर प्रभाव होता है। सरकारी अस्पतालों में बीमारी का प्रभावी विकल्प लिखने में जेनेरिक दवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। अच्छी बात यह है कि आठ अप्रैल, 2025 तक देश भर में कुल 15,479 जन औषधि केंद्र हैं। करोड़ों लोग इनके माध्यम से सस्ती दवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# सरदार पटेल को लेकर क्या है सच?

**विमर्श**

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा किए जानेवाले कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए जिस बात पर जोर दिया, वह था कि ह्यह्यसरदार पटेल और नेहरूजी के बीच गहरे और मधुर संबंध थेह्नह्न किंतु इतिहास तो कुछ और ही कह रहा है। अब कांग्रेस इस बात को कितना छिपाएगी कि जवाहरलाल नेहरू ने अपने समय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे श्रेष्ठ नेताओं के साथ कैसा व्यवहार किया है। आज कांग्रेस सरदार पटेल को लेकर कितना ही झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास करे लेकिन इससे सच नहीं बदलने वाला है। इतिहास काल का वह पन्ना है, जिसमें एक बार जो कहानी लिख जाती है, वह फिर मिटाए नहीं मिटती। क्योंकि ये इतिहास फिर कभी अपनी वैसी ही पुनरावृत्ति नहीं करता, जैसा कि तत्कालीन समय में घटता है।

कांग्रेस ने वास?तव में जो सरदार पटेल के साथ किया, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकेगा। सरदार पटेल की जब मृत्यु हुई तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की एक घोषणा सामने आई और इस घोषणा के तुरन्त बाद एक आदेश भी आया। उस आदेश में दो बातों का प्रमुखता से जिक्र था, पहला-सरदार पटेल को दी गयी सरकारी कार उसी वक्त वापस ले ली जाय और दूसरा, गृह मंत्रालय के वे सचिव/अधिकारी जो सरदार-पटेल के अन्तिम संस्कार में बम्बई जाना चाहते हैं, वे अपने खर्चे पर जाएं। सरदार पटेल के प्रति नेहरू के अंदर का विद्वेष इतना करके भी रुक जाता तब भी बहुत होता; किंतु वह कहां माननेवाले थे। उसके बाद नेहरू ने अपने मंत्रिमण्डल की तरफ से तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को कहलवाया कि वे सरदार पटेल के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए नहीं जाएं। पर जब नेहरू को पता चला कि वे अंतिम संस्कार में जा रहे हैं तो तुरंत उन्होंने वहां सी. राजगोपालाचारी को भेजा और जो सरकारी श्रद्धाजंलि (स्मारक) पत्र राष्ट्रपति के नाते डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा पढ़ा जाना था, वह उनसे न पढ़वाते हुए उसे सी. राजगोपालाचारी को सौंप दिया गया।

इतना होने के बाद भी जवाहरलाल नेहरू के अंदर सरदार पटेल को लेकर जो गुस्सा भरा था, वह कम होने का नाम नहीं ले रहा था। यदि यह सच नहीं है, तो फिर क्यों बार-बार कांग्रेस के अन्दर से स्व. पटेल के स्मारक बनाने की मांग उठ रही थी और कहा जा रहा था कि इतने बड़े नेता की याद में सरकार को कुछ करना चाहिए पर नेहरू लगातार विरोध करते रहे, फिर जब नेहरू ने देखा कि पार्टी में उनके प्रति मनमुटाव पैदा हो रहा है, तब जाकर उन्होंने इस बारे में सोचे जाने और कुछ करने की हामी भरी थी। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में नेहरू के खिलाफ सरदार पटेल के नाम को रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी पुरुषोत्तमदास टंडन को पार्टी से बाहर कर देने का उनका फरमान भी पटेल के प्रति नेहरू की अंदरूनी नफरत को प्रदर्शित करता है। जबकि होना ये चाहिए था कि समर्पण दोनों तरफ का होता, देश की स्वाधीनता में जो सरदार पटेल का योगदान रहा, वह अद्वितीय है, जो सरदार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे थे, उन्होंने महात्मा गांधी के कहने पर गृहमंत्री बनना स्वीकार किया। फिर भी हो क्या रहा था? ये समर्पण एकतरफा दिखाई दे रहा था।

नेहरू का रुख सरदार के प्रति उनके अंतिम समय तक नहीं बदला। दूसरी ओर सरदार वल्लभ भाई पटेल महात्मा गांधी से वचनबद्ध थे, वह पहले ही उनके सामने ये हामी भर चुके थे कि वे जवाहरलाल नेहरू को अकेला नहीं छोड़ेंगे, जब तक उनकी सासें चल रही हैं, उनका नेहरू के प्रति एकतरफा समर्पण रहेगा।

**देश की पहली हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी ट्रायल रन के लिए तैयार है। रेवाड़ी स्टेशन पर खड़ी हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी।**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में धूमधाम से मनी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



मौके पर उपस्थित लोग

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जीवन भर समाज के शोषित और वंचित वर्गों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई और एक समतामूलक समाज की नींव रखी। विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। कक्षा 6 की आरोही कुमारी और कक्षा 10 के प्रियम कुमार ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीसीए प्रभारी रवि उदय सिंह ने कहा कि अंबेडकर जी का जीवन दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है। वे अपने संघर्षों से पूरे समाज के लिए मिसाल बने। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी छात्रों से अपील की कि वे संविधान के नियमों का पालन करते हुए भारत को एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उपायुक्त ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



माल्यार्पण करती उपायुक्त

**हजारीबाग।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आज उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपायुक्त ने संविधान के रचयिता बाबा साहेब के मूल्यों और उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निमार्ता थे। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, एनडीसी, जिला स्तरीय अधिकारी, संस्थानों के सदस्य सहित आम जन मौजूद थे।

### चरही के सडवाहा में शिव-पार्वती मंडा पूजा संपन्न

**चरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा धूमधाम के साथ शनिवार को संपन्न हो गया ।श्रद्धालुओं ने लगातार 7 दिनों तक लोटन सेवा करते रहे ।इस पूजा का शुरूआत पटभंगी पूजा से किया गया था ।शुक्रवार रात को शिव मंदिर में शिव भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर भभूत अर्पन किया ।उसके बाद भगवान शिव पर अर्पित किये गए भभूत को पूरे गांव में वितरण किया गया ।इस अवसर पर पूजा कमिटी के द्वारा मेला का आयोजन किया गया था ।साथ ही दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया था ।दूर-दराज के गावं से आये लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते रहे ।शनिवार को अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चले ।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुन: शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शिव भक्तों ने अपने-अपने पीठ पर लोहे के बने मोटे-मोटे और नुकिले कील को गुथवाकर रस्सी के सहारे 50 फिट के बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्नकर पारण किया। मंडा पूजा को सफल बनाने में पुजा कमिटी के बासुदेव करमाली,उमेश सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली,सत्येन्द्र नारायण सिंह, कुलेश्वर करमाली ,किशुन महतो,बडेलाल ठाकुर,छोटेलाल ठाकुर,बंगाली करमाली,गुडू महतो,शिव कुमार यादव,दीपनारायण महतो सहित कई लोग थे।

### मनीष जायसवाल ने अनुसूचित छात्रावास में अंबेडकर प्रतिमा का किया अनावरण



**हजारीबाग।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने जिला कल्याण अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा उनके विधायक कार्यकाल में विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से स्थापित हुई थी। कार्यक्रम में छात्रावास के छात्रों और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि समाज में समानता और खुशहाली हो। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब उनके ‘शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो’ के मूलमंत्र को अपनाएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रतिमा स्थल पर जल्द ही शेड का निर्माण कराया जाएगा।

### जतराटांड़ में भगवान शिव और पैंकी में हनुमान जी की प्रतिमा का हुआ प्राण प्रतिष्ठा


**कुजू।** करमा ग्राम के जतराटांड़ में भगवान हनुमान पैंकी मुंडा टोला में भगवान शिव परिवार की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। इस दौरान करमा में यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडित ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक जबकि पैंकी में यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक के हाथों पूजा पाठ कराया।

# हजारीबाग की सड़कों पर मौत की छांव

## क्या सूखे पेड़ों की यह चुप्पी किसी बड़े हादसे की आहट है?

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** एक शहर जो अपनी हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, वहीं अब यही हरियाली के लिए वर्षो पहले लगाए गए कई पेड़ सुख गए है जो एक खौफनाक साया बनकर शहरवासियों के सिर मंडरा रही है। सड़कों के किनारे खड़े सूखे पेड़ अब सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि मौत के मौन प्रतीक बन चुके हैं, कब गिर जाएं, कौन दब जाए, कोई नहीं जानता। हजारीबाग से बगोदर, बरही, बड़कागांव या रांची किसी भी रूट पर जाइए, आपको सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ मिल जाएंगे। इन पेड़ों की हालत ऐसी है कि हल्की सी हवा भी इनकी कमजोर टहनियों को गिराने के लिए काफी है। यह कोई अनुमान नहीं, कड़वा सच है, क्योंकि पहले भी इन पेड़ों से गिरी टहनियों के कारण जानें जा चुकी हैं। यही नहीं हजारीबाग की प्रसिद्ध झील, जो कभी शहर की शांति और सौंदर्य का प्रतीक थी, अब वहां लगे 50 साल पुराने सूखे पेड़ों की वजह से एक संभावित हादसे का केंद्र बन चुकी है। ये पेड़ अब धीरे-धीरे अपने हिस्से गिरा रहे हैं और अगला हिस्सा किसके सिर पर गिरे, कोई नहीं कह सकता। खास बात यह है कि यह क्षेत्र प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील है, जहां वन विभाग से लेकर अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी निवास करते हैं। इसके बावजूद, इन सुखे पेड़ों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।





सड़क किनारे सूखे पेड़

### खतरे की चार केस स्टडी और प्रशासन की खामोशी

**केस स्टडी 1**

**एनएच-522 पर सूखे पेड़ों से खतरा**

हजारीबाग से बगोदर मार्ग पर सूखे पेड़ों की स्थिति खतरनाक हो गई है। हल्की हवा में टहनियाँ टूटकर गिरती हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए खतरा बढ़ गया है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने वन विभाग से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**केस स्टडी: 2**

**शहर में 150 से अधिक सूखे पेड़**

हजारीबाग शहर में सड़क किनारे 150 से अधिक सूखे पेड़ खड़े हैं, जो तेज हवा या बारिश में गिर सकते हैं। इन पेड़ों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**केस स्टडी: 3**

**चरही घटो रोड पर सूखे पेड़ों से बढ़ा खतरा**

चरही घटो रोड पर दर्जनों सूखे पेड़ बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। पंचायत मुखिया और ग्रामीणों ने वन विभाग को कई बार आवेदन भेजा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**केस स्टडी: 4**

**साप्ताहिक बाजार के पास सूखे पेड़**

हजारीबाग-सिमरिया मार्ग एनएच 100 पर कई सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। इस मार्ग में सबसे अधिक बानादाग में पेड़ सूख चुके हैं, जिससे राहगीरों को खतरा है।

### लोगों ने कहा, ये पेड़ अब यमराज हैं!

स्थानीय निवासियों ने साफ कहा कि ये पेड़ अब साक्षात यमराज बन चुके हैं। हर गुजरने वाला शख्स किसी अनहोनी की आशंका के साथ यहां से गुजरता है। वन विभाग और जिला प्रशासन को चाहिए कि तुरंत सर्वेक्षण कर इन पेड़ों को हटाने की कार्रवाई करे और इसके बदले नए छायादार और मजबूत पेड़ लगाए। सवाल यह है कि क्या प्रशासन को किसी ब्रेकिंग न्यूज की जरूरत है? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा? क्या किसी की जान जाना अब कार्रवाई का ट्रिगर बनेगा? अगर समय रहते कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाला कल इस लापरवाही को एक दर्दनाक खबर में तब्दील कर सकता है।

# नामांकन में मनमानी : सेंट जेवियर स्कूल की फीस वसूली से अभिभावक भड़के

### शिकायत लेकर पहुंचे मैंगो मैन के पास

खबर मन्त्र संवाददाता



सेंट जेवियर स्कूल



मनोज गुप्ता



किशोरी राणा

**हजारीबाग।** जिले के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में कक्षा-11 में दाखिले की प्रक्रिया ने अभिभावकों की नींद उड़ा दी है। स्कूल द्वारा प्रेप से लेकर दसवीं तक पढ़ चुके छात्रों से भी फिर से नामांकन लेने की जिद और भारी-भरकम फीस वसूली की तैयारी ने लोगों को गुस्से से भर दिया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने ग्यारहवीं कक्षा में पुनः नामांकन के नाम पर 50,000 रुपये की फीस तय कर दी है। यही नहीं, 28 अप्रैल से कक्षाएं शुरू करने की बात कहकर अप्रैल माह की फीस भी तुरंत मांगी जा रही है। इस जबरन वसूली और प्रक्रिया को लेकर अभिभावक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब बच्चा प्रेप से दसवीं तक यहीं पढ़ा है, तो फिर ग्यारहवीं में दोबारा नामांकन क्यों? विभिन्न अभिभावकों ने इसे स्कूल की गैर-जिम्मेदाराना और शोषणकारी नीति बताया। उनका कहना है कि यह आर्थिक दबाव बच्चों के भविष्य को संकट में डाल रहा है। कुछ लोगों ने डीसी नैंसी सहाय से इस मामले में दखल की मांग की है और चेतावनी दी है कि आवश्यकता पड़ने पर वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। अभिभावकों ने इस मुद्दे को समाजसेवी और ‘मैंगो मैन’ के नाम से चर्चित मनोज गुप्ता के सामने रखा।

श्री गुप्ता ने इसे सीधा आर्थिक शोषण बताते हुए कहा कि अगर स्कूल ने मनमानी जारी रखी, तो वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने मंगलवार से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए डीसी से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है।

वही नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष और समाजसेवी किशोरी राणा ने कहा कि अभी विधानसभा में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री री-एडमिशन और फीस बढ़ोतरी रोकने को लेकर बड़ी- बड़ी बातें कर रहे थे। लेकिन शिक्षा माफिआ के आगे ये नतमस्तक है। गरीब का बच्चा अच्छे स्कूलों में पढ़ाई ना करे यही इनकी मंशा है। अब ऐसा चलने नहीं दिया जाएगा। बहुत जल्द आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

इधर इस मामले पर स्कूल के प्राचार्य से संपर्क करने की कोशिश की गयी पर संपर्क ना हो सका।

ज्ञात हो कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर उठे इस मामले ने हजारीबाग के अभिभावकों को झकझोर दिया है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले पर क्या सख्त कदम उठाता है।

### कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ : पीयूष बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता



संजीव बेदिया के पुत्र पीयूष बेदिया के साथ नये सदस्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पतरातू प्रखंड समिति की सोमवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल व संचालन संजय अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के पुत्र पीयूष कुमार बेदिया उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबुती, जन समस्याओं का समाधान, मइयां सम्मान योजना से वंचित युवतियों को इसका लाभ दिलाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दर्जनों युवको ने झामुमो का दामन थामां। सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि पीयूष बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन लोग झामुमो से जुड़कर पार्टी और समाजहित में कार्य करना चाहते हैं। श्री बेदिया ने कहा कि मैं भी अपने पिता हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया की तरह पार्टी की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए इस क्षेत्र में उतरा हूं। युवाओं को एक सूत्र में पिरोकर झामुमो को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष झलकू बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया, ग्यास खान, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, वीरेंद्र यादव, इमामुल अंसारी, चरेंद्र बेदिया, इस्लाम अंसारी, राजन करमाली, अशोक दास, विजय मुंडा, जयलाल सिंह, वीरेंद्र मांझी सहित दर्जनों नये सदस्य मौजूद थें।

### भाजपा द्वारा दिगवार में केंद्रीय योजनाओ को लेकर हुआ चौपाल का आयोजन

**कुजू।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद दिगवार वार्ड चार में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में भाजपा द्वारा चौपाल का आयोजन किया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए जनहित विकास कार्यों के बारे में जनता से रूबरू हुए। इस चौपाल में दर्जनों की संख्या संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना शौचालय योजना, आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पेंशन योजना मुफ्त राशन योजना गैस कनेक्शन, हर घर नल जल योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना सहित अनेक योजनाओं गरीब जनता को मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। चौपाल की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि व संचालन पूर्व महामंत्री नगर परिषद सुनील प्रसाद साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता अरुण कुशवाहा ने किया। चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह, भाजपा नेता हरिनारायण कुशवाहा, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि रीमा देवी महिला, नेत्री सुनीता रविदास, संगीता देवी, रवि कुशवाहा, राहुल गिरी, राजू रविदास, दिलेश्वर कुशवाहा, रोहन लाल, नरेश प्रजापति, काशी रविदास, अशोक गिरी, मन्नू कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, ईश्वर राम आदि शामिल थे।

# मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में दिखी पुलिस और जनता की शानदार साझेदारी, पुलिस टीम ने मारी बाजी

### रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में रिवर साइड की जनता टीम को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता



मैच में शामिल रामगढ़ पुलिस टीम व रिभर साईड की पब्लिक टीम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड स्थित मयूर स्टेडियम सोमवार को एक बेहद खास आयोजन का गवाह बना। जहां रामगढ़ पुलिस और जनता के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। यह सिर्फ एक खेल नहीं था, बल्कि एक संदेश था स्वास्थ्य, सौहार्द और समाज में आपसी विश्वास को मजबूत करने का। भुरकुंडा रिभर साईड स्थित मयूर स्टेडियम में आयोजित इस मैत्री मैच में रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने भुरकुंडा रिभर साईड पब्लिक टीम को 12 रनों से हराकर कप पर कब्जा जमा लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी रिभर साईड की पब्लिक टीम 107 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए दिगंबर पांडेय को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में मुख्य अतिथि पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, सार्जेंट मेजर मंटू यादव और भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता शामिल रहे, जिन्होंने खुद मैदान पर उतरकर फिटनेस और खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। विजेता-उपविजेता टीम को विनर और रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही बेहतर आयोजन के लिए जनता को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गयां मौके पर पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने कहा कि हमारी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, लेकिन असली जीत उस दोस्ती की रही जो मैदान पर देखने को मिली। आयोजन ने यह साबित कर दिया कि वर्दी के पीछे भी एक मित्र होता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी करियर बनाया जा सकता है। रामगढ़ पुलिस टीम में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, दिगंबर पांडेय, विवेक पाठक, मुनाजिर आलम, चंदन कुमार, सुनील कुमार, साकिब शेख, रघु पासवान, बबन राम, गौरव कुमार, रंजीत कुमार यादव शामिल थें। वहीं पब्लिक टीम में रितेश कुमार, शुभम सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, तूफान सिंह, मोती सिंह, निक्कू कुमार, आयुष सिंह, सोनू कुमार, मोनू कुमार, तंशिक आदि शामिल थें। मौके पर राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, रिवर साईड गुरुद्वारा के प्रधान भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, आजसू नेता राजेश मंडल, छोटू सिंह, मनोज चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## एक नजर में

### झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मेगालिथ एवं इसको गुफा का अवलोकन किया



**बड़कागांव।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बड़कागांव में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह गांव स्थित मेगालिथ स्थल तथा नापोखुर्द पंचायत के इसको गांव में इसको गुफा का अवलोकन किया। इस दौरान इसको गुफा में उकेरी गई कलाकृतियों को भी सचिव ने बारीकी से अवलोकन किया। तथा इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी से इन दोनों पर्यटन केंद्रों पर होने वाले सुंदरीकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां ली। अलका तिवारी ने दोनों पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर काफी प्रसन्न नजर आई। अवलोकन के पश्चात अलका तिवारी रांची के लिए प्रस्थान कर गई। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी,बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल,अंचलाधिकारी मनोज कुमार,एसडीपीओ पवन कुमार,इंस्पेक्टर अनिल कुमार,थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया



कार्यक्रम में शामिल

**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं द्वारा थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ अधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार व अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री विनोद कुमार उपस्थित थे ।सभी ने` डॉ अंबेडकर कि संघर्ष को याद किया।

### बाबा साहेब अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया: ब्रह्मदेव महतो



बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते

**कुजू।** सीसीएल कुज्जू क्षेत्र के पुंडी परियोजना में सोमवार को कोल इंडिया एससी/ एसटी एम्पलाज एसोसिएशन (सिस्टा) की क्षेत्रीय कमिटी द्वारा संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो व पुंडी शाखा सचिव सह सिस्टा के क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों को बाबा साहब के जीवनी के बारे में बताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प दिलाया। मौके पर रमेश मुर्मू, गांधी महतो, प्रसाद जी, गणेश तुरी, मानकों देवी, शिवधर महतो, खखून रविदास, गुलाम रब्बानी, एलारूस उरांव, रंजीत नोनिया, जागो गंझु, मंगरा गंझु रतनी देवी, पंचू महतो, राजेश चंद्र, सुदामा प्रजापति, धर्म महतो, धनेश्वर प्रजापति, मंसूर मियां, प्रकाश कुमार, जयदेव मुखर्जी, टिकेंद्र कुमार महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सर्वोदय निकेतन में बाबा साहब की जयंती मनी



सर्वोदय निकेतन में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के पश्चात देश के संविधान निर्माण के समय ड्राफ्टिंग कमिटी की अध्यक्षता की। साथ ही देश के कमजोर, दलित, शोषित और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु देश के संविधान में उचित कानूनों को स्थान दिलाए। आपके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आज देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश वर्मा, मनीष प्रसाद, ब्रह्मदेव महतो, सुशांत कुमार सिंहा, सिंधु गुप्ता, पूजा कुमारी, अनीता राज मुंडा, रजनी कुमारी, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, गजाला परवीन, बासुदेव सोरेन आदि सहित बहुत सारे लोगों ने अपने विचार रखे।

### भीमराव अम्बेडकर ने एक संतुलित संविधान का निर्माण किया: अतिथि

**कुजू।** पंकरिया टोला में सिंबल ऑफ नॉलेज, भारत रत्न, संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल कुजू महाप्रबंधक राजीव कुमार, मांडू सीओ विमल कुमार सिंह, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश कुमार लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार, कुजू पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा साहब की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। मौके पर वक्ताओ ने कहा कि अंबेडकर की प्रखर विद्वता की वजह से उन्हें संविधान लिखने को मिला। आज उसी संविधान से पूरा देश चलता है। भीमराव अम्बेडकर ने एक संतुलित संविधान का निर्माण किया। जिसमे सभी वर्गों को मौलिक अधिकार दिया गया है। उन्होंने अपने जीवन में बहुत आलोचनाओं का सामना किया , काफी प्रताड़ित भी हुए, किंतु कभी भी अपने संघर्षों से नाता नहीं तोड़ा और आज इनकी पूरे विश्व में सबसे ज्यादा प्रतिमाएं स्थापित है। जबतक हम सभी लोग शिक्षा से नहीं जुड़ेंगे तब तक हम अपने अधिकर के बारे में नहीं जान पाएंगे। इसलिए हम सभी को कम खाना है, पर बच्चों को जरूर पढ़ाना है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बैच लगा कर किया गया। मौके पर दिनेश चंद्र भारती, महादेव रविदास, मैघलाल राम, रघूनाथ मेहता, नरेश करमाली, सुरेश राम,संतोष भुइया, डीजल भुईयां, कपूर भुईयां, महेन्द्र भुईयां, सुरेश राम, छोटेलाल करमाली, बहादुर रविदास,शक्ति राम, बिनोद राम, अनूप राम, बुटन भुईयां,अनिता देवी, गुलाबी देवी,फूलकुमारी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### डिजिटल स्किल्स से बेहतर भविष्य

सभी क्षेत्रों की कंपनियों में फ्रीलांसिंग और ऑनलाइन काम के ढेरों अवसर पैदा हो रहे हैं। वह भी अपनी कार्य अवधि और स्थान का चुनाव करने की आजादी के साथ। डिजिटल कौशल, जैसे वेब डिजाइन, कंटेंट राइटिंग, एसइओ और सोशल मीडिया मार्केटिंग में अनुभव प्राप्त करने के बाद तरक्की व कमाई की संभावनाएं भी बेहतर हैं। डिजिटल स्किल्स और ऑनलाइन काम का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। डिजिटल युग में, इंटरनेट और टेक्नोलॉजी ने कार्यक्षेत्र को पूरी तरह बदल दिया है। पारंपरिक नौकरियों से परे, अब लोग डिजिटल कौशल का उपयोग कर फ्रीलांसिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में नए अवसर तलाश रहे हैं। ये क्षेत्र केवल कैरियर के नए आयाम ही नहीं खोलते, बल्कि व्यक्तियों को अपने समय और स्थान का नियंत्रण भी देते हैं। डिजिटल कौशल, जैसे वेब डिजाइन, कंटेंट राइटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन यानी एसइओ, और सोशल मीडिया मार्केटिंग, आज की सबसे अधिक मांग वाली क्षमताओं में से हैं। इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन चुनौतियां भी हैं।

**डिजिटल स्किल्सः एक नई दिशा**

डिजिटल स्किल्स का मतलब है वो सभी कौशल, जो एक व्यक्ति को ऑनलाइन कार्य करने, इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। आजकल, इन कौशलों की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि व्यवसाय में अधिकतर कार्य डिजिटल रूप से हो रहे हैं। डिजिटल स्किल्स में कुछ कौशल शामिल हैं, मसलन-

**सोशल मीडिया मार्केटिंग**

फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग करना। वेब डिजाइन और विकासः वेबसाइट बनाना और उसे चलाना। एसइओ : वेबसाइट को सर्च इंजन में रैंक कराने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल। कंटेंट क्रिएशन और कॉपी राइटिंगः लोगों को



आकर्षित करने वाले लेख, ब्लॉग्स और कंटेंट लिखना। डेटा एनालिसिसः विभिन्न ऑनलाइन टूल्स का उपयोग करके डेटा का विश्लेषण और उसकी प्रभावी प्रस्तुति। ग्राफिक डिजाइनिंगः डिजाइन सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर आकर्षक विजुअल कंटेंट बनाना।

**फ्रीलांसिंग : स्वतंत्र काम के अवसर**

फ्रीलांसिंग आज के समय में एक लोकप्रिय कैरियर विकल्प बन चुका है। यह एक ऐसा तरीका है, जिसमें लोग किसी भी कार्यालय या संस्था में काम किए बिना अपने कौशल का उपयोग करके प्रोजेक्ट्स पर काम करते हैं। फ्रीलांसिंग की प्रमुख

## ऑनलाइन जाब्स

विशेषता यह है कि इसमें व्यक्ति को अपनी कार्य अवधि और स्थान का चुनाव करने की स्वतंत्रता मिलती है। मसलन : कंटेंट राइटिंगः लेखन कौशल रखने वाले लोग ब्लॉग लेखन, वेबसाइट कंटेंट लिखने, ई-बुक्स और अन्य प्रकार के लेख लिख सकते हैं। ग्राफिक डिजाइनिंग : विभिन्न डिजाइन सॉफ़्टवेयर एडोब फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर आदि का उपयोग कर लोग ग्राफिक डिजाइनिंग, बैनर डिजाइन, लोगो डिजाइन आदि कर सकते हैं। वेब डेवलपमेंटः एचटीएमएल, सीएसएस, जावा स्क्रिप्ट जैसी भाषाओं का उपयोग कर वेबसाइट्स और वेब एप्स बना सकते हैं। सोशल मीडिया मैनेजमेंटः सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विभिन्न व्यवसायों के लिए प्रोफाइल और कैंपेन चलाना। अनुवाद सेवाएंः यदि किसी के पास दो या दो से अधिक भाषाओं का ज्ञान है, तो वे अनुवाद सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। फ्रीलांसिंग में सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है समय प्रबंधन और मजबूत ऑनलाइन पोर्टफोलियो बनाना।

**डिजिटल मार्केटिंग : बिजनेस प्रमोट करना**

अब कंपनियां अपनी सेवाओं और उत्पादों को प्रमोट करने के लिए पारंपरिक तरीकों की बजाय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर रही हैं। डिजिटल मार्केटिंग के प्रमुख क्षेत्र हैं- सोशल मीडिया मार्केटिंग : इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफार्म्स पर व्यवसायों का प्रचार करना शामिल है। सोशल मीडिया मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय अपने लक्षित ग्राहकों से जुड़ सकते हैं और उनके साथ एक मजबूत संबंध स्थापित कर सकते हैं। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसइओ): वेबसाइट की रैंकिंग को सुधारने के लिए उपयोग किया जाता है। एसइओ विशेषज्ञ वेबसाइट के कंटेंट, तकनीकी संरचना और बैकलिंक्स का विश्लेषण कर उसे सर्च इंजन रिजल्ट पेज (एसइआरपीज) में बेहतर स्थान दिलाने का कार्य करते हैं।



## विवेक मन्त्र

अधिकांश मनुष्य का चिंतन भोजन का ही होता है। वे भोजन के आगे सोच ही नहीं पाते है। उन्हें यह अहसास ही नहीं है कि प्रारब्धवश ज्योहीं जन्म हुआ, प्रभु ने भोजन की व्यवस्था कर दी। भोजन चिंतन का विषय नहीं है। वैसे मनुष्य महामूर्ख है। पर्वत की चोटी पर चिड़िया रहती है उसे वहीं भोजन मिलता है। *पक्षिराज को सर्प खिलाते, सर्पो तक चूहा पहुंचाते, चूहा को तू च्यूंटा देता, च्यूंटा तक की सुध तू लेता, गरज शाम तक दाना-पानी पा लते हैं, पा लेते हैं सब जग प्राणी।*

**स्वामी सत्यानंद जी परमहंस**

# फिजिकल सांइस दिलाती है विविध अवसर

स्नातक स्तर पर फिजिक्स के साथ-साथ रसायनशास्त्र और गणित जैसे विषयों को भी पढ़ने की तमन्ना है तो बीएससी इन फिजिकल साइंस कोर्स एक बेहतर विकल्प है।

जनरल साइंस के रूप में लंबे अरसे तक चलने वाला यह कोर्स आज नाम बदल कर फिजिकल साइंस में तब्दील हो गया है। अब इसे 'बीएससी जनरल ग्रुप ए' की जगह बीएससी इन फिजिकल साइंस के नाम से जाना जाता है।



यह कोर्स छात्रों को एमएससी स्तर पर साइंस की विभिन्न शाखाओं में जाने की राह तो दिखाता ही है, उन्हें स्नातक करने के बाद भी करियर की अलग-अलग दिशाओं में जाने का रास्ता अख्तियार कराता है। अगर साइंस ग्रेजुएट बन कर नौकरी करने की इच्छा है तो यह कोर्स ऐसे छात्रों के लिए एक अच्छा विकल्प है।



पंकज कुमार

आमतौर पर यह कोर्स ऐसे छात्रों के लिए है, जो ग्रेजुएशन करते ही नौकरी की तलाश में रहते हैं। इसे करने के बाद छात्र सीधे रोजगार के बाजार में उतर सकता है। वह लैब में बतौर सहायक काम कर सकता है। दूसरी बात यह कि इसे करने के बाद बीएड में दो विषयों को चुन कर शिक्षक बनने का मौका मिलता है। सामान्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी यह कोर्स मददगार है। एमएससी स्तर पर कई तरह के स्पेशलाइजेशन चुनने का रास्ता दिखाता है।

इसमें किस तरह के विषयों का कॉम्बिनेशन है?
इसमें भौतिकी और गणित, सभी के लिए अनिवार्य होता है। इसके साथ ही छात्र रसायनशास्त्र भी पढ़ते हैं। अगर कोई रसायनशास्त्र नहीं पढ़ना चाहता तो वह कंप्यूटर साइंस ले सकता है। वह इलेक्ट्रॉनिक्स का चुनाव कर सकता है।

यह कोर्स किस तरह के अवसर मुहैया कराता है?
इस कोर्स के छात्रों के लिए स्नातक के बाद सामान्य स्तर की कई तरह की नौकरियों में जाने का रास्ता निकलता है। कोई चाहे तो एमबीए कर सकता है। कोई एमसीए करके नई राह चुन सकता है। स्नातक में पढ़े गए अपने दो विषयों को लेकर सिविल सिर्वस की तैयारी कर सकता है। उसे फिजिक्स, रसायनशास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और कंप्यूटर साइंस में से किसी एक में जाने का चुनाव करना होता है। किसी एक में एमएससी करके उच्च शिक्षा के आधार पर मिलने वाली नौकरियों में जा सकता है, चाहे वह साइंटिस्ट का पद हो या रिसर्च एसोसिएट या असिस्टेंट प्रोफेसर का।

**▸ इसमें किस तरह के बदलाव आए हैं?**

यह कोर्स पहले बीएससी जनरल ग्रुप ए के नाम से जाना जाता था। 2002 के बाद इसे इस तरह का नाम दिया गया। इसमें एप्लायड फिजिकल साइंस विद कंप्यूटर साइंस या इलेक्ट्रॉनिक्स आदि कई कैटेगरी बन गई थीं, जो उलझन पैदा कर रही थीं, लेकिन यह कंफ्यूजन पिछले साल से खत्म कर दिया गया है। अब एप्लायड शब्द हटा दिया गया है। सिर्फ फिजिकल साइंस रह गया है।

**▸ फिजिक्स ऑनर्स और फिजिकल साइंस में क्या फर्क है?**

फिजिक्स ऑनर्स में तीनों साल भौतिकी से जुड़े पेपर ही पढ़ाए जाते हैं। इसमें तीन विषय मुख्य पेपर के रूप में तीनों साल चलते हैं। यहां स्नातक स्तर की बजाय एमएससी पर स्पेशलाइजेशन चुनना होता है। एमएससी में इस कोर्स के छात्रों की राह ऑनर्स की बजाय थोड़ी कठिन होती है।

**▸ कोर्स में क्या है**

सीधी-सीधी बात कही जाए तो यह साइंस का खिचड़ी कोर्स है, जो बारहवीं तक भौतिकी, गणित, रसायनशास्त्र और कंप्यूटर साइंस जैसे विषय पढ़ने वाले छात्रों को आगे भी विभिन्न विषयों को पढ़ने की छूट देता है। इसमें छात्र भौतिकी और गणित को मुख्य पेपर के रूप में तीनों साल तो पढ़ते ही हैं, इसके अलावा विकल्प के रूप में एक और पेपर को भी तीनों साल पढ़ना होता है। इसमें छात्रों को कई चॉइस दी जाती है। मसलन कोई चाहे तो तीनों साल भौतिकी और गणित के साथ रसायनशास्त्र को मुख्य पेपर के रूप में चुन सकता है।

जो छात्र रसायनशास्त्र नहीं पढ़ना चाहता, उसे इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस में से किसी एक को मुख्य पेपर के रूप में चुनने की छूट मिलती है। तीन साल में तीन विषय के अलावा कई और पेपर भी पढ़ने होते हैं। छात्रों को अब टेक्निकल राइटिंग एंड कम्युनिकेशन यानी अंग्रेजी का एक पेपर पहले साल पढ़ना होता है। इसके अलावा कंप्युटेशनल स्किल का एक पेपर और दूसरे साल में इंट्रोडक्शन टू बायोलॉजी और फिर सोलहवें पेपर के रूप में बायोलॉजी पढ़नी होती है। तीन सालों में कुल 24 पेपर पास करने होते हैं।

छात्रों को करेंट कोर्स के तहत भी दो पेपर चुनने होते हैं। अगर किसी ने फिजिकल साइंस में भौतिकी और गणित के अलावा रसायनशास्त्र के 6 पेपर चुने हैं तो उसे कंप्यूटर साइंस से या इलेक्टॉनिक्स से दो कंकरेंट पेपर का चुनाव करना होता है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक या कंप्यूटर साइस से 6 पेपर चुनने वालों को भी दो करेंट पेपरों का चुनाव करना होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहले इस कोर्स को करने के बाद उच्च शिक्षा यानी एमएससी करने में खासी दिक्कत आती थी। उन्हें ऑनर्स कोर्स के मुकाबले काफी नीचे रखा जाता था, लेकिन अब एमएससी में प्रवेश परीक्षा होने के कारण ऐसे छात्रों को भी आगे निकलने का मौका मिलता है। इसमें तीन पेपरों पर यादा जोर देने से छात्रों को एमबीए और आइएएस परीक्षा की तैयारी में काफी मदद मिलती है।

**▸ शाखाएं**

इसमें मुख्य रूप से बीएससी इन फिजिकल साइंस तो है ही, इसके अलावा स्पेशलाइड पेपर चुनने पर फिजिकल साइंस विद कंप्यूटर साइंस और फिजिकल साइंस विद इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विषय भी जुड़ जाते हैं।

**▸ दाखिला कैसे**

कॉलेजों में इस कोर्स में दाखिला बारहवीं की मेरिट के आधार पर दाखिला दिया जाता है। साइंस के छात्र के लिए बारहवीं में भौतिकी, गणित और रसायनशास्त्र होना जरूरी है।

कोर्स कराने वाले संस्थान

**कुछ महत्वपूर्ण संस्थानः**


- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
- आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक
- पंजाब विश्वविद्यालय
- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**(लेखक चैतन्या इंस्टीट्यूट रांची से जुड़े हैं।)**

## सामान्य अध्ययन

### सामान्य विज्ञान

- मंगल ग्रह की टोह लेने गया भारत का मंगलयान अपनी 90 प्रतिशत यात्रा पूरी कर चुका है और गंतव्य से अब कुछ लाख किलोमीटर ही दूर रह गया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने सोशल नेटविकिंग साइट पर बताया है कि मंगलयान 24 सितंबर को अपने गंतव्य तक पहुंचेगा और इसी दिन सुबह साढे. सात बजे तरल इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।
- इस इंजन को एक दिसंबर को 22 मिनट के लिए चालू किया गया था और तब मंगलयान की गति को 648 मीटर प्रति सेकेंड बढ़ाकर पृथ्वी की आखिरी कक्षा से बाहर किया गया था।
- पिछले सप्ताह इसरो ने बताया था कि मंगलयान गंतव्य से 90 लाख किमी दूर रह गया है और पृथ्वी से 18.9 करोड़ किमी दूर पहुंच गया है।
- कुल 450 करोड़ रुपए की लागत से तैयार मंगलयान को पिछले साल पांच नवंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण स्थल से धुव्रीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी सी-25 के जरिए प्रक्षेपित किया गया था। उसके बाद पांच बार इसे ऊंची कक्षाओं में स्थापित किया गया था।
- इस यान के साथ पांच प्रयोगात्मक उपकरण, लाइमैन अल्फा फोटोमीटर, मीथेन सेंसर, मार्स कलर कैमरा, थर्मल इंफ्रारेड इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर और मार्स एक्सोफेरिक न्यूट्रल कंपोजीशन एनालाइजर भेजे गए हैं जो मंगल के वातावरण के बारे में जानकारी जुटाएंगे जो इस लाल ग्रह के रहस्यों पर से पर्दा उठाने में वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।
- इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी लाल



### देश की प्रमुख नदी घाटी योजना

| नदी घाटी | नदी थाला क्षेत्र( वर्ग किलोमीटर) |
|---|---|
| सिन्धु (बॉडर तक) | 321289 |
| गंगा | 861452 |
| ब्रहमपुत्र | 194413 |
| बराक और अन्य | 41723 |
| गोदावरी | 312812 |
| कृष्णा | 258948 |
| कावेरी | 81155 |
| सुवर्णरेखा | 29196 |
| ब्रहमणी और ब्तरणी | 51822 |
| महानदी | 141589 |
| पेन्नार | 55213 |
| माही | 34842 |
| साबरमती | 21674 |
| नर्मदा | 98796 |
| तापी | 65145 |

पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां तापी से तादड़ी: **55940**
पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां तादड़ी से कन्याकुमारी: **56177**
पूर्व की ओर बहने वाली नदियां महानदी और पेन्नार के बीच: **86643**
पूर्व की ओर बहने वाली नदियां पेन्नार और कन्याकुमारी के बीच: **100139**
लूनी समेत कच्छ और सौराष्ट्र की पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां: **321851**
म्यामार (बर्मा) एवं बांग्लादेश में बहकर जाने वाली छोटी नदी जल नदियां: **36202**

**झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन सोसाएटी में नियुक्ति**
(जेआरएमएमएस) ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर भर्ती निकाली है, जिसके माध्यम से 210 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इस भर्ती से निर्संग करने वाले कई उम्मीदवारों को नौकरी प्राप्त करने का मौका मिलेगा.
पद का विवरण- भर्ती में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर नियुक्ति होनी है और 210 पदों में 105 अनारक्षित वर्ग, 21 पद एससी वर्ग, 55 पद एसटी वर्ग और 17 पद ईबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।
**योग्यता-** भर्ती में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से जीएनएम किया होना आवशयक है। साथ ही उम्मीदवारों को हेल्थ सेक्टर में दो साल काम करने का अनुभव होना आवशयक है।
आयु सीमा- भर्ती में 35 साल तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन फीस- भर्ती में आवेदन करने के लिए दी जाने वाली आवेदन फीस को लेकर अभी जानकारी जारी नहीं की गई है।
आवेदन करने की आखिरी तारीख- 15 मई 2018
कैसे करें आवेदन- आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट या ऑफलाइन माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं।
चयन प्रक्रिया- उम्मीदवारों का चयन स्क्रीनिग प्रोसेस और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।



## एडमिशन अलर्ट

**सवालः** 2024 में मैंने इलेक्ट्रिकल इंजीनिरिंग में डिप्लोमा किया है। रेगुलर बीटेक करने में असमर्थ हूं। क्या एएमआईई करने के बाद मैं आईएएस परीक्षा के लिए योग्य हो पाऊंगा? **अविनाश लोहरदगा**

**जवाबः** आप जैसे स्टूडेंट्स के लिए संस्थान ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान करता है। आप तो डिप्लोमाधारी हैं। ऐसे स्टूडेंट्स भी एएमआईए से बीटेक कर सकते हैं जो 12वीं उत्तीर्ण हों। जाहिर है, जब इसकी मान्यता है तो यूपीएससी की परीक्षा में आप शामिल हो सकते हैं। यूपीएससी की वेबसाइट पर आपको 1978 का यूपीएससी का वह पत्र मिल जाएगा जिसमें एएमआईए की डिग्री स्तर की मान्यता का उल्लेख किया गया है।

**सवालः** पिछले साल केमेस्ट्री ऑनर्स किया है। क्या करें।
**नीतिश हजारीबाग**

**जवाबः** आपने जिस विषय से ग्रेजुएशन किया है, वह ठीक नहीं है और गणित की भी हालत वैसी ही है। आप किस तरह की सरकारी सेवा में जाना चाहते हैं, पहले तो यह तय कर लें। प्रायः सरकारी सेवा में विशेषकर केमेस्ट्री की उतनी जरूरत नहीं होगी लेकिन कम से कम एलीमेंट्री मैथ्स तो आपको आनी ही चाहिए। आपने 10वीं तक तो गणित पढी ही होगी। जब आप ऑनर्स कर चुके हैं तो खुद को कम क्यों आंकते हैं। मेहनत करें।

## मोटिवेशन: पढ़े, समझें, याद रखें

मआज कल नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा या किसी भी अच्छे शिक्षण संस्थान में होने वाली प्रवेश परीक्षा में जनरल नॉलेज के सवाल अवश्य पूछे जाते हैं। इन सवालों में करेंट अफेयर्स एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ दिन पहले एक इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र से मैंने जानना चाहा कि देश का वित्त मंत्री कौन है। उसने लापरवाही सेकहा कि मुझे इन जानकारियों को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं है। संभव है इंजीनियरिंग के कोर्स और पढ़ाई में सरकार और संसद की गतिविधियां शामिल न हो लेकिन क्या एक भारतीय होने के साथ देश के युवा को इस बात की जानकारी नहीं होना चाहिए।

**▸ क्या देश विदेश में गठित घटनाओं, सूचनाओं राजनीतिक गतिविधियों सहित समसामयिक जानकारी से अपडेट रहना युवाओं के कर्तव्य नहीं हैं?**

सामान्य तौर पर कुछ युवा समसामयिक विषयों की मंहगी-मंहगी किताबों को रटते हैं। वही रटा-रटाया जवाब वे देते हैं। इस कारण इंटरव्यू में थोड़ा सा भी हटकर पूछा गया सवाल उनके लिए भारी हो जाता है।

इन सभी समस्याओं का सबसे बेहतरीन हल है, प्रतिदिन के समाचार पत्र को गंभीरता से पढ़ लेना और कुछ टॉपिक को बीच-बीच में विशेषज्ञों से समझते रहना चाहिए। अगर आप हर दिन समाचार पत्र ध्यान से पढ़ते हैं तो विश्ववास करें आपको कभी भी सम-सामयिक विषयों के पुस्तक अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होगी। आप प्रतियोगी परीक्षाओं, बेहतर संस्थान में एडमिशन सहित सभी प्रकार के इंटरव्यू में सफल हो सकेंगे।

आज कल समाचार पत्र सिर्फ समाचार का माध्यम नहीं है। राजनीतिक विश्लेषण, आर्थिक घटनायें,संपादकीय विचार, देश-दुनिया की प्रमुख खबर, फैशन, करियर,खेल जगत,धर्म -साहित्य, खान-पान, स्वास्थ्य, प्रेरणा, नौकरियों की सूचना, रेल-बस-हवाई सेवा की



एडी बाधवा
सीएमए सह मोटिवेटर

सूचना, कृषि जगत, राजनीतिक विश्लेषण, फिल्मी और टेलिविजन सहित सभी विषयों को पैकेज आपको सुबह चार बजे प्रस्तुत कर देता है।

इसके लिए हजारों पत्रकार और मीडिया कर्मी हर दिन पूरी ताकत और अनुभव से लगे रहते हैं। रांची में स्थानीय और राष्ट्रीय अखबारों का स्तर बेहतर है यह यहां के युवा के लिए एक वरदान है लेकिन इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए।

अपनी काम की खबर को आप अखबार से काटकर रख भी सकते हैं या उसे किसी डायरी में नियमित लिखकर रखना भी उपयोगी सिद्ध होगा। हर दिन बेहतर होती अखबार से आप बहुत कुछ पा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको गंभीर दृष्टिकोण अपनाना होगा। जानकारी गंभीरता से प्राप्त करें और उसे बांटें भी इससे आप सफल होंगे।

# सीए के क्षेत्र में बेहतर अवसर

**रांची, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर में चैप्टर**

**सुनील कुमार**

क्या आप जानते हैं कि आइसीआइसीआइ बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर, सेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के बीच क्या समानता है? इन सबके पास एक ही डिग्री है। द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउटेंट की यानि इनके पास कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट की डिग्री है। सीएमए को पहले कॉस्ट एकाउंटेंट के नाम से जाना जाता था। यह कोर्स भारत सरकार के संसद से मान्यता प्राप्त है। इसका नाम आइसीडब्लूएआई द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट ऑफ इंडिया से बदल कर सीएमए कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंट कर दिया है।

**▸ यह कोर्स कौन कर सकता है?**

इस कोर्स को साइंस, आर्ट और कॉमर्स सहित कोई भी छात्र कर सकता है जिसने इंटर पास किया हो। इंटर एग्जाम के पूर्व ही सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा में एडमिशन ले सकता है। इस परीक्षा को पास करने के लिए अनिवार्य कोचिंग करना आवशकय है। यह कक्षा के माध्मय से या पोस्टल भी संभव है।

**▸ झारखंड में सीएमए के पांच चैप्टर हैं**

रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद में सीएमए के चैप्टर हैं। फाउंडेशन पास करने के बाद छात्रों को बारी-बारी से फाइनल की परीक्षा पास करनी पड़ती है। इंटर और फाइनल में चार-चार पेपर के दो ग्रुप पास करने होते हैं। अर्थात छात्रों को इंटर और फाइनल के कुल मिलाकर 16 पेपर पास करने होते हैं। इन पेपर की भी अनिवार्य कोचिंग कीआवश्यकता होती है। छात्र इस अनिवार्य कोचिंग को घर से ही डाक के माध्यम से पाठ्य सामग्री मंगाकर कर सकते हैं या चैप्टर में एडमिशन लेकर पढ़ सकते हैं। जो छात्र ग्रेजुएशन चाहे वे किसी भी संकाय से किये हो उन्हें फाउंडेशन करने की आवश्यकता नहीं होती है। वे सीधे एडमिशन ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को सीए के इंटर में सौ घंटे की कंप्यूटर ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। साथ ही उन्हें दो सेमिनार में भी शामिल होना होता है। इसके अतिरिक्त तीन साल का औद्यागिक प्रशिक्षण और 15 दिनों का विशेष प्रशिक्षण लेना होता है।


कॉस्ट एकाउंटेंसी के पूरे कोर्स करने का खर्च भी ज्यादा नहीं है। यह 35 से 40 हजार खर्च कर किया जा सकता है।




यह कोर्स शत प्रतिशत जॉब दिलाने वाला है। इसके बाद युवा वित्त अधिकारी के रुप में अपनी सेवा आंरभ करते हैं। निजी स्तर पर भी प्रैक्टिस कर सकते हैं। बड़ी संख्या में महानगरों में सीए अपनी सेवाओं दे रहे हैं।

**▸ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंड क्या बन सकतै हैं?**

सीएमए यानि कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट, वित्त अधिकारी, लेखा अधिकारी, कर विशेषज्ञ,आंतरिक अंकेक्षक,लेखापाल, लागत लेखा प्रबंधक, स्ट्रेटिजिक प्रबंधक, शेयर बाजार विशेषज्ञ, पूंजी बाजार विशेषज्ञ, वित्तिय बाजार विश्लेषक, ऋण विश्लेषक, निवेश विशेषज्ञ, बीमा विशेषज्ञ सहित विविध पदों पर कार्यरत्त हैं।



## करियर जोन

**सवालः** दसवीं कक्षा में हूं और आईपीएस बनना चाहती हूं। कैसे तैयारी करनी चाहिए।
**अनुष्का रांची**

**जवाबः** सिविल सेवा परीक्षा ग्रेजुएशन के बाद दी जा सकती है। इसके लिए आप अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर सकती हैं। अभी 10वीं में हैं, इसलिए नियमित अखबार पढ़े। इससे करेंट अफेयर और सामान्य ज्ञान बढ़ेगा। अभी 10वीं के ही सोशल स्टडीज और साइंस की पुस्तकों पर जोर दें। यह आगे फायदेमंद होगा।

**सवालः** बारहवीं साइंस से किया है। सीए की तैयारी करनी है। मेरा अंग्रेजी कमजोर है। कमलेश सिंह रांची

**जवाबः** आप सीए की कॉमन प्रोफीशिएंसी टेस्ट (सीपीटी) दे सकते हैं। इसके बाद ही आप सीए कर पाएंगे। ग्रेजुएशन के बाद आगे की पढाई करना चाहते हैं तो आपको टेस्ट से मुक्ति मिल जाएगी। ग्रेजुएशन के बाद कॉमर्स में 50 प्रतिशत, गणित के साथ ग्रेजुएट होने पर 55 प्रतिशत और बिना कॉमर्स के ग्रेजुएट पर 60 प्रतिशत अंक होने की अनिवार्यता है। इसके बाद, इंटीग्रेटेट प्रोफे शनल कॉ म्पिटेंस कोर्स (आईपीसीसी) में रजिस्ट्रेशन की अनुमति मिल जाती है। अंग्रेजी से डरे नहीं नियमित अभ्यास करें।

### ई-मेल

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

# सफलता की चाभी आपकी पांच आदतें



**प्रशांत झा**

जीवन में कुछ बनना चाहते हैं या कोई नौकरी पाना चाहते हैं तो कुछ ऐसी आदतें जरूर अपनाएं जो आपको रोज कुछ बेहतर बनाते हों। यहां हम जो कुछ बातें बता रहे हैं उन्हें अपनाकर अपने व्यवसाय या नौकरी में भी उन्नति पा सकते हैं-

1- आलोचना को सकारात्मक लें। जरूरी नहीं कि अगर कोई आपके काम की या तरीके की आलोचना कर रहा है तो वह आपसे चिढ़ता होगा। ऐसा भी हो सकता है सच में आपको खुद में कुछ सुधार लाने की जरूरत हो।



2- किसी भी काम की पहले से करें तैयारी। किसी भी काम को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि आप के उसके बारे में पहले से सोच विचार कर लें और उसके सभी जरूरी पहलुओं को समझ लें। हो सके तो काम प्लान पहले अपने दिमाग में तैयार कर लें, फिर उस काम को शुरू करें। ऐसा करेंगे तो निश्चित रूप से आपको सफलता मिलेगी।

3- हर समस्या का समाधान करने वाला बनें न किया समस्याओं को लेकर शिकायत करने वाला।

4- आत्मनिर्भर और भरोसेमंद रहें। अपना कोई भी काम दूसरे पर न छोड़ें क्योंकि ऐसा करने से आपकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है। जब कभी किसी काम को नहीं कर पाते तो जिसने आपको काम दिया है उसे इसके बारे रिपोर्ट करें। साथ की कभी आप बीमार होते हैं तो अपने बॉस को सूचित करने के बाद ही छुट्टी करें।

5- गॉसिप न करें। कई बार कुछ मौका मिलने पर लोग अपने दोस्तों से एक दूसरे के बारे में बातें करने लगते हैं जिसका करियर पर गलत असर पड़ता है। हो सकता है कि जिसके बारे में आप बातें कर रहें हों कोई उससे बता दे कि आप क्या -क्या बोल रहे थे।

# मातु भिक्षाम देहि..... भिक्षाम देहि से गूंजा अमल संघ मैदान


## ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर का 7वां सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न, संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी : आचार्य रंगेश शर्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पैरों में खड़ाऊ, हाथ में भिक्षा पात्र, पिताम्बर वस्त्र धारण कर 10 बटुकों ने अपने उपनयन संस्कार के पश्चात अपने गुरुओं के लिए भिक्षा मांगते हुए अपनी-अपनी माता के पश्चात पहुंचे, और कहा... मातु भिक्षाम देहि, भिक्षाम देहि। अपने कलेजे के टुकड़ों को बाल संन्यासी के भेष में देख माताओं की आंखें नम हो गईं, और उन्होंने उपनयन संस्कार की परम्परा के अनुसार अपने बेटों के भिक्षा पात्र को भर दिया। इसी के साथ अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा, जमशेदपुर में ब्रम्हर्षि विकास मंच के तत्वावधान में चल रहे 7वें सामूहिक उपनयन संस्कार सोमवार को हुलासगंज के आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनकी 5 सदस्यीय आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में स्वस्तिवाचन, मंडप पूजन, धृतधारी, देवपूजन, चौलकर्म मुंडन, उपनयन संस्कार, वेदारंभ, अभिषेक, आशीर्वाद आदि विधियां पूरी की गईं। पूरे संस्कार के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक गीत से पूरे क्षेत्र का माहौल पारिवारिक बन गया था। मुंडन के उपरांत सभी बटुक गेरूआ वस्त्र धारण कर अपने कंधे पर भिछाटन के पात्र लिए अपने रिश्तेदारों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के समक्ष भिंक्षाम देही , भिक्षांम देही के शब्दों का उच्चारण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तब सभी महिलाएं पारंपरिक भोजपुरी गीत गाकर उनके स्वागत के लिए आतुर थीं। कार्यक्रम के दौरान शहर के कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में आवंडर से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। सभी बरूआ के परिवार इस आयोजन में अपने बच्चों का उपनयन कराकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। मंचाशीन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के प्रसिद्ध समाजसेवी रामाधार सिंह, श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, महासचिव योगेन्द्र मौआर, समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह, उपस्थित थे। मंच संचालन विनोद शुक्ला ने किया। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित की। मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय एवं महासचिव योगेन्द्र मौआर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कमिटी के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। आचार्य रंगेश जी महाराज ने कहा कि संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी है। हमें अपने संस्कार को बरकरार रखने की आवश्यकता है। तभी हम अपने देश की विरासत को बचाएं रख सकते हैं। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज को सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर कुमार, विजय नारायण, कृष्णकांत, गोपाल सिंह, मुकेश, चंदन कुमार, बिरेन्द, संजय राय, कामेश्वर तिवारी, झूलन ठाकुर, डॉ अनिल सिंह, रवीन्द्र, अशोक, कुंदन, राजेश शर्मा, मनोज ठाकुर, श्री राम ठाकुर, कृष्णनंदन सिंह, संजय सिंह, मुकेश शर्मा, अमरेन्द्र की भूमिका रही।




उपनयन संस्कार के पश्चात अपनी माता से भिक्षा ग्रहण करते बाल सन्यासी रुपी बटुक।



## सरकारी अनाज की बबार्दी के बाद डैमेज कंट्रोल करने में जुटे एफसीआई अधिकारी ने कहा

# अनाज सुरक्षित, नहीं हुआ नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। बीते दस अप्रैल को आंधी-बारिश में भींगे सरकारी अनाज को लेकर डैमेज कंट्रोल करने में रेलवे और एफसीआई के पदाधिकारी जुट गए है। कोई कह रहा है कि यह गरीबों को बांटने वाला चावल नही था, तो कोई यह कह कर बचाव कर रहा है कि अनाज का नुकसान हुआ ही नहीं है।

इसे लेकर सोमवार एफसीआई के पदाधिकारियों ने शहर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता की। एफसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमके गोगोई ने बताया कि पिछले दिनों 10 अप्रैल को हुईं तेज बारिश में बरमसिया रेलवे यार्ड में डंप एफसीआई के अनाज की बोरिया भीग गई थी पर बोरिया भींगने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि 54 हजार बोरी चावल केंद्र सरकार की एथानॉल ओमएसएस स्कीम के लिए पंजाब से मंगाया गया था। जो बोरियां बारिश में भीगी है। उसे तिरपाल से ढका गया था। लेकिन तेज हवा के कारण तिरपाल हट गया और कुछ बोरियां बारिश की चपेट में आ गई।

क्यूसी अधिकारियों की निगरानी में नियमानुसार चावल को सुखाकर पूरी तरह से बचा लिया गया है। एफसीआई को कोई क्षति नहीं हुई है। ऐसी परिस्थिति भविष्य में दोबारा उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संवेदक को भी अधिक संवेदनशील रहने को कहा गया है। रेलवे यार्ड में शेड निर्माण के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में भी विचार किया जा रहा है रेलवे से भी इसपर पत्राचार किया गया है।

जबकि सच्चाई यह है कि इसमें रेलवे की सबसे बड़ी गलती है, जहां रेलवे वैगन से अनाज उतारा जाता है, वहां आज तक शेड का निर्माण नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी इस मुद्दे पर अभी तक कुछ भी बोलने से बचते नजर आये है। वहीं एफसीआई के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अनाज बारिश में भींगता है। रेल वैगन से अनाज उतारे जाने के बाद कई कई दिनों तक खुले में पड़ा रहता है। यही वजह है कि जनवितरण प्रणाली की दुकानों में कई बार गरीबों को सड़ा गला अनाज उपलब्ध कराया जाता है। अब सवाल उठता है कि अनाज का नुकसान नहीं हुआ है तो बारिश खत्म होंने के बाद आनन फानन में अनाज को ट्रक में लोड कर क्यों हटाया गया। प्रेस वार्ता में एफ क्यू जोन कोलकाता जेनरल मैनेजर (क्यूसी) डी के सेठी, एफसीआई आर ओ रांची जेनरल मैनेजर डॉक्टर हेमंत जायसवाल, एफसीआई डिविजनल मैनेजर धनबाद चक्रपाणि सिद्धार्थ मौजूद थे।




## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नेता जी के कारनामों को किया याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** देश के वास्तविक इतिहास से इतिहासकारों ने आम जनता को दूर रखा। इस लिये तो नेता जी सुभाष चंद्र बोष के स्वतंत्रता की लड़ाई में दिये गए साहसिक योगदान कभी नही बताया गया। मगर सच्चाई धीरे धीरे सामने आने लगा और 14 अप्रैल 1944 को मोइरंग की आजादी को लोग जानने लगे हैं। परिषद के वार्षिक कार्यक्रम में यह कार्यक्रम पहले से ही शुमार था और हर वर्ष पूरे भारत से 50 ऑफिसर और जवान मोइरंग जाकर वहां कार्यक्रम करते आ रहे हैं। 2018 में मैं (सुशील कुमार सिंह) स्वयं अपने सहयोगी हवलदार रमेश सिंह और जे डब्लू ओ ललन प्रताप सिंह के साथ पहली बार मोइरंग गए और वहां के राजकीय प्रोग्राम में शामिल हुए। मौके पर राजीव रंजन डॉ कमल शुक्ला दिनेश सिंह प्रमोद कुमार अनिल झा, सतनाम सिंह उपेंद्र सिंह अशोक श्रीवास्तव, राजेश कुमार राजीव रंजन आदि शामिल हुए।

## डॉ. इरफान अंसारी ने किया उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जामताड़ा के द्वारा जिले के जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत चेगायडीह मुख्य सड़क पर स्थित बड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के कर कमलों से संपन्न हुआ। यह पुल कुल 2 करोड़ 71 लाख 807 रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा।वही करमाटॉंड प्रखंड के धबको शिमला जोरिया में उच्च स्तरीय पुल एवं अर्जुनडीह जोरिया में भी उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास किया।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा की जनता का मैं तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझे न सिर्फ तीसरी बार विधायक चुना, बल्कि मंत्री पद की जिम्मेदारी भी सौंपी। उन्होंने कहा, आप देख सकते हैं कि जामताड़ा में विकास की आंधी चल रही है।

## भोजपुरिभाषियों ने सामूहिक रूप से सत्तू खाकर मनाया सत्तुवान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में सोमवार को जमशेदपुर भोजपुरिया समाज की ओर से लोक संस्कृति का महान पर्व सत्तुवान चना, मकई एवं जौ का सत्तू, आम के टीकोढा की चटनी, धनियापति, पुदीना की चटनी, आम का आचार, गुड़, प्याज, हरा मिर्चा इत्यादि सामूहिक रूप से सेवन कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष टुन्नू चौधरी एवं झारखण्ड भा ज पा प्रदेश के वरीय नेता शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी समाज के धरोहर व सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष साहित्यकार अरबिंद विद्रोही ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सत्तुवान भोजपुरी संस्कृति की काल बोधक पर्व है, हिन्दू पतरा में सौर मास के हिसाब से सूरज जब कर्क रेखा से दक्षिण की जाते है तभी ये महान सत्तुवान पर्व मनाया जाता है। भोजपुरिया समाज आज के दिन नदी में स्नान, पूजा के बाद जौ के सत्तू,कच्चा आम के टिकोरा, गुड़ गरीब असहाय को दान, ईस्ट देवता, ब्रह्म बाबा आदि को चढ़ा कर प्रसाद के रूप में नया अन्न को ग्रहण किया जाता है। यह सत्तुवान पर्व संस्कृति के सचेतना, मानव जीवन मे उल्लास एवं सामाजिक सदभाव व प्रेम प्रदान करता है। इस सत्तुवानी पर्व में भोजपुरी समाज के महामंत्री प्रदीप सिंह भोजपुरिया, यमुना तिवारी हर्षित, मसूद खान, उदय प्रताप हयात, शशि भूषण मिश्रा, कौशलेश कुमार, राजेश पांडेय, सुशील कुमार शर्मा, राजेश भोजपुरिया, डॉ अजय किशोर चौबे, जगदीश मिश्रा, विजय किशोर चौबे, बलविंदर सिंह, अनिल गिरि, सुनील दुबे, जितेश तिवारी, बिमल जी, पी सी पांडेय, श्याम सुंदर पांडेय, संजय प्रसाद, पप्पू कुमार सिंह, विवेक सिंह बबुवान, अरुण दुबे आदि उपस्थित थे।



सतुआन में उपस्थित साहित्यकार अरविंद विद्रोही, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व अन्य।

## सनातन उत्सव समिति ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि

**जमशेदपुर।** सनातन उत्सव समिति के द्वारा सोमवार को संविधान के रचईता सह निमार्ता बाबा भीम राव अम्बेडकर के जयंती पर पूराना कोर्ट के समीप बाबा भीम चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि अर्पित किया। उक्त अवसर पर समिति के संस्थापक वीर सिंह ने कहा की वर्तमान परिवेश मे बाबा भीम राव जी के सपनो को संजोये रखने और उनके आदर्शों को आत्मासात करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से चिंटू सिंह, अप्पू तिवारी, कुलदीप सिंह, ललित सिंह, राहुल दुर्गे, प्रतीक दिनकर, रोहित कुमार, साहिल समेत अन्य मौजुद रहे।

# संविधान की मूल भावना का आदर कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें लोग: सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंबेडकर समाज गुमला के द्वारा सोमवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। अंबेडकर नगर गुमला से समाज के लोग ने जुलूस निकाला जो शहर के बाजार टांड से होते हुए सिसई रोड, टावर चौक,मेन रोड, जशपुर रोड होते हुए परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुई। कार्यक्रम में सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए। मौके पर सांसद सुखदेव भगत सहित अंबेडकर समाज के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि बाबा साहब के तीन वाक्य जीवन में हमेशा समाज के लोग को याद रखना चाहिए। जिसमें शिक्षित होना, संगठित होना व अपने अधिकार के लिए संघर्ष करना। समाज जब शिक्षित होगा तो वह अपने कर्तव्यों व अधिकारों के लिए सजग बनेगा। सांसद ने कहा कि यह बाबा साहब की जयंती का दिन नहीं एक नई सोच का दिन है। क्योंकि जिन विपरीत परिस्थितियों में बाबा साहब अपनी प्रतिभा के बल पर मुकाम हासिल किया। वह पूरे देश के लोगों के लिए प्रेरणादायी है। बाबा साहब भारत के हर नागरिक की स्वतंत्रता की बात करते थे। बाबा साहब के दिये संविधान के माध्यम से लोग अपना जीवन बेहतर बना रहे हैं। सांसद ने उपस्थित लोगों से संविधान की मूल भावना का आदर कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। इससे पूर्व जय भीम व जय संविधान का सांसद ने जयघोष कराया। इस अवसर पर समाज के तेजपाल राम, डोमन राम, प्रदीप राम, शनि कुमार, शंकर राम, नप के निर्वतमान अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, कांग्रेस नेता मुरली मनोहर प्रसाद, गुलाम सरवर, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, आलोक साहु सहित महिला-पुरूष उपस्थित थे।




## स्पीड न्यूज

### चुना शाह बाबा का 56वां उर्स शरीफ 17 से

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुना शाह बाबा का 56वां सालाना उर्स शरीफ 17 अप्रैल से शुरू हो रहा है। गद्दी नशीन ताज अहमद साहब और सरपरस्त हिदायतुल्लाह खान की देखरेख में आयोजित इस उर्स में कुरआन ख्वानी, तकरीर, चादरपोशी, कव्वाली और लंगर जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए दरगाह कमिटी, चुना शाह बाबा, बिष्टुपुर, जमशेदपुर के जनरल सेक्रेटरी हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने बताया कि हर साल सववाल की 18 तारीख (हिजरी) से उर्स मुबारक की शुरूआत कुरान ख्वानी से शुरू होती है। बताया 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी होगी। 18 अप्रैल को नमाज ए ईशा बाद उलमा ए कराम सोहरा ए कराम नातख्वानी और तकरीर पेश करेंगे जिसमे मुख्य वक्ता कोलकाता के मौलाना जहीर वारसी मिस्बाही साहब होंगे। 19 अप्रैल को 10 बजे सुबह से चादर व संदल गस्त, 1:20 में चादर पोशी, 2 बजे दिन से लंगर वितरण और रात 9 बजे महफिले शमा (कव्वाली) का आयोजन होगा, जबकि 20 अप्रैल को लंगर और कव्वाली की महफिल सजाई जाएगी। 21 अप्रैल को रात 9 बजे से भव्य महफिल-ए-शाम का आयोजन होगा जिसमें गुजरात से साहिल अली साबरी कव्वाल पार्टी और बिहार के नवादा से जानी वारसी कव्वाल पार्टी अपनी प्रस्तुतियों से महफिल को रौशन करेंगे।

### आशियाना आदित्य सोसाइटी में समानांतर समिति के गठन का लगा आरोप




जमशेदपुर। आशियाना आदित्य रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार नागेलिया और सचिव आलोक चौधरी ने प्रेस रिलीज के माध्यम से आरोप लगाया है कि 13 अप्रैल को आशियाना आदित्य सोसाइटी प्रांगण में अवैध एवं अनैतिक ढंग से मीटिंग बुला कर समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया गया। यहां जारी बयान में कहा गया कि आशियाना आदित्य परिसर में अवैध एवं अनैतिक ढ़ंग से मीटिंग बुलाकर समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया गया। आशियाना आदित्य सोसाइटी में रेरा नियमों के अंतर्गत प्रमोटर द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए पहले ही एक अंतरिम समिति का गठन किया जा चुका है जिसका पंजीकरण दस्तावेज रजिस्ट्रेशन ऑफिस में लंबित है। आशियाना आदित्य परिसर में एक मीटिंग बुला कर 450 फ्लैट ऑनर्स में से 50- 60 फ्लैट ऑनर्स ने कुछ लोगों के बहकावे में आकर एक समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया जो पूर्ण रूप से अवैध एवं गैरकानूनी है। सभी आशियाना आदित्य के निवासियों को सूचित किया जाता है कि यह एक वैध रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन है जो आशियाना आदित्य रेजिडेंट मेंटेंस सेल्फ सपोर्टिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के अंतर्गत सुचारू रुप से कार्य कर रही है। सोसाइटी के कुछ फ्लैट ऑनर्स के द्वारा भ्रामक रूप से बिना दिशा निर्देशों का पालन किए हुए अनधिकृत रूप से जो एक समानांतर समिति का गठन किया गया है वह गैरकानूनी है।

### परशुराम जन्मोत्सव 29 को, पूर्व संध्या पर संघ निकालेगा शोभा यात्रा



जमशेदपुर। ब्राह्मण युवा शक्ति संघ की बैठक कैरेज क्लोनी कमलेश दुबे के आवास पर सम्पन्न हुई, बैठक की शुभआरम्भ करते हुए संघ के संस्थापक सदस्य पंडित सुनील शर्मा ने बताया ब्राह्मण युवा शक्ति संघ लगातारा 2016 से शोभा यात्रा निकालते रही हैं। हांलांकि कोविड काल के समय बिभिन्न मंदिर मे पूजा अर्चना कर या ऑनलाइम जूम ऐप के माध्यम से भी संघ ने परशुराम जन्मोत्सस्व को मनाया है। इस वर्ष भी संघ ने निर्णय लिया है की 29 अप्रैल को मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा निकलेगी जो साकची शीतला माता मंदिर पर भगवान श्री परशुराम जी के 21 फिट प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर आरती का आयोजन होगा और प्रसाद वितरण कर समापन किया जायेगा। बैठक मे जुगसलाई से आये पंडित ने इस पुनीत कार्य मे दायित्व लेते हुए 500 ब्राह्मणो के सांग शोभा यात्रा मे शामिल होने का संकल्प लिया है इसकी पूरी तैयारी हेतु जगह जगह बैठक करने और ब्राह्मण परिवार को एकत्रित करने का कार्य संघ को करना होगा जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया। अप्पू तिवारी ने बताया की संघ द्वारा जल्द ही एक संयोजक मंडली का निर्माण कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर सभी को एकजुट करने का प्रयास करेंगी। साथ ही यह भी कहा की जो भी भगवान श्री परशुराम को मानने वाले या उन्हें समझने वाले है जिनकी आस्था उनके प्रति है उन्हें भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक मे महेन्द्र पांडेय, कमलेश दुबे, कैलाश शर्मा, अशोक शाश्वत, नितिन झा, अशोक उपाध्याय, निर्मल दीक्षित, संतोष जोशी अप्पू तिवारी, चंदन उपाध्याय, पवन उपाध्यय, ललन झा, अरुण आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### वृद्ध की गला रेतकर हत्या, खेत में मिला शव

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के मुगीर्डीह गांव में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। अज्ञात अपराधियों ने 80 वर्षीय वृद्ध बालगोविंद सिंह की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। वृद्ध का शव खून से लथपथ हालत में खेत में पड़ा मिला। सूत्रों के मुताबिक, बालगोविंद सिंह रविवार शाम किसी काम से घर से निकले थे। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उन्हें खोजने की कोशिश की। इसी दौरान रात करीब 9:15 बजे उनका शव गांव से लगभग 200 मीटर दूर भुइयां पट्टी स्थित निर्मल सिंह के खेत में पड़ा मिला। शव की हालत देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और इलाके में सनसनी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि इस जघन्य हत्या के पीछे किसकी साजिश है, इसका पता लगाने के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर हत्यारों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

### अचानक बिगड़ी तबीयत, हो गई मौत

**चंदवा।** वर्तमान भागदौड़ भरी जीवन शैली व अनहेल्दी लाइफ स्टाइल लोगो के जीवन पर भारी पड़ रहा है। चलते फिरते तंदुरुस्त लोगों की मौत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला सोमवार सुबह की है, जब चैनपुर पलामू से अपने भाजीजी के घर मैक्लुस्कीगंज आए देवनाथ राम पिता फूलचंद राम की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज से वापस जाने के दौरान देवनाथ राम के पैर में अचानक तेज दर्द होने लगी, चंदवा पहुंचने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर आए जहां, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अचानक मौत के डॉक्टरों को भी समझ में नहीं आया कि आखिर मौत का कारण क्या रहा होगा।

### कार ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनी नगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के चीरो मोड के समीप रांची से मेदिनीनगर की ओर जा रही मारुति इक्को कार डब्ल्यूबी 58 सीए 7002 ने सामने से आ रही एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। कार के धक्के के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई व ऑटो पर सवार 3 लोग नीचे दब गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजा जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने घायल राम किशुन उरांव पिता स्व. मनमोहन उरांव (आन चंदवा) मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल हुए कौलेश्वर उरांव 45 व कौलेश्वर उरांव 42 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार मृतक रामकिशुन उरांव पेशे से किसान है व सब्जी बिक्री करने चंदवा बाजार आ रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हाल है।

### चाकूबाजी मामले में आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे तिलैया टांड़ मुहल्ले में रविवार की देर शाम दो दोस्तों के बीच महज 270 रुपए को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के बाद मारपीट व चाकूबाजी की घटना में मो. कैफ उर्फ भोलू पिता स्व. गुड्डू अंसारी के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चाकूबाजी के आरोपी मंजर कुरैशी को गिरफ्तार कर सोमवार को मंडल कारा भेज दिया। मामले में घायल के फर्द बयान के बाद चंदवा थाना में कांड संख्या 81/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। विदित हो कि रविवार को दो दोस्त मो. कैफ व मंजर कुरैशी के बीच महज 270 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था, विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच मारपीट हो गई व शाम होते होते मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया।

### डॉ अंबेडकर की स्मृति में निकाली बाइक रैली

जमशेदपुर। हर साल की भांति इस साल भी सोमवार को सामाजिक संस्था डॉ अम्बेडकर एसी एसटी ओबीसी मानॉरिटी वेफेयर समिति के बैनर तले भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के 134वी जयंती के मौके पर मोटरसाइकिल रैली अम्बेडकर शोभा यात्रा का शुभारंभ एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से हुआ। रैली शहर के विभिन्न क्षेत्र से आये अम्बेडकरवादी एकजुट होकर गोलमुरी दुसाध भवन में स्थित बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर आगे बढ़ी। रैली मे एक ट्रक पर झांकी के रूप मे बाबा साहेब के अनुयाई सुग्रीव मुखी डॉ अम्बेडकर बनकर चल रहे थे। उनके पीछे पीछे लोगो जय भीम का नारा लगाते हुए मोटर साईकिल रैली एग्रीको लाइट सिग्नल से भालूबासा चौक कुम्हारपाड़ा बाराद्वारी रामलीला मैदान साकची बिरसा चौक जुबली बंगाल क्लब जुबली पार्क रोड उपायुक्त एवं एस एस पी कार्यालय होता हुआ अम्बेडकर चौक पुराना किताब दुकान के पास बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। यहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माझ्ल्यापर्ण के पश्चात रैली जन सभा मे तब्दील होगया। इस मौके पर विभिन्न दलित आदिवासी मुलवासी समाज के अगुओ के साथ टाटा स्टील फाउंडेशन के पदाधिकारी अभिषेक मुखी को नीला गमछा एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । उपस्थित सभी लोगो ने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के विचारों को जन जन पहुंचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अध्यक्ष सोनाराम बोदरा मंच संचालन महासचिव रविंद्र प्रसाद ने और अंत मे धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता शम्भु मुखी डूंगरी ने दिया।

### भारत आदिवासी पार्टी ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। भारत आदिवासी पार्टी की ओर से डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर साकची पुराना कोर्ट स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने कहा कि शिक्षा से ही समाज को परिवर्तन की जा सकती है।सबको एक समान शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान से ही एक समतामूलक समाज का निर्माण हो सकती है।अब समय आ गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक मुखी, भोगान हेम्ब्रम, विकास कुमार, नीलू हेम्ब्रम, दुलारी टुडू, रीता हेम्ब्रम, रितेश हेम्ब्रम उपस्थित थे।

### महार समाज ने बाबा साहब को याद किया

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में महार समाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोनारी के नया लाइन स्थित सरदार अखाड़ा के समीप आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने डॉ आंबेडकर के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समरसता और संविधानिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।




# धोनी और दुबे ने चेन्नई को दिलाई दूसरी जीत

## चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** आइपीएल 2025 में लगातार 5 मैच हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को आखिरकार जीत मिल गई है। महेंद्र सिंह धोनी की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर 5 विकेट से जीत हासिल की। पहले खेलते हुए लखनऊ ने 7 विकेट पर 166 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 20वें ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 7 मैचों में चेन्नई की यह दूसरी जीत है जबकि लखनऊ 7 मैच में तीसरी हारी है। मुश्किल विकेट पर चेन्नई को आखिरी 5 ओवर में जीत के लिए 56 रन चाहिए थे। महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने यहां से टीम को जीत दिला दी। धोनी के बल्ले से 11 गेंद पर 26 रनों की पारी निकली। एक समय 30 गेंद पर 26 रन बनकार खेल रहे शिवम दुबे ने 37 गेंद पर 43 रन बनाए। 19वें ओवर में शार्दुल ठाकुर के खिलाफ 19 रन बने और इसी ने चेन्नई की जीत लगभग पक्की कर दी।कप्तान ऋषभ पंत ने 49 गेंद में 63 रन बनाये। उन्हें शुरूआत में दिक्कत हुई लेकिन धीरे धीरे लय हासिल कर ली और अब्दुल समद (20) के साथ पांचवें विकेट के लिये 33 गेंद में 53 रन बनाये। लगातार पांच पराजय का सामना करके आई चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। खलील अहमद ने पहले ही ओवर में एडेन माक्ररम को आउट किया, जिनका बेहतरीन कैच पीछे की ओर दौड़ते हुए राहुल त्रिपाठी ने लपका। दो ओवर बाद अंशुल कम्बोज ने निकोलस पूरन को पगबाधा आउट किया। टीम में वापसी कर रहे मिचेल मार्श ने खलील को लगातार दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। वहीं अब तक टूनार्मेंट में जूझते नजर आये पंत ने आते ही आत्मविश्वास से भरे शॉट्स खेले। इनमें जैमी ओवरटन की गेंद पर रिवर्स स्कूप पर जड़ा छक्का शामिल है। अनुभवी रविंद्र जडेजा ने पहले ओवर में दस रन दिये लेकिन दूसरे ओवर में शानदार वापसी करके मार्श का विकेट लिया। युवा आयुष बड़ोनी (17 गेंद में 22 रन) ने ओवरटन को लगातार दो छक्के लगाकर लखनऊ को 12 ओवर के बाद तीन विकेट पर 95 रन तक पहुंचाया।आयुष बडोनी को दो जीवनदान भी मिले जब पहली बार वह नो बॉल पर लपके गए और फिर जडेजा की गेंद पर पगबाधा होने से बचे। वह आखिरकार जडेजा का ही शिकार हुए और धोनी ने चुस्त स्टम्पिंग करके उन्हें रवाना किया। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने बीच के ओवरों में चार ओवर में सिर्फ 13 रन दिये। पंत और समद जमकर खेल रहे थे जब धोनी ने दोनों को रवाना करने में अहम भूमिका निभाई। पहले उन्होंने दूसरे छोर से सटीक थ्रो मारकर समद को रन आउट किया।



### अक्षर पर लगा 12 लाख रुपये का जुमार्ना

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 29वें मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को अपने ही घर अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के हाथों 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, धीमे ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

### लखनऊ 166/7 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मार्करम कै. त्रिपाठी बो. खलील | 06 | 06 | 01 | 00 |
| मिचेल मार्श बो. जडेजा | 30 | 25 | 02 | 02 |
| पूरन एलबीडब्ल्यू कंबोज | 08 | 09 | 02 | 00 |
| पंत कै. धोनी बो. पथिराना | 63 | 49 | 04 | 04 |
| बदोनी स्टं. धोनी बो. जडेजा | 22 | 17 | 01 | 02 |
| अब्दुल समद रन आउट | 20 | 11 | 00 | 02 |
| डेविड मिलर नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |
| शार्दूल कै. रशीद बो. पथिराना | 06 | 04 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन** : 1-6, 2-23, 3-73, 4-105, 5-158, 6-158, 7-166.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 4-0-38-1, अंशुल कंबोज : 3-0-20-1, जेमी ओवर्टन : 2-0-24-0, रवींद्र जडेजा : 3-0-24-2, नूर अहमद : 4-0-13-0, मथीशा पथिराना : 4-0-45-2.

### चेन्नई 168/5 (19.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रशीद कै. पूरन बो. आवेश | 27 | 19 | 06 | 00 |
| रचीन एलबीडब्ल्यू मार्करम | 37 | 22 | 05 | 00 |
| त्रिपाठी कै. एंड बो. बिश्नोई | 09 | 10 | 01 | 00 |
| जडेजा कै. मार्करम बो. बिश्नोई | 07 | 11 | 00 | 00 |
| शिवम दुबे नाबाद | 43 | 37 | 03 | 02 |
| विजय कै. खान बो. दिग्वेश | 09 | 08 | 01 | 00 |
| एमएस धोनी नाबाद | 26 | 11 | 04 | 01 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन** : 1-52, 2-74, 3-76, 4-96, 5- 111.

**गेंदबाज** : शार्दूल ठाकुर : 4-0-56-0, आकाश दीप : 1-0-13-0, दिग्वेश सिंह : 4-0-23-1, आवेश खान : 3.3-0-32-1, रवि बिश्नोई : 3-0-18-2, एडन मार्करम : 4-0-25-1.

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +1.081 |
| दिल्ली | 05 | 04 | 01 | 00 | 08 | +0.899 |
| बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.539 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.086 |
| कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | +0.803 |
| पंजाब | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.065 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | +0.104 |
| राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.838 |
| हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -1.245 |
| चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 00 | 04 | -1.276 |



**पर्पल कैप**
12 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई



**ऑरेंज कैप**
357 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

### पंजाब के सामने अब कोलकाता की कड़ी चुनौती



**मुल्लांपुर।** मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। पंजाब को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था। ऐसे में पंजाब के टीम प्रबंधन को अब फैसला करना होगा कि वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलना चाहते हैं।

### भारत ने तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में जीते चार पदक

**ऑबर्नडेल (अमेरिका)।** भारत ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल चार पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया। भारत तीरंदाजी विश्वकप में चार पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसमें पुरुष रिकर्व टीम में एक रजत और पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा का कांस्य शामिल रहा। ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन के वांग यान, ली झोंगयुआन और काओ वेनचाओ से 1-5 से हार गई। तीरंदाजी विश्वकप में मेक्सिको छह पदकों (तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) के साथ शीर्ष पर रहा।

### कपिल बने एसओजी ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के ब्रांड एंबेसडर

**एजेसी**

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के उत्तर और पूर्व क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) गुरुग्राम के हयात रीजेंसी में 20 और 30 अप्रैल को इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज का आयोजन करेगा। इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के लिए अब तक एक लाख 50 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस अवसर पर पद्म भूषण कपिल देव ने कहा, दुनिया भर में माइंड स्पोर्ट्स की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, जिसका श्रेय इंटरनेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती पहुंच को जाता है। एसओजीएफ के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। रणनीतिक सोच, मानसिक फुर्ती, अनुशासन और समस्या-समाधान जैसी क्षमताएं माइंड स्पोर्ट्स से विकसित होती हैं, जो क्रिकेट जैसे खेलों में भी आवश्यक हैं।

यह पहल भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में मदद करेगी और मैं इसका हिस्सा बनकर गौरवान्वित हूं।

### मनिका, श्रीजा ने ग्रुप स्टेज के शुरूआती मैच जीते

**नयी दिल्ली।** ओलंपियन मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने सोमवार को चीन के मकाऊ में आइटीटीएफ विश्व कप में अपने ग्रुप चरण के पहले मैच में जीत हासिल की। ग्रुप 16 में शामिल विश्व की 30वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने न्यू कैलेडोनिया की मेलिस गिरेट को 4-0 (11-1, 11-2, 11-6, 11-4) से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। भारतीय खिलाड़ी का सामना अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच में ब्राजील की विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी ब्रूना ताकाहाशी से होगा। ग्रुप 9 में विश्व की 34वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा ने आस्ट्रेलिया की कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस को 3-1 (11-9, 11-4, 11-8, 6-11) से हराया।

### झारखंड के साकेत मिंज और अफरोज अहमद सऊदी रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एशियन एथलेटिक संघ एवं सऊदी अरबिया एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंस नायेफ स्पोर्ट्स सीटी स्टेडियम इन दमाम, सऊदी अरबिया में 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित 6वी एशियन अंडर 18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए झारखंड राज्य से मोराबादी, रांची साईं के ट्रेनी साकेत मिंज (400 मीटर, मिडले रिले) एवं हजारीबाग के अफरोज अहमद (ऊंची कूद) में भाग लेने के लिए देर रात नई दिल्ली से भारतीय एथलेटिक्स टीम के साथ रवाना हुये। राज्य के दोनों एथलीटों को खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, डॉ मधुकांत पाठक, जे. ए. अध्यक्ष सी. डी. सिंह, सचिव एस. के. पांडेय, रांची जिला एथलेटिक्स सचिव, प्रभाकर वर्मा, साईं रांची के सहायक निदेशक करण साधवानी, साईं एथलेटिक्स प्रशिक्षक बिनोद कुमार सिंह, तीरंदाजी सोमेंद्र, हॉकी कोच जगन टोपनो, बी महापात्रा, अजीत साहू समेत संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के दोनों एथलीटों को शुभकामना दी।



अफरोज अहमद



साकेत मिंज

### आइएसएसएफ विश्व कप का दूसरा चरण आज से, पेरू होगा मेजबान

**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आइएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन स्टेज के दूसरे चरण की शुरूआत पेरू की राजधानी लीमा स्थित लास पालमास रेंज में मंगलवार (15 अप्रैल, 2025) से होने जा रही है। पहले दिन पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पधाओं के फाइनल होंगे। तीनों श्रेणियों- राइफल, पिस्टल और शॉटगन, में कुल 15 इवेंट्स होंगे, जिनमें 43 देशों के लगभग 400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की 35 सदस्यीय टीम इस चरण में भाग ले रही है और साल के अंत में होने वाली प्रतिष्ठित आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले अपना दबदबा कायम करने की कोशिश करेगी। पहले चरण का आयोजन पिछले सप्ताह अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था।

## इंटर मियामी ने शिकागो फायर के खिलाफ खेला गोल रहित ड्रॉ



**एजेंसी**

**शिकागो।** अमेरिकी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में रविवार को इंटर मियामी और शिकागो फायर के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी ने पूरे 90 मिनट मैदान पर बिताये और कई रोमांचक मौके बनाये, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुकाबले में दोनों टीमों के गोलकीपर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार इस सीजन में क्लीन शीट हासिल की।

**मेसी का किस्मत ने नहीं दिया साथ**

इस मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 64वें और 85वें मिनट में गोल करने की पूरी कोशिश की। पहले मेसी का शानदार शॉट शिकागो के गोलकीपर क्रिस ब्रैडी ने क्रॉसबार की मदद से बचाया, वहीं दूसरे मौके पर भी गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। मेसी ने लुइस सुआरेज को भी एक बेहतरीन पास दिया था, लेकिन वह ऑफसाइड करार दिया गया। कॉनकाकैफ चैंपियंस कप क्वार्टर फाइनल में एलएएफसी के खिलाफ जबरदस्त वापसी के बाद इंटर मियामी को एमएलएस में लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। इस सीजन यह पहला मौका था जब इंटर मियामी किसी एमएलएस मुकाबले में गोल नहीं कर सका। शिकागो फायर के लिए यह इस सीजन का पहला क्लीन शीट था। टीम ने बीते तीन मैचों में दो ड्रॉ और एक हार झेली थी। इस मुकाबले में भी शिकागो ने आखिरी मिनटों में कुछ बेहतरीन मौके बनाए, लेकिन इंटर मियामी के गोलकीपर ऑस्कर उस्टारी ने शानदार बचाव कर टीम को हार से बचा लिया। पहले हाफ में मुकाबला धीमा रहा, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया।

### एमबाप्पे को छह साल में पहला रेड कार्ड मिला रियल मैड्रिड ने अलावेस को 1-0 से हराया



मैड्रिड। किलियम एम्बाप्पे को रेड कार्ड मिलने की वजह से उनके बिना खेल रही रियल मैड्रिड ने अलावेस के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के इस मैच में रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एम्बाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरूआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है, जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे रियल मैड्रिड और शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना के बीच केवल चार अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 और रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 66 अंक हैं।

### अर्चित आनंद फिर चुने गये झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष



**रांची।** रांची के आर के आनंद बॉलिंग ग्रीन स्टेडियम में आयोजित झारखंड ओलंपिक संघ के वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ, जहां पदाधिकारियों को सभी राज्य संघों के प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन पद्दति के माध्यम से चुना गया। जो आगामी सत्र 2025 से 29 के लिए हैं। निर्विरोध अर्चित आनंद सहित अन्य पदाधिकारियों को चुना गया। बता दे कि अर्चित आनंद झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय तलवारबाजी संघ एक्जक्यूटिव मेंबर भी हैं। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को टेबल टेनिस संघ के मुख्य संरक्षक सह अभिभावक एवं तलवारबाजी संघ के महासचिव जय कुमार ने सभी को बधाई दी और उम्मीद जताया है कि प्रदेश में खेलों के विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे और खेल से सभी युवा को जोड़े रखेंगे।

### झारखंड महिला एवं पुरुष कुश्ती टीम का ट्रायल गुरुवार को खेलगांव होटवार में

**रांची।** खेल-कूद एवं युवाकार्य मामले, भारत सरकार के द्वारा 11 से 15 मई 2025 तक पटना मे आयोजित, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, में (U-17) झारखंड राज्य कुश्ती संघ की टीम महिला और पुरुष दोनों वर्ग का चयन ट्रायल 17 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को प्रातः 09 बजे से गणपत राय इनडोर स्टेडियम, खेलगांव होटवार रांची में आयोजित किया जायेगा। इस कुश्ती प्रतियोगिता में 16 एवं 17 वर्ष (2008/2009) के जन्मतिथि वाले प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना पासपोर्ट साइज फोटो एवं स्कूल बोनाफाइड सर्टिफिकेट साथ में लाने अनिवार्य होगा।

**खिलाड़ियों के भार वर्ग निम्न हैं।**

**बालक ग्रीको रोमन**
1-51kg, 2-55kg, 3-60kg, 4-65kg, 5-71kg, 6-80kg, 7-92kg.

**बालिका वर्ग**
1-46kg, 2-49kg, 3-53kg, 4-57kg, 5-61kg, 6-65kg, 7-69kg.

**बालक फ्रीस्टाइल**
1-92kg

### झारखंड हॉकी टीम का हुआ ट्रायल, महिला वर्ग में 74 और पुरुष वर्ग में 48 प्रतिभागियों ने लिये भाग





**रांची।** 07 मई से 13 मई तक राजगीर बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025(U-18) महिला और पुरुष में झारखंड हॉकी टीम की भागीदारी के लिए खेलकूद और युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड हॉकी महिला और पुरुष दोनों वर्ग का ट्रायल सोमवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में हुई। जिसमे सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची, हजारीबाग, बोकारो, एकलव्य हॉकी सेंटर, नवल टाटा हॉकी अकादमी, साई इत्यादि से महिला वर्ग में 74 और पुरुष वर्ग में 48 प्रतिभागी भाग लिए। ट्रायल लेने के उपरांत महिला वर्ग में 32 तथा पुरुष वर्ग में 30 खिलाड़ी चयनित किये गये है। जिनका विशेष प्रशिक्षण के उपरांत 18-18 सदस्यो की टीम उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेगी। तुषार राय, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 झारखंड के देखरेख में आयोजित इस चयन ट्रायल में मुख्य रूप से ओलंपियन मनोहर टोपनो, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा, गुरमीत राव, एकलव्य रांची के कोच सुधीर गोला, बरियातू हॉकी सेंटर की कोच करुणा पूर्ति इत्यादि उपस्थित थे।

## हॉकी इंडिया ने आस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित की

### सलीमा टेटे कप्तान, नवनीत कौर होंगी उपकप्तान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। यह दौरा 26 अप्रैल से 4 मई 2025 तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस पांच मैचों की सीरीज में भारत पहले दो मुकाबलों में आस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगा, जबकि इसके बाद तीन मुकाबले सीनियर आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ होंगे। इस दौरे के लिए टीम की कमान अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह दौरा भारतीय टीम के लिए आगामी जून में यूरोप में होने वाली एफआइएच प्रो लीग 2024-25 की तैयारियों के तहत महत्वपूर्ण साबित होगा। उल्लेखनीय रूप से पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को सीनियर टीम में शामिल किया गया है और वे सीनियर टीम में पदार्पण करने के लिए उत्सुक होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह आस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा के खिलाफ अपनी स्किल्स और रणनीतियों का परीक्षण करेंगे। हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें अनुभव और नई ऊर्जा का मिश्रण है।

यह देखकर अच्छा लगता है कि युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंटों और सीनियर कैंपों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बनाई है। कोच ने कहा, हमने बेंगलुरु में राष्ट्रीय कैंप में अच्छा प्रशिक्षण लिया है और टीम मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में है। आस्ट्रेलिया ए और हॉकीरूस के खिलाफ खेलने से हमें यूरोपियन प्रो लीग से पहले अपनी खेल शैली को बेहतर करने में मदद मिलेगी। हम फिटनेस, निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक दृढ़ता को मजबूत कर रहे हैं ताकि हम उच्च दबाव वाली स्थितियों में भी संयमित और प्रतिस्पर्धी बने रहें।



### 26 सदस्यीय भारतीय टीम इस प्रकार है

- **गोलकीपर :-** सविता, बिचू देवी खारीबाम।
- **डिफेंडर्स :-** ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा।
- **मिडफील्डर :-** सलीमा टेटे (कप्तान) वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनीता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेमसियामी।
- **फॉरवर्डः-** नवनीत कौर (उपकप्तान), दीपिका, रुतजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग।
- **स्टैंडबाय खिलाड़ः-** बंसरी सोलंकी (गोलकीपर),अंजना डुंडुंग, लालथंतलुंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला, खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर), दीपी मोनिका टोप्पो, सोनम (फॉरवर्ड)।

### कुसमाही और रॉकमैन ने अपने-अपने मैच जीते





**रांची।** सोमवार को अनस्टॉपेबल क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अनस्टॉपेबल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहले मैच में कुसमाही सी.ए. ने रॉकमैन जूनियर को 89 रनों से हराया। के.सी.ए. के अर्जुन विष्णु को 38 रन बनाने और 5 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे दिन के मैच में रॉकमैन किड्स ने dls method के आधार पर डांगी को 116 रनों से हराया। रॉकमैन किड्स के रौनक ने 37 रन बनाए और 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**स्कोर**

पहला मैचः कुसमाही 146/10 (19.3 ओवर) रॉकमैन जूनियर 57/10 (13 ओवर)।

दूसरा मैच : रॉकमैन किड्स 158/9 (20 ओवर) डांगी 42/9(11.5 ओवर)।

# बाबा साहेब के रास्ते पर चलकर समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है : मंत्री

- जयंती समारोह में मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के होसिर पश्चिमी पंचायत के अंबेडकर पार्क शब्दिटांड़ में मियाबांध, बगिया टोला, शब्दिटांड़ गोरिया टोला एवं देवीपुर के रविदास समाज की ओर से भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर नमन किया।

इस मौके पर मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने हजारों वर्षों से अंधकार में डूबे समाज को न्याय, समानता व और सम्मान का उजाला देने का काम किया है, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एक व्यक्ति से बढ़कर एक विचार हैं, एक आंदोलन हैं। उनके विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। संविधान निर्माण के दौरान उन्होंने हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म और हर समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। इसके अलावा मंत्री जी ने गोमिया बैंक मोड़ और बड़कीपुनू में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि महादेव कुमार महतो ने भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में उन्होंने न केवल कानून बनाए, बल्कि उस भारत की कल्पना की, जहां हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का समान अवसर मिले। आज आवश्यकता है कि हम डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रखें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और कार्यों में अपनाएं।

विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, समाजसेवी देवनारायण प्रजापति व अकाशलाल सिंह, पंचायत की मुखिया पार्वती देवी और पंसस महेश रविदास ने भी शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए बाबा साहेब के योगदान की चर्चा करते हुए डॉ. अंबेडकर को महान युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल से शिक्षा, समाजिक क्षेत्र में सभी जाति धर्म के लोगों को अपने हक और अधिकार प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित होकर जुझारू बनने की राह बाबा साहेब की देन है, उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इधर मंच संचालन समाजसेवी नारायण रविदास व कपिल देव रविदास ने किया। समारोह के दौरान ग्रामीणों ने मियाबांध में स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां समारोह में पाचुलाल यादव, योगेन्द्र प्रसाद, मानिकचंद रविदास, रामकिशुन रविदास, प्रो. धनंजय रविदास, राजेश्वर साव, रोहित साव, शाखा महाप्रबंधक देवानंद रविदास, जलेश्वर रविदास, भरत रविदास, हीरालाल रविदास,परण दास, मुरली रविदास, रीना देवी, विंदीया देवी, बासुदेव रविदास, प्रेम शंकर रविदास, पप्पू रविदास, मुकेश अंबेडकर, रामदेव रविदास, सचिन रविदास, हेमंत रविदास, सहदेव रविदास, गणेश रविदास, दिनेश रविदास, लवनाथ सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, शिक्षक रेवतलाल रविदास एवं मदन रविदास, हीरालाल यादव, चिड़न रविदास, दिलीप यादव, विकास दास, सिकेन्द्र रविदास, विकास कुमार प्रजापति, शिवा रविदास, अनिल दास, दीपक रविदास, जितेंद्र बौद्ध, विकास रविदास, नेमीचंद रविदास सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन की आधिकारिक क्लब विजिट का भव्य आयोजन किया गया, जो रोटरी के नेतृत्व सेवा और आदर्शों का उत्सव था। इस कार्यक्रम ने क्लब की सेवा भावना, समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता और रोटरी के मूल्यों को एक बार पुनः प्रतिष्ठापित किया। क्लब मीटिंग संख्या 2675 की शुरूआत रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष और रोटेरियन जतिन अग्रवाल सचिव द्वारा की गई। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मन्नू श्रीवास्तव ने किया। रोटेरियन शमिता मुखर्जी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का एवं रोटेरियन स्वगतिका प्रधान ने फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन का स्वागत किया। पुष्पाभिनंदन के दौरान रोटेरियन अलका गुप्ता ने डीजी और फर्स्ट लेडी का जहां दिल से स्वागत किया वहीं पीडीजी महेश केजरीवाल एवं रोटेरियन पुष्पा केजरीवाल को पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन संध्या राज ने सम्मानित किया।

ओएनजीसी के टी एन उन्नीकृष्णन नायर और बलबीर सिंह का रोटेरियन नरेश लोधा एवं पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन पीए जकारिया ने क्रमशः स्वागत किया। संयुक्त सचिव रोटेरियन जतिन अग्रवाल ने क्लब की सेवाओं और आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें सेवाभाव व युवा उत्क्रमण गतिविधियां और रोटरी की छवि संवर्धन अभियान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता की प्रमुखता को भी विस्तारपूर्वक बताया।

पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संजय तिवारी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का विस्तार से परिचय देते हुए रोटरी में उनके सफर व सेवाओं और प्रभावशाली नेतृत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की प्रेरणा और नेतृत्व क्षमता समाज व क्लब के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के सेवा कार्यों सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रमों और क्लब के संगठनात्मक एकता की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्लब द्वारा प्रस्तावित जीवन रक्षक एम्बुलेंस परियोजना को अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता की एक दूरदर्शी और जीवनदायिनी पहल बताया। उन्होंने रोटरी के आदर्श वाक्य सेवा- स्वयं से ऊपर को केवल नारा न मानते हुए इसे जीवन का आदर्श मार्ग बताया और सभी से अनुरोध किया कि वे स्वास्थ्य व एकशिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में स्थायी और प्रभावी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। धन्यवाद ज्ञापन निरुपमा सिंह ने किया।

## पेटरवार में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 1992 बोतल डिप्लोमेट ब्रांड की शराब बरामद





**बेरमो।** बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो–रामगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित पेटरवार बाजार के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेटरवार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप बोलेरो वाहन संख्या जेएच05सीएच 5527 को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में नारियल के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई डिप्लोमेट ब्रांड की अवैध शराब पाई गई। कुल 166 कार्टून में 750 एमएल की 1992 बोतलें बरामद की गईं। जिसका बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपए बताया जा रहा है। मौके से वाहन चालक अमिया चरण खुटिया का पुत्र बबलू खुटिया को गिरफ्तार किया गया, जो पूर्वी सिंहभूम जिले के बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह गांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि बबलू खुटिया इसके पहले भी शराब तस्करी के मामले पर जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान बबलू ने बताया कि उक्त शराब बोकारो के बालिडीह स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप से लोड कर सरायकेला जिले के चौका ले जाई जा रही थी। चालक ने यह भी खुलासा किया कि उसे यह डिलीवरी जमशेदपुर के मानगो निवासी शंकर गोराई के निर्देश पर दी गई थी। मामले पर महेशपुर निवासी प्रदीप मंडल और कुंडोरी निवासी राजा बाबू की संलिप्तता सामने आई है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजु मुण्डा, पुअनि दुर्गाचरण मुर्मू, रामअवतार यादव शामिल थे।

## भाजपा कार्यालय में अंबेडकर जयंती मनायी गयी



**बेरमो।** सोमवार को पुराना वीडियो ऑफिस के पास भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती एससी मोर्चा के अध्यक्ष चंदन राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष जगन्नाथ राम, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष नवल सिंह जीओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्रीकांत, शिवलाल रवि, वार्ड पार्षद दिनेश रवि, मंडल के मंत्री अशोक रवि, बबलू सिंह, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष वैभव चौरसिया, वार्ड पार्षद भरत वर्मा, अभिषेक सिंह, लालमोहन महतो, अनिल गुप्ता, एससी मोर्चा के जिला मंत्री रामू तांती, एसपी शर्मा, श्याम मंडल, मूलचंद खुराना, मनोज कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएसएल में जयंती पर बाबा साहेब को किया नमन



**बोकारो।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवा कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी लक्ष्मी दास, महाप्रबंधक सुरक्षा आलोक चावला , संचार प्रमुख मणिकांत धान, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन शिप्रा हेमब्रम इत्यादि ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## इश इस्पात प्रा. लि. व बोकारो मेटल प्रा. लि. पर 40 लाख रुपये से ज्यादा के गबन की प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड एवं बोकारो मेटल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक/ निदेशक संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी पर बोकारो स्टील सिटी थाना में केस नंबर 82/ 25 दिनांक 13.4.2025 के अंतर्गत बीएनएस 316(2)/318 (4) के तहत 40 लाख 25 हजार 547 रुपए के गबन का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसएल एलएच निवासी, संस्कार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राकेश कुमार सिंह ने 11.4.2023 से 20.6.24 तक इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को 2 करोड़ 25 लाख 52 हजार 543 रुपए का लौह स्क्रैप बिक्री किया था जिसके एवज में इश इस्पात प्रा लिमिटेड ने एक करोड़ 96 लाख 8 हजार 3 सौ इक्कावन रुपये मात्र का भुगतान किया। इसके पूर्व 20 लाख रुपये का भुगतान और किया गया था। 29 लाख 44 हजार एक सौ बियानबे रुपया बकाया रखा। संजय कुमार राय एवं सरिता देवी की एक अन्य कंपनी बोकारो मेटल प्राइवेट लिमिटेड को 6 मई 2024 से 6 जून 2024 के बीच संस्कार ट्रेडर्स द्वारा 20 लाख 81 हजार तीन सौ पचपन रुपए का लौह स्क्रैप दिया गया जिसमें उन्होंने मात्र 10 लाख रुपए का भुगतान 27 जून 2024 को किया। इसमें भी उन्होंने 1081355 रुपए का बकाया रखा। विगत 27 एवं 28 मार्च 2025 को संस्कार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राकेश कुमार सिंह के दादाजी के निधन के बाद एवं वित्तीय वर्ष की आंकड़ों की प्रविष्टि पूरा करने को कुल बकाया 40 लाख 25 हजार पांच सौ सैंतालीस रुपए मांगने पर संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी दोनों ने नाराजगी जताते हुए अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए बकाया राशि का भुगतान करने से इंकार किया और भविष्य में तगादा करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। नतीजतन राकेश कुमार सिंह ने बोकारो स्टील सिटी थाना में संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही अपने जान माल की रक्षा सहित दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निमित्त निवेदन किया है। इस संबंध में सेक्टर 12 थाना व पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दी गई है।

## गोड्डा में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न



**गोड्डा।** स्थानीय अग्रसेन भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। जिसके चुनाव पर्यवेक्षक विजय परशुरामका और नवनित सरावगी बनाए गए थे। गोड्डा में कुल 27 मत पड़े। प्रदेश अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशियों में बसंत मित्तल और सुरेश चंद्र अग्रवाल मैदान में थे। गोड्डा में जिला अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने प्रथम मतदाता के रूप में शिव कुमार गाडिया को सम्मानित किया। मतदान करने में प्रदेश मंत्री प्रीतम गाडिया, प्रदीप बजाज, प्रकाश बजाज, दिलीप बजाज, शुभकरण भगत, गणेश अग्रवाल, महेश बजाज, पियूष खेमानी, किशन टेकरीवाल, राजेश टेकरीवाल, अविनाश अग्रवाल, ओमप्रकाश टेकरीवाल मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### चास रोटरी ने जन हितार्थ चास बाई पास रोड में लगाया प्याऊ



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने गर्मी को देखते हुए आम जनता के उपयोग के लिए बाईपास रोड चास में प्याऊ का संचालन शुरू किया। समाजसेवी संपत मल बैद ने राहगीर को पानी पिलाकर इस प्याऊ का उद्घाटन किया। संपत मल बैद ने कहा कि गर्मियों में प्याऊ खोलकर रोटरी क्लब चास ने पुण्य का काम किया है। इससे आम लोगों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि लोगों को पीने योग्य स्वच्छ पानी मिलेगा और यह प्याऊ लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चास मुख्य व्यवसायिक केंद्र है और यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। अब उन्हें पीने के लिए पानी खरीदना नहीं पड़ेगा। मुकेश ने बताया कि रोटरी क्लब ने चास में आज दो प्याऊ खोले हैं। कुल 6 प्याऊ खोलेगा। इस अवसर पर विमल रामपुरिया, शुभम चोपड़ा, कमल लोढ़ा, अंकित चोपड़ा, निर्मल रामपुरिया, ललिता चोपड़ा, संजय बैद आदि उपस्थित थे।

### पथरगामा में दो बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल

**गोड्डा।** पथरगामा थाना क्षेत्र के बारकोप मोड़ के समीप सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में छह लोग बुरी तरह घायल हो गए। घटना उस समय घटी जब दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बारकोप निवासी शेखर सुमन साह अपने पुत्र को स्वामी विवेकानंद स्कूल गांधीग्राम हॉस्टल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान गांधीग्राम की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक दूसरी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। इस बाइक को महागामा प्रखंड के भंडारीडीह निवासी दीपक कुमार राय चला रहे थे। दोनों बाइकों पर ट्रिपल लोड सवारियां थीं और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रखंड महामंत्री राजेश टेकरीवाल और पूर्व जिला परिषद सदस्य सियाराम भगत घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। पथरगामा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सहायक पुलिस पर लगा शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप, फरार

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना में कार्यरत सहायक पुलिस गौतम वैध के खिलाफ इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 31 वर्षीय युवती ने शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। युवती ने अपने दिए आवेदन में बताया है कि सहायक पुलिस गौतम वैध से उसकी मुलाकात चार साल पहले सरैयाहाट में हुई थी। जिसके बाद दोनों आपस में प्रेम करने लगे। इस दौरान वह उसे बराबर तारापीठ घुमाने ले जाता था और वहीं पर होटल में उससे शारीरिक संबंध बनाता था। दिसंबर 2024 में उसने तारापीठ के ही एक होटल में उसकी मांग में सिंदूर लगा उसे पत्नी का दर्जा देकर बराबर हर महीने खर्च करने के लिए पैसे भी देता था। युवती के अनुसार वह 2024 में एक बार गर्भवती हो गई थी, जिसके बाद गौतम ने मेडिकल से कोई दवा उसे खिलाकर बच्चे को नष्ट कर दिया था। युवती ने बताया है कि गौतम की भाभी से उसे पता चला कि उसकी शादी कहीं ओर तय की गयी है, जिसके बाद उसने गौतम पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी से इंकार कर दिया। इस बीच युवती शिकायत लेकर एसपी और डीआईजी के पास पहुंची तो गौतम ने सरैयाहाट थाना में उसे बुलाकर बासुकीनाथ मंदिर में शादी करने की बात कही। लेकिन एक दिन बाद ही वह फिर शादी से मुकर गया और कहा कि उसके घर वाले शादी से मना कर रहे हैं। जिसके बाद उसने सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर इसी थाना में कार्यरत सहायक पुलिस गौतम वैध पर मामला दर्ज कराया है। इधर मामला दर्ज होने से पूर्व ही गौतम फरार हो गया है। अब सरैयाहाट पुलिस अपने ही थाना के सहायक पुलिस की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस पूरे प्रकरण में गौतम ने फोन पर बताया कि सारे आरोप बेबुनियाद हैं, उसपर राजनीतिक दबाव में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि युवती ने थाना में कार्यरत सहायक पुलिस के खिलाफ आवेदन किया है। आवेदन के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। युवती का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया गया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो अन्य घायल

**जामा।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के सिमरा डंगाल गांव के पास रविवार की देर शाम को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां ईलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों युवक सिमराडंगाल गांव से बाइक से अपने घर उदलखाप वापस लौट रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक मनोज पुजहर की मौत इलाज के दौरान हो गई। जबकि घायल नरेश पुजहर और उमेश पुजहर नामक युवक का इलाज चल रहा है। तीनों सिकटिया पंचायत के उदलखाप गांव के निवासी बताये जाते हैं।

## डीपीएस बोकारो में सीबीएसई की दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में सीबीएसई के पटना उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त क्षमता-आधारित मूल्यांकन विषय के द्वितीय चरण के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में विद्यालय के कुल 60 शिक्षकों ने विद्यार्थियों की योग्यता उनके कौशल और उनकी मेधाविता के प्रभावशाली मूल्यांकन के गुर सीखे। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार, रिसोर्स पर्सन जीजीपीएस व चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार एवं एआरएस पब्लिक स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका सरिता झा ने संयुक्त रूप किया। रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ गंगवार ने शिक्षकों के आपसी ज्ञानार्जन एवं कौशल-संवर्द्धन की दिशा में इस प्रकार के कार्यक्रमों को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह धरातल पर उतारने में शिक्षकों की केंद्रीय भूमिका है जिसके लिए ऐसे कार्यक्रमों के जरिए उनकी क्षमता में विकास आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला में सीखी गई बातों का अपने दैनिक शिक्षण-कार्यों में इस्तेमाल करते हुए विद्यार्थियों को लाभान्वित कर सकारात्मक परिणाम लाने की प्रेरणा दी।

रिसोर्स पर्सन अभिषेक कुमार ने छात्र-छात्राओं की क्षमता अथवा योग्यता का आकलन करने से पूर्व उनके शारीरिक व मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को समझने पर बल दिया। समुचित मूल्यांकन के लिए उन्होंने अच्छे प्रश्नों की अनिवार्यता रेखांकित की और कहा कि अच्छे प्रश्न अच्छे शिक्षार्थी तैयार करते हैं। दूसरी रिसोर्स पर्सन सरिता झा ने कहा कि मूल्यांकन किसी भी पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को समझने में उनकी क्षमता का सही मूल्यांकन आवश्यक है। इसके लिए शिक्षक प्रश्नों को सही तरीके से तैयार करें। रिसोर्स पर्सन्स ने सवालों के अलग-अलग प्रकार अवधारणा-आधारित शिक्षण आदि पर विस्तार से चर्चा की तथा बहुवैकल्पिक प्रश्नों के चार प्रकारों झ्र आसान, जटिल, केस आधारित और कथन-कारण वाले सवालों झ्र को भी विस्तार से समझाया। दो दिन की इस कार्यशाला में सवालों को परखने और उनका मूल्यांकन करने एवं फ्री रिस्पॉन्स और कंस्ट्रक्टेड रिस्पॉन्स जैसे अलग-अलग प्रकार के सवालों को बनाने पर गहन चर्चा और मंथन हुआ। इसमें शामिल शिक्षकों ने निर्धारित विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भी भाग लिया।

# दुमका में डबल मर्डर से सनसनी, दंपति की चाकू घोंप की हत्या

- जमीन विवाद में हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक दम्पति की चाकू घोंपकर निर्मम हत्या कर दी गयी है। घटना को घर के अंदर अंजाम दिया गया है। घटना बीती रात करीब 11 बजे की बतायी जा रही है। ग्रामीणों को जब घटना की सूचना मिली तो पति मोहन हांसदा खून से लतपथ घायल अवस्था में कमरें में पड़ा हुआ था। जबकि पत्नी बोरोनिका हेम्ब्रम की मौत हो चुकी थी। खून के धब्बे घर के दोनों तरफ बने आंगन तक फैले हुए थे। एक जोड़ी चप्पल में भी खून का धब्बा लगा हुआ था। आनन-फानन में ग्रामीणों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस बल ने पहाड़पुर गांव पहुंचकर एम्बुलेंस से मोहन हांसदा को दुमका भेज दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मोहन का उम्र 30 और बोरोनिका का 28 वर्ष बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है। देखरेख के लिए चौकीदार की तैनाती की गई है।

### एसपी सहित कई पदाधिकारियों ने की जांच

घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार को एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, एसडीपीओ विजय महतो, डीएसपी एकुड़ डुंगडुंग, काठीकुंड सर्किल इस्पेक्टर अरबिंद कुमार सहित पुलिस बल गांव पहुंचा। पुलिस की टीम ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। इसी बीच डॉग स्क्वायड टीम और फोरेंसिक टीम भी गांव पहुंची। हत्या में प्रयुक्त चाकू और दावली को सूंघकर डॉग ने सबूत जुटाने का प्रयास किया। पुलिस दोनों ही हथियारों को जब्त कर लिया है। मामले को लेकर एसपी ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही है। जांच के बाद ही मामले में कुछ बोला जा सकता है।

### सिर पर दावली से किया वार, गर्दन में चाकू घोंपा

पुलिस सूत्रों की मानें तो पत्नी बोरोनिका की हत्या दर्दनाक रही है। सिर पर दावली से प्रहार किया गया है। जिससे सिर फटकर ब्लीडिंग हुआ है। शरीर में कई जख्म हैं। दोनों हाथों में चाकू से काटा गया है। दोनों भुजाओं पर भी चाकू से गोदा गया है। एक हाथ का अंगुली भी काटा गया था, जो घटनास्थल पर पड़ा हुआ था। गर्दन पर चाकू से वार किया गया है। जबकि पति मोहन का नाभि में चाकू घोंपा हुआ था। इससे उसका आंत बाहर आ गया था। घटना में दोनों पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई है।

### मुझे बचाओ मुझे बचाओ की आई थी आवाज

पड़ोसी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे बोरोनिका की आवाज सुनाई दी थी। बोरोनिका मुझे बचाओ मुझे बचाओ की आवाज लगा रही थी। वह मामले को नहीं समझ पाई। कुछ देर बाद ही पड़ोसी को कुछ अनहोनी का शक हुआ तो उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। काफी संख्या में ग्रामीण मोहन के घर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर सभी स्तब्ध रह गए।

### पूछताछ में नहीं बताया किसी का नाम

घटना के बाद ग्रामीणों के साथ मोहन के घर बहन सुरुजमुनी सोरेन भी पहुंची थी। बताया कि मोहन पानी पीने मांगा, उसे पानी पिलाया फिर घटना के बारे में उसे जानकारी मांगी जा रही थी, लेकिन मोहन ने कुछ नहीं बताया। दुमका ले जाने के दौरान भी बहन सुरुजमुनी मोहन से हत्या के बारे में पूछती रही लेकिन वह चुप रहा। मामले को लेकर ग्रामीण भी कुछ नहीं बता पा रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मोहन और बोरोनिका ही घर पर रहते थे। इसके अलावे घर में कोई नहीं रहता था। घटना किसी और के द्वारा अंजाम दिया गया है या फिर खुद एक-दूसरे को मारकर आत्महत्या की गई है यह जांच का विषय है।

### मामा घर में रहता था मोहन हांसदा

मोहन और बोरोनिका की शादी वर्ष 2022 में क्रिश्चियन रीति रिवाज से हुई थी। मोहन अपने मामा घर पहाड़पुर में ही बोरोनिका को लेकर रहने लगा था। मोहन का मामा और नाना-नानी कोई जीवित नहीं हैं। बोरोनिका मूलरूप से गोपीकांदर थाना क्षेत्र के ही दीघा पर्वत की रहने वाली थी। मोहन का बड़ा भाई अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंगारसी गांव में रहता है। जबकि मोहन की एक बहन सुरुजमुनी की शादी पहाड़पुर गांव में ही हुई है।

## पेज 1 का शेष

### राम मंदिर की तरह...

इस शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। तपोवन मंदिर के निर्माण में करीब 50 हजार घन फीट पत्थर का उपयोग किया जा रहा है, जो इसकी भव्यता को चार चांद लगायेगा। खास बात यह है कि मंदिर के निर्माण में उपयोग होने वाले सफेद संगमरमर राजस्थान के प्रसिद्ध मकराना से लाया गया है। इस संगमरमर का ताजमहल में भी इस्तेमाल किया गया था। नागर शैली की पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक तकनीकों का यह अनूठा संगम मंदिर को न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनायेगा। आने वाले समय में यह रांची का एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण भी बनकर उभरेगा। करीब 100 करोड़ की लागत इस पर आयेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। मौके पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जब अयोध्या में श्री राम मंदिर बना तो सभी को लगने लगा था कि रांची में भी ऐसा मंदिर बनना चाहिए। प्रभु की प्रेरणा और आशीर्वाद से भक्त इसमें आगे बढ़े हैं, इसकी शुरूआत आज से हो गयी है।

## स्पीड न्यूज

### प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन के तहत हों विस चुनाव: शुभेंदु

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद में हाल ही में भड़की हिंसा को लेकर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। वर्ष 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अगले वर्ष अप्रैल-मई में होने हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मूक दर्शक बनी रही, जबकि भीड़ ने कई इलाकों में जमकर उत्पात मचाया। जहां भी हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां उन्हें मतदान से रोका जाता है।

### जाति जनगणना कराने के साथ एसएसी एसटी उप-योजना फिर लागू करे सरकार : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। श्री खरगे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को यहां जारी बयान में कहा ह्लसंविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती आज है। आज के दिन मैं काँग्रेस पार्टी की तरफ से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएँ बना रही है। साल 2021 में होनेवाली जनगणना का अभी तक पता नहीं। हम मांग करते हैं कि जनगणना के साथ-साथ ये भी जरूरी है कि जाति जनगणना कराया जाए। क्योंकि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम है कि आज समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है।

### थ्रिलर ड्रामा 'दायरा' में नजर आएंगी करीना



अभिनेत्री करीना कपूर हाल ही में फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। हमेशा की तरह इस फिल्म में भी उनके अभिनय को खूब सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। करीना के प्रशंसक काफी समय से उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे और अब उनका यह इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, करीना कपूर ने अपनी नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'दायरा' है ।

करीना कपूर की आने वाली फिल्म 'दायरा' में साउथ के जाने-माने अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन उनका साथ देंगे। यह पहली बार है, जब करीना और पृथ्वीराज बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

# डॉ. अंबेडकर ने वंचित समाज को समान अधिकार दिलाने का आजीवन संघर्ष किया : राष्ट्रपति

## पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने संसद भवन में बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बाबासाहेब की तस्वीर के साथ संदेश भी साझा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संदेश में कहा, भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर के जन्म दिवस पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अपने प्रेरणादायी जीवन में बाबासाहेब ने अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी विशेष पहचान बनाई और असाधारण उपलब्धियों से विश्व स्तर पर सम्मान अर्जित किया। संदेश में आगे कहा, विलक्षण क्षमताओं और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबासाहेब अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, न्यायविद और महान समाज सुधारक थे। वे समानता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने महिलाओं तथा पिछड़े और वंचित वर्गों को समान आर्थिक और सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

वे शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन मानते थे। विभिन्न क्षेत्रों में उनका अमूल्य योगदान भावी पीढ़ियों को राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, आइए, इस अवसर पर हम सब डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहां सामाजिक समरसता और समानता का आदर्श स्वरूप दिखाई दे। वहीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई प्रमुख नेता संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर एकत्र हुए और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के सैन्य छावनी (महू) में जन्मे डॉ. अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में उन्होंने संविधान की मसौदा समिति की अध्यक्षता की और बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में पहले कानून और न्याय मंत्री के रूप में कार्य किया।

डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निमार्ता को पुष्पांजलि अर्पित की और समारोह में मौजूद बौद्ध भिक्षुओं से आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी प्रेरणा से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ह्लसभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।

## हिसार-अयोध्या फ्लाइट को पीएम ने दिखाई हरी झंडी, कहा

# श्रीकृष्ण की भूमि, श्रीराम की भूमि से सीधे जुड़ गयी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार को पहले एयरपोर्ट की सौगात दी। उन्होंने एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और बटन दबाकर नए टर्मिनल का शिलान्यास भी किया। हरियाणावासियों को इस शुभ दिन की बधाई देते हुए उन्होंने कहा, ह्लयह शुरूआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। पीएम मोदी ने कहा, आज हरियाणा से अयोध्या धाम के लिए फ्लाइट शुरू हुई है। यानी अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि से सीधे जुड़ गई है। बहुत जल्द यहां से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। आज हिसार एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास भी हुआ है। यह शुरूआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। हरियाणा के लोगों को इस नई शुरूआत के लिए ढेर सारी बधाई देता हूं। मेरा आपसे वादा रहा है कि हवाई चप्पल



पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। प्रधानमंत्री ने एक आंकड़े की जुबानी आम लोगों की हवाई यात्रा की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, बीते दस सालों में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। हमने वहां भी नए एयरपोर्ट बनाए, जहां कभी अच्छे रेलवे स्टेशन तक नहीं थे। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, 70 साल में 74। आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है। पीएम मोदी ने अंबेडकर जयंती के खास अवसर पर लोगों को बधाई देते हुए कहा, ह्लआज का दिन हम सभी के लिए, पूरे देश के लिए और खासकर दलित, पीड़ित, वंचित, शोषित के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उनके जीवन में ये दूसरी दिवाली है। आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती है। उनका जीवन, उनका संघर्ष, उनका संदेश हमारी सरकार की 11 साल की यात्रा का प्रेरणा स्तंभ बना है। हर दिन, हर फैसला, हर नीति, बाबा साहेब अंबेडकर को समर्पित है। इससे पहले पीएम मोदी ने हिसार से अपने पुराने रिश्ते का जिक्र किया। बोले, ह्लखाटे जवान, खाटे खिलाड़ी, और थारा भाईचारा जो है हरियाणा की पहचान। हिसार से मेरी इतनी यादें जुड़ी हुई हैं। जब भाजपा ने मुझे हरियाणा की जिम्मेदारी दी थी, तो यहां अनेक साथियों के साथ मैंने लंबे समय तक काम किया। इन सभी साथियों के परिश्रम ने बीजेपी की हरियाणा में नींव को मजबूत किया है।

### सीएम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का 'लोगो' तथा मंडाविया ने किया 'शुभंकर' का अनावरण

## आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा व युवा प्रतिभाओं को करेगा प्रोत्साहित : नीतीश

**एजेंसी**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का अनावरण रिमोट के माध्यम से किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक खेल सॉन्ग लॉन्च किया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आज मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बिहार में आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का पटना में उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य में खेलों की बुनियादी संरचना को और मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का लोगो और केन्द्रीय श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का रिमोट के माध्यमसे अनावरण किया। इस मौके पर एक खेल सॉन्ग भी लॉन्च किया गया।

दरअसल, बिहार राज्य में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन हो रहा है। यह खेल 4 मई से 15 मई तक बिहार के पांच जिले पटना, नालंदा (राजगीर), गया, भागलपुर और बेगूसराय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 28 खेलों के लिए देशभर से 8 हजार 500 खिलाड़ी और 1500 टेक्निकल स्टाफ सहित कुल 10 हजार लोग भाग लेंगे।

बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रामुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को रवाना किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर ने मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन से संबंधित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

## केंद्र ने बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची समाप्तपटना, 14 अप्रैल (हि.स.)। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बिहार की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवासों का आवंटन कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है।पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी गई। इस योजना के शुरू होने से 2024-25 तक बिहार को 44 लाख 92 हजार 10 घर आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी, जिसका क्रियान्वयन राज्यों के सहयोग से किया जा रहा है।

इस पत्र में इस बात का खासतौर से उल्लेख किया गया है कि अतिरिक्त आवासों का आवंटन करने से प्रतीक्षा सूची को संतृप्त यानी पूरी कर दी गई है।

# मेहुल की गिरफ्तारी की पुष्टि हुई

## बेल्जियम ने कहा-भारत से मिला प्रत्यर्पण अनुरोध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/ ब्रसेल्स।** बेल्जियम की सरकार ने भी भगोड़े भारतीय कारोबारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को बताया कि चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया और अभी उसे हिरासत में रखा गया है। बयान में कहा गया कि भारत ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध पेश किया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने मीडिया को बताया कि मेहुल चोकसी को कानूनी सलाहकार तक पहुंच सुनिश्चित की गई है। बयान में कहा गया कि बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा यह पुष्टि कर सकती है कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध प्रस्तुत किया है। जैसा कि व्यक्तिगत मामलों में मानक है, इस स्तर पर




कोई और जानकारी साझा नहीं की जा सकती है। चोकसी के प्रत्यर्पण के संबंध में पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने कहा कि मेहुल चोकसी का प्रत्यर्पण एक बेहतरीन निर्णय होगा, लेकिन इसमें लंबा समय लग सकता है। तहव्वुर राणा के अमेरिका से प्रत्यर्पण का उदाहरण देते हुए फैबियन ने कहा कि उसे लाने में 17 साल लग गए, इसलिए हमें चोकसी के मामले में भी जल्द ही ऐसा होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्यर्पण कार्यवाही में समय लगेगा और बाधाएं हो सकती हैं। चोकसी के बारे में कहा गया है कि वह अपनी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर प्रत्यर्पण को चुनौती देने जा रहा है। फैबियन ने बताया कि 2018 से चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक से अरबों रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हैं। हम उनका पीछा कर रहे हैं। फैबियन का कहना है कि कोई यह निश्चित रूप से नहीं कह सकता कि बेल्जियम सरकार उसे प्रत्यर्पित करेगी या नहीं, लेकिन भारत को इसके लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

चोकसी की गिरफ्तारी की रिपोर्ट के बाद उसके वकील विजय अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि अगर चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किया गया तो उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा।

## हिंदू समाज की एकता व समानता को समर्पित रहा आंबेडकर और हेडगेवार का जीवन : डॉ. भागवत

**एजेंसी**

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज देश डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा है और आज ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत कार्यालय केशव भवन का प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए कि डॉ. आंबेडकर और संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का पूरा जीवन हिंदू समाज की एकता एवं समानता के लिए समर्पित रहा। यह अलग बात है डॉ. आंबेडकर ने अंतिम दिनों में बौद्ध धर्म अपना लिया था, लेकिन एकता समानता एवं बंधुत्व से कभी विमुख नहीं हुए। संघ प्रमुख सोमवार को कानपुर में संघ के प्रांत कार्यालय के लोकार्पण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



पांच दिवसीय कानपुर प्रवास पर आए सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के विचार धारा पर काम कर रहा है और इसी विचारधारा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर भी कार्यरत रहे। एक बार डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि यह विचार हमने फ्रांसीसी क्रांति से नहीं लिया, बल्कि यह बुद्ध के विचार से अपनाया गया है। विषमता को जड़ से उखाड़ देने के रूप में बाइक के अगर बाबा साहब पैडल किक थे तो संघ भी स्टार्टर है। संघ एक जीवन व वातावरण है, संघ का काम सबको जोड़ने का है।

# भारतीय रेलवे ने 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन के साथ अधिक कमाई की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए परिचालन अनुपात में सुधार दर्ज किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। इसी के साथ आय में 2.65 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, यात्री राजस्व में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि माल ढुलाई आय में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय रेलवे (आईआर) ने अपने परिचालन अनुपात में सुधार किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन में दक्षता के स्तर को दशार्ता है। इसका मतलब है कि रेलवे ने 2024-25 के दौरान हर 100 रुपये कमाने के लिए 98.32 रुपये खर्च किए। वर्ष 2023-24 के दौरान परिचालन अनुपात 98.43 प्रतिशत रहा, क्योंकि रेलवे ने प्रत्येक 100 रुपये की कमाई पर 98.43



रुपये खर्च किए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे की लागत में कटौती के उपायों में जनशक्ति प्रबंधन और पटरियों का विद्युतीकरण शामिल है, जिससे भारी बचत हुई है, क्योंकि डीजल इंजनों से ट्रेन चलाना अधिक महंगा है। भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, क्योंकि वर्तमान में 80,000 किलोमीटर तक विस्तारित ट्रेनों के लिए 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता है, जो 2014 में केवल 31,000 किलोमीटर थी।

इसके अलावा, 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए 2014-15 से 2024-25 तक लगभग 23,000 किलोमीटर ट्रैक को अपग्रेड और सुधार किया गया है। आरक्षित श्रेणी में अधिक लोगों के यात्रा करने और माल ढुलाई में वृद्धि के साथ, भारतीय रेलवे ने वर्ष के दौरान आय में वृद्धि दर्ज की। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के बीच भारतीय रेलवे से कुल 715 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। डेटा से यह भी पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 में कुल यात्रियों में से 81 करोड़ ने एसी और स्लीपर क्लास के यात्रियों सहित आरक्षित श्रेणी से यात्रा की और 634 करोड़ अनारक्षित श्रेणी के यात्री थे। इसमें उपनगरीय यात्रा भी शामिल है, जो भारतीय रेलवे के कुल यात्रियों का 55 प्रतिशत से अधिक है और इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। इसी तरह, भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024 में हासिल 1,590.68 मीट्रिक टन की तुलना में 1,617 मिलियन टन (एमटी) से अधिक फ्रेट लोडिंग की। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.7 प्रतिशत या 26.70 मीट्रिक टन की वृद्धि है।

भारतीय रेलवे के कुल माल लदान मिश्रण में कोयला 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 822 मीट्रिक टन कोयला, 89 मीट्रिक टन कंटेनर, 51 मीट्रिक टन पेट्रोलियम और लगभग 50 मीट्रिक टन खाद्यान्न का परिवहन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू कंटेनरों में हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पुट्टी और चावल प्रमुख वस्तुएं हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में, घरेलू कोयले की लोडिंग में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू कंटेनरों की लोडिंग में 19.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह, उर्वरकों की लोडिंग में सालाना आधार पर 1.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय रेलवे द्वारा कोयले की अधिक लोडिंग के कारण, बिजली घरों में स्टॉक 57 मीट्रिक टन रहा।

